फाल्गुन कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 8 मार्च 2024
वर्ष-2, अंक 197, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा 16
रिंकू और काजोल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवे 2

## एक नजर

### आयोग ने स्थगित की पीसीएस प्री परीक्षा



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने 17 मार्च को होने वाली पीसीएस प्री परीक्षा को स्थगित कर दिया है। परीक्षा अब लोकसभा चुनाव के बाद होगी। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि परीक्षा जुलाई माह में संभावित है। गौरतलब है कि परीक्षा का विज्ञापन एक जनवरी 2024 को जारी किया गया था। इसमें 220 पदों के लिए 5,74,538 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था।

### दिल्ली विवि के कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के रामलाल आनंद कॉलेज को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद वहां दहशत फैल गई। दरअसल, कॉलेज के एक कर्मचारी के फोन पर बम होने की धमकी वाला संदेश आया था। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने कहा कि कर्मचारियों को सुबह 9:34 बजे व्हाट्सएप पर बम होने की धमकी वाला संदेश मिला था। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने के तुरंत बाद ही पुलिस की टीम एक एम्बुलेंस, बम निरोधक दस्ते और बम का पता लगाने वाले दल के साथ कॉलेज पहुंचीं और उसके बाद छात्रों और कर्मचारियों को वहां से बाहर निकाला गया। अधिकारी ने बताया कि कॉलेज में तलाश और जांच जारी है।

### कार्यवाही टालने के लिए हथकंडे अपना रहे आरोपी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक स्थानीय अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी के कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले के आरोपी कार्यवाही टालने के हथकंडे अपना रहे हैं। ईडी ने हिरासत की अवधि के दौरान पूछताछ की कार्यवाही की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग सहित सीसीटीवी फुटेज की एक प्रति सौंपे जाने को लेकर आरोपियों की अर्जी का विरोध करते हुए यह बात कही। केंद्रीय जांच एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश एमके. नागपाल के समक्ष आरोप लगाए और आरोपियों को मुकदमे में सहयोग करने और "उन्हें मुकदमे की शुरुआत और समापन में अनावश्यक देरी करने से रोकने" के निर्देश देने का अनुरोध भी किया।

## केंद्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता 4% बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

### कैबिनेट के फैसले



- इस बढ़ोत्तरी के बाद 50 प्रतिशत मिलेगा भत्ता
- 50 लाख कर्मियों 67.95 लाख पेंशनरों को लाभ

सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढोतरी करने का गुरुवार को निर्णय लिया जिसका लाभ करीब 50 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महंगाई भत्ता पहले से 46 प्रतिशत है और अब इस बढ़ोत्तरी से यह 50 प्रतिशत हो गया है। इसके मद्देनजर अब आवास भत्ते के साथ ही ग्रेच्युटी आदि में भी बढ़ोत्तरी होगी। अब आवास भत्ता नौ प्रतिशत से बढ़कर 10 प्रतिशत, 18 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत और 27 प्रतिशत से बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाएगा। इसके साथ ही ग्रेच्युटी की ऊपरी सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये कर दिया गया है। गोयल ने कहा कि महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी से सरकार पर 12868.72 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

### उज्ज्वला योजना पर जारी रहेगी 300 रु.सब्सिडी

सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 300 रुपए की सब्सिडी जारी रखने का निर्णय लिया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। योजना के तहत लाभार्थियों को हर साल 12 रिफिल तक प्रदान की जाने वाली 300 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी गई है।

## छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फांसी की सजा

### सोना खरीदने वाले सर्राफ को उम्रकैद, सुरेश शर्मा नगर में 10 साल पहले हुई थी घटना

विधि संवाददाता, बरेली

- आयकर इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान कर दी गई थी भाई-भाभी व मां की हत्या
- चार मार्च को ही अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार देकर भेज दिया था जेल
- शाहजहांपुर के चौक मोहल्ले का है सर्राफ, पांच लाख रुपये का जुर्माना भी डाला

**अमृत विचार :** सुरेश शर्मा नगर में आयकर विभाग के इंस्पेक्टर के घर में डकैती के दौरान उनके भाई-भाभी और मां की हत्या कर देने वाले छैमार हसीन गैंग के आठ सदस्यों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने गुरुवार को फांसी की सजा सुनाई।

इनमें दो महिलाएं हैं। लूटा गया सोना खरीदने वाले शाहजहांपुर के सुनार राजू वर्मा को उम्रकैद के साथ पांच लाख रुपये के जुर्माने की सजा दी गई है। अदालत ने इन सभी को चार मार्च को दोषसिद्ध होने के बाद जेल भेज दिया था। शहर को दहला देने वाली यह वारदात सन् 2014 में 22/23 अप्रैल की रात आयकर इंस्पेक्टर रविकांत मिश्रा के घर में हुई थी जिनकी तैनाती पीलीभीत में थी। पुलिस की विवेचना में सामने आए तथ्यों के मुताबिक छैमार गैंग के लोग पड़ोस के निर्माणाधीन मकान से होते हुए रविकांत के घर की छत पर चढ़े थे। सब्बल के जरिए खिड़की की ग्रिल निकालने बाद घर में दाखिल हुए। सबसे पहले उन्होंने सिर पर ईंट मारकर रविकांत की बुजुर्ग मां की हत्या की। इसके बाद भाई-भाभी को भी ईंट से सिर कुचलकर मार दिया। रविकांत मिश्रा की ओर से थाना बारादरी में दर्ज कराई गई एफआईआर में बताया गया था कि सुरेश शर्मा नगर स्थित घर से वह 21 अप्रैल 2014 सुबह नौ बजे ड्यूटी पर पीलीभीत गए थे। 23 अप्रैल की सुबह उन्होंने अपने परिजनों को फोन किया तो संपर्क नहीं हो पाया। पड़ोसियों से मेनगेट अंदर से बंद होने की बात पता चलने पर अनहोनी की आशंका हुई तो वह घर आए।

**इन्हें फांसी की सजा...:** बिथरी चैनपुर के गांव डेरा उमरिया निवासी हसीन, यासीन उर्फ जीशान, नाजिमा, हाशिमा, जुल्फाम और फहीम, शेरगढ़ के गांव कुड़ला नगरिया निवासी वाजिद और संभल के गांव बुकनाला निवासी समीर उर्फ साहिब उर्फ नफीस।

# बंदिशों के खत्म होने के बाद खुली हवा में सांस ले रहा कश्मीर : मोदी

### प्रधानमंत्री ने कहा-अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस ने देश को किया गुमराह

- करोड़ों की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास

श्रीनगर, एजेंसी



सभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में थे। इस दौरान उन्होंने 'विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर' कार्यक्रम के तहत करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया और एक जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर अनुच्छेद 370 पर न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को बल्कि पूरे देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के पर्व के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह आज खुलकर सांस ले रहा है। जम्मू-कश्मीर ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद की बेड़ियां तोड़ दी हैं। उन्होंने कहा कि ये वो नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू-कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू-कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है।

भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से प्रधानमंत्री की कश्मीर की यह पहली यात्रा है। करीब 5,000 करोड़ रुपये का समग्र-कृषि विकास कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित करने के बाद मोदी ने कहा कि वह श्रीनगर के लोगों के बीच आकर प्रफुल्लित हैं।

### कश्मीरी युवा के साथ ली सेल्फी और दोस्त कहा

**श्रीनगर।** कश्मीरी युवा नाजिम नजीर के लिए गुरुवार को यह सपने सच होने जैसा पल था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न केवल उनके साथ एक सेल्फी ली बल्कि उन्हें अपना 'दोस्त' भी कहा। नजीर ने एक सफल मधुमक्खी पालन इकाई स्थापित की हुई है। वह उन युवाओं में से एक थे जिन्हें बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री की सार्वजनिक रैली के बाद मोदी के साथ बातचीत करने का अवसर मिला था। प्रधानमंत्री ने बाद में नजीर के साथ ली गई सेल्फी को पोस्ट करते हुए एक ट्वीट भी किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा कि मेरे दोस्त नजीर के साथ एक यादगार सेल्फी। मैं उनके अच्छे काम से बेहद खुश हूं। जनसभा के बाद उन्होंने एक सेल्फी का अनुरोध किया और मुझे उनसे मिलकर खुशी हुई।

## सपा विधायक इरफान सोलंकी के घर समेत छह ठिकानों पर ईडी का छापा

### भाई-पिता के अलावा सपा नेत्री नूरी शौकत, हाजी वसी के घर भी छानबीन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- विधायक के घर से मिले 26 लाख नकद, आय बिना 282 प्रतिशत संपत्ति बढ़ने के साक्ष्य
- टीम इरफान के घर ले गई थी फोटो कॉपी और कटर मशीन तिजोरी, लॉकर काटे गए

**अमृत विचार :** सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी के जाजमऊ डिफेंस कालोनी स्थित आवास पर गुरुवार सुबह 5.30 बजे लखनऊ से आई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापेमारी की। इरफान के भाई रिजवान सोलंकी, साथी और जमीनों के कारोबार में साझीदार बिल्डर हाजी वसी और सपा नेत्री नूरी शौकत के घरों समेत कुल छह ठिकानों पर छापेमारी की गई। इरफान की आय में बढ़ोत्तरी हुए बिना संपत्ति में 282 प्रतिशत वृद्धि के साक्ष्य मिले हैं। विधायक के घर से 26 लाख रुपये नकद बरामद हुए हैं। जबकि बैंक अकाउंट से साढ़े 12 करोड़ रुपये का ब्योरा मिला है। आयकर रिटर्न में उन्होंने छह लाख रुपये की औसत आय दिखाई थी। वसूली, सरकारी और निजी संपत्तियों समेत नजूल की जमीनों पर कब्जा, अवैध निर्माण के साथ ही मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत जांच शुरू की गई है।

सपा विधायक इरफान सोलंकी डिफेंस कालोनी निवासी नजीर फातिमा के प्लॉट पर तोड़फोड़ और आगजनी, फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा करने, बांग्लादेशी डॉ रिजवान को भारतीय नागरिकता देने समेत कई अन्य मामलों में पिछले एक वर्ष से महराजगंज जेल में बंद हैं। विधायक पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई थी। गुरुवार सुबह एक साथ 40 से ज्यादा गाड़ियों से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमें शहर पहुंचीं। उनके साथ सीआरपीएफ के जवान थे। आठ से ज्यादा गाड़ियों से ईडी अधिकारी जाजमऊ डिफेंस कालोनी स्थित इरफान सोलंकी के घर पहुंचे और दस्तावेजों को खंगालना शुरू किया। किसी को अंदर-बाहर आने-जाने नहीं दिया गया।

छापेमारी के दौरान आई घर की नौकरानी और दूध वाले को वापस कर दिया गया। आवास पर विधायक के परिजन मौजूद नहीं थे। घर में सिर्फ नौकर थे, जिनसे टीम ने पूछताछ कर छानबीन शुरू की। आवास के सीसीटीवी कनेक्शन काट दिए गए। नौकरों के फोन ले लिए गए। ईडी के सदस्य आवास के भीतर फोटो कॉपी मशीन और कटर मशीन ले गए। कटर मशीन से तिजोरी और लॉकर काटने की चर्चा रही। इरफान सोलंकी के पुराने मकान पेंचबाग में भी छापा मारा गया। ईडी की दूसरी टीम इरफान के पिता स्व. हाजी मुश्ताक सोलंकी और भाई रिजवान सोलंकी के घर पहुंची।

ईडी के सदस्यों ने घर के बाहर खड़ी गाड़ियों की तलाशी के साथ ही घर की नापजोख की। इसके अलावा प्रवर्तन निदेशालय की दो अलग-अलग टीमों ने ग्वालटोली स्थित सपा नेत्री नूरी शौकत और नई सड़क दंगे के मास्टरमाइंड हाजी वसी के घर छापेमारी की। हाजी वसी हमराज कंस्ट्रक्शन के निदेशक हैं जिसमें इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी डॉयरेक्टर थीं। इस कंपनी के जरिये करोड़ों का हेरफेर किए जाने का आरोप है। देर शाम तक छह स्थानों पर ईडी की पूछताछ और कार्रवाई जारी थी।

## तौकीर रजा प्रकरण : बरेली पुलिस को शांति व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 11 मार्च को मामले में सुनवाई से पहले धार्मिक नेताओं से बातचीत के निर्देश

**अमृत विचार :** मौलाना तौकीर रजा खान से जुड़े मामलों पर शासन भी नजर बनाए हुए है। इस प्रकरण में न्यायिक कार्यवाहियों का संज्ञान लिया जा रहा है। राज्य गृह विभाग की ओर से मुख्यमंत्री को ब्रीफिंग भी की गई है।

ऐसे में बरेली पुलिस-प्रशासन से शांति-व्यवस्था बहाल रखते हुए तौकीर केस की 11 मार्च को होने जा रही अगली सुनवाई से पहले कानून व्यवस्था बनाए रखने की हिदायत दी गई है। साथ ही सभी धर्मगुरुओं से संपर्क बनाए रखने की भी उम्मीद की गई है। बुधवार को बरेली कोर्ट ने मौलाना तौकीर रजा को 2010 की सांप्रदायिक हिंसा का मास्टरमाइंड करार दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि सत्ता के पदों पर बैठे लोगों को धार्मिक व्यक्ति होना चाहिए। उदाहरण के तौर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लेकर प्रशंसा की। कोर्ट ने कहा कि एक धार्मिक व्यक्ति का जीवन त्याग और समर्पण का प्रतीक होता है, न कि विलासिता में जीने का। दरअसल, पिछले दिनों भी तौकीर रजा ने उत्तराखंड में सीएए लागू होने के बाद बरेली में समर्थकों के साथ प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया था। इस बीच लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में सीएए कानून लागू होने की संभावनाओं को देखते हुए सुरक्षा व शांति बनाए रखने को लेकर यूपी पुलिस पूरी तरह तैयार है। बुधवार को ही पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए हमारे पास डंडा भी है और डेटाबेस भी। डीजीपी ने कहा कि, हमारी तैयारी हमारी ट्रेनिंग का पार्ट है, हम ट्रेनिंग में इतना पसीना बहा रहे हैं कि खून बहाने की नौबत नहीं आएगी। हमारी फील्ड फोर्स, हमारे उपकरण किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

## लश्कर सदस्य कासिम को घोषित किया आतंकवादी

नई दिल्ली, एजेंसी



- गृह मंत्रालय ने की कार्रवाई कई आतंकी हमलों में रहा शामिल

केंद्र. सरकार ने कई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर को गुरुवार को आतंकवादी घोषित कर दिया। सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी गुज्जर कई आतंकी हमलों और भारत के खिलाफ युद्ध की साजिश में संलिप्त रहा है। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया कि देश की एकता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से कठोरता से निपटा जाएगा।

एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान कई तरह की आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल रहा है, जिसमें सीमा पार से हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक उपकरण और नकदी गिराने के लिए ड्रोन के समन्वय, आपूर्ति, स्थानों की पहचान करना शामिल है।

## रिटायर्ड आईएएस राज प्रताप सिंह बने राज्य निर्वाचन आयुक्त



**लखनऊ।** रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राज प्रताप सिंह को नया राज्य निर्वाचन आयुक्त पंचायती राज व स्थानीय निकाय बनाया गया है। राज्य सरकार की संस्तुति पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने छह साल के लिए नियुक्ति की है। शासन की ओर से गुरुवार को जारी अधिसूचना के बाद आरपी सिंह ने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर अभी मनोज कुमार तैनात थे। उनका कार्यकाल 17 जनवरी 2024 को समाप्त हो गया था।

## पूर्व डीजीपी राजकुमार बने राज्य मुख्य सूचना आयुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 10 नए सूचना आयुक्तों की भी नियुक्ति

**अमृत विचार :** रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी व पूर्व कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक राजकुमार विश्वकर्मा नए राज्य मुख्य सूचना आयुक्त बनाए गए हैं। इसके अलावा 10 नए राज्य सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की गई है।

शासन द्वारा गुरुवार को जारी किए गए आदेश के अनुसार नए सूचना आयुक्तों में सुधीर कुमार सिंह, गिरजेश कुमार चौधरी, डॉ. दिलीप कुमार अग्निहोत्री, पदुम नारायण द्विवेदी, स्वतंत्र प्रकाश, मोहम्मद नदीम, राजेंद्र सिंह, शकुंतला गौतम, राकेश कुमार व वीरेंद्र प्रताप सिंह शामिल हैं। राज कुमार विश्वकर्मा 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। डीएस चैहान के बाद उन्हें कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक बनाया गया था। मूल रूप से जौनपुर के रहने वाले विश्वकर्मा सपा सरकार में आईजी कानून-व्यवस्था, पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के महानिदेशक और चेयरमैन का पद भी संभाल चुके हैं। सूचना आयुक्तों का कार्यकाल तीन वर्ष के लिए है।

## यूको बैंक घोटाला मामले में सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजस्थान-महाराष्ट्र के 7 शहरों में 67 जगहों पर कार्रवाई

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने यूको बैंक में 820 करोड़ रुपये के आईएमपीएस घोटाले के संबंध में राजस्थान और महाराष्ट्र के सात शहरों में 67 स्थानों पर तलाशी ली है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह मामला 8,53,049 से अधिक आईएमपीएस (तत्काल भुगतान प्रणाली) लेन-देन से संबंधित है जो पिछले साल 10 नवंबर से 13 नवंबर के बीच बैंक में हुए थे। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि सात निजी बैंकों के लगभग 14,600 खाताधारकों से शुरू किए गए आईएमपीएस आवक लेन-देन को यूको बैंक के 41,000 से अधिक खाताधारकों के खातों में गलत तरीके से पोस्ट किया गया था। इसके परिणामस्वरूप 820 करोड़ रुपये मूल बैंकों से वास्तविक डेबिट किए बिना यूको बैंक खातों में जमा किए गए थे।

अधिकारियों ने कहा कि बुधवार को राजस्थान और महाराष्ट्र में तलाशी उन लोगों पर केंद्रित थी, जिन्होंने पैसे प्राप्त किए और बैंक को वापस करने के बजाय इसे निकाल लिया।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

**व्यापारिक कर्ज में डूबे ससुराल को मुसीबत से बाहर निकाला, लंदन तक भेजा उत्पाद**

## कभी घर-घर जाकर लेती थीं ऑर्डर, आज दो फैक्ट्रियों की एमडी

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

### संघर्ष की मिसाल



- महिला होने के नाते लोग मारते थे ताने आज दे रहीं 150 लोगों को रोजगार

**अमृत विचार :** जमीन से आसमान तक का सफर मुसीबतों के बीच तय करके मुकाम बनाना हर किसी के बस में नहीं होता। महिला उद्यमी ममता शुक्ला की कहानी एक ऐसी ही संघर्ष गाथा है। एक वक्त था जब वे एक अदद ऑर्डर के लिए दरवाजे-दरवाजे दस्तक देती थीं, आज शहर में दो बड़ी फैक्ट्रियों की मालिक हैं। उन्होंने ससुराल पर चढ़ा व्यापारिक कर्ज तो उतारा ही समाज के तानों की परवाह न करते हुए खुद को साबित भी किया।

उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि कारोबार संभालने में कभी रुचि नहीं थी। वे पर्दे वाली बहू थीं, जिसका दायरा काफी सीमित था। 1988 में पति डॉ. प्रदीप शुक्ला ने 'पारुल होम्योलैब' नाम से फर्म शुरू की। दो साल बाद इस फर्म की वजह से कर्ज हो गया। बैंक में मकान तक गिरवी हो गया। 1991 आते-आते कारोबार भी ठप हो गया। परिवार की हालत देखकर उन्होंने अपनी सास से कारोबार दोबारा शुरू करने की इच्छा जताई। सास विंदेश्वरी शुक्ला ने उनका हौसला बढ़ाया। इस पर उन्होंने दोबारा कारोबार शुरू करने की ठानी। होम्योपैथिक दवाइयां और उसमें इस्तेमाल होने वाली स्वीट पिल्स 'सफेद छोटी गोलियां' का कारोबार दोबारा शुरू किया।

90 के दशक में घर की बेटियों और बहुओं का कामकाज करना समाज में कम ही था। ऐसे में उन्होंने शहर से बाहर जाकर ऑर्डर लाने का निर्णय लिया। शुरुआत प्रयागराज से की। वहां पर होम्योपैथिक डॉक्टरों के घर-घर जाकर ऑर्डर लिए। वह पैदल और ऑटो से पूरा शहर घूमती थीं। उद्यमी ममता शुक्ला ने बताया कि उस वक्त मार्केटिंग में महिलाएं बहुत कम थीं। बाजार में कई बार लोग ताने मारते थे। लोगों को भरोसा नहीं होता था इसलिए उधार कच्चा माल कोई व्यापारी नहीं देता था। बमुश्किल इलाहाबाद से ऑर्डर मिले जिससे आत्मविश्वास बढ़ा। ऑर्डर मिलने के बाद उत्पाद की पैकिंग खुद अपने हाथों से करती थीं। बच्चे छोटे थे तो उनकी देखभाल और घर की भी जिम्मेदारी भी थी।

बाजार में कुछ समय गुजारने के बाद उन्होंने पाया कि कम रेट में बेहतर क्वालिटी से उनका उत्पाद लोगों और डॉक्टर के बीच चर्चित हो रहा है। इसी मंत्र को वे आज तक कायम रखे हैं। धीरे-धीरे कारोबार बढ़ा और बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम सहित अन्य राज्यों में उनके उत्पाद जाने लगे। अब वे उत्पाद पनकी की दो फैक्ट्री में बनवाती हैं। एक में 'स्वीट पिल्स' और दूसरी में होम्योपैथिक दवाइयां बनाई जाती हैं।

वर्ष 1999 में उन्होंने उत्पादों को लंदन तक भेजा। दो साल तक विदेश में कारोबार करने के बाद उन्होंने भारतीय बाजार की ओर रुख किया। अब दोबारा निर्यात की योजना बना रहीं हैं। महिला उद्यमी ने बताया कि उनके संघर्ष में बड़े बेटे की अहम भूमिका रही। बड़ा बेटा अमित शुक्ला 14 वर्ष की उम्र में उनके साथ सड़क पर घूमता था। उन्हें दुख है कि इस वजह से वह सेना में जाने का सपना पूरा नहीं कर पाया। मेधावी होने के बाद भी सिर्फ बीकॉम तक ही पढ़ाई कर सका।

# कार्तिक खत्म करेंगे आईपीएल करियर अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला जल्द

**धर्मशाला, एजेंसी**



भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के सत्र में अंतिम बार खेलने की तैयारी में हैं और इसके बाद अपने अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर से खेलने वाले कार्तिक 2008 से आईपीएल के सभी 16 सत्र में खेले हैं। 16 सत्र में वह सिर्फ दो मैच नहीं खेले बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि 2024 सत्र उनका (दिनेश कार्तिक का) आखिरी होगा। वह आईपीएल के बाद अंतर्राष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। आईपीएल में कार्तिक ने लीग में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। वह 2008 में दिल्ली के साथ शुरुआत करने के बाद 2011 में पंजाब से जुड़े। वह अगले दो सत्र मुंबई से खेलने के बाद 2014 में 12.5 करोड़ की राशि पर दोबारा दिल्ली से जुड़े। आरसीबी ने उन्हें 2015 में 10.5 करोड़ में अनुबंधित किया। वह 2016 और 2017 में गुजरात से खेले और फिर 4 सत्र तक कोलकाता का हिस्सा रहे। उनकी अगुआई में 2018 में कोलकाता आईपीएल प्ले ऑफ में पहुंची और टीम 2019 में अंक तालिका में पांचवें स्थान पर रही। 2022 से पहले कार्तिक को केकेआर ने रिलीज कर दिया था और आरसीबी ने उन्हें साढ़े पांच में खरीदा था। उन्होंने आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन किया। कार्तिक ने 16 मैच में 55 की औसत और 183.33 के स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए और टीम को प्ले ऑफ में पहुंचाने में भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन से कार्तिक ने ऑस्ट्रेलिया में हुए आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह उम्मीद के मुताबिक नहीं खेल सके।

# आईपीएल बेहद लोकप्रिय, लेकिन टेस्ट क्रिकेट ही जीवन: अश्विन

## मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप पाने के बाद भावुक हुए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन

**धर्मशाला, एजेंसी**



भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से गुरुवार को अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप प्राप्त करने के बाद रविचंद्रन अश्विन भावुक हो गए। इस ऑफ स्पिनर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट जीवन के सबसे करीब है। इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट के साथ इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अश्विन ने टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट का समर्थन किया।

अश्विन ने कहा कि आईपीएल बेहद लोकप्रिय है, बहुत सारे बच्चे टी-20 खेलना और आईपीएल में जाना चाहते हैं। मैं सचमुच चाहता हूं कि वे वहां पहुंचें, लेकिन याद रखें, यह प्रारूप (टेस्ट) कई चीजों में है जो जीवन आपको नहीं सिखाएगा। मुझे लगता है कि टेस्ट ही जीवन है। यह जीवन के सबसे करीब है। यह आपको सामंजस्य बैठाना, दबाव से निपटना सिखाएगा। 2011 में टेस्ट पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने पिता रविचंद्रन की भी सराहना की। अश्विन ने कहा कि यह काफी भावनात्मक क्षण है। सिर्फ मेरे लिए नहीं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो भावनाओं से ज्यादा हिल जाएंगे, लेकिन आज चेन्नई में बैठे एक व्यक्ति के लिए बेहद भावनात्मक क्षण है। दुर्भाग्य से वह यहां नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि पहला दिन (बचपन में क्रिकेटर के रूप में), अब भी मुझे बहुत स्पष्ट याद है, मैं अपनी किट पेट्रोल टैंक के सामने रख देता था और फिर वह मुझे बाइक पर बैठाते थे और कोचिंग के लिए ले जाते थे। एक सरकारी कर्मचारी (उनके पिता) अपने बेटे को जीवन में मीलों आगे ले जाना चाहता था, उन्होंने सोचा था कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगा। उन्होंने मुझे मेरी मां और निश्चित रूप से मेरे दादाजी की मदद से यहां पहुंचाया। संघर्ष के दौर में उनकी पत्नी प्रीति ने उनका काफी समर्थन किया। अश्विन को कैप सौंपने के बाद द्रविड़ ने कहा कि तमिलनाडु का यह क्रिकेटर इस क्षण का हकदार था। आपने टीम को ईमानदारी से सब कुछ दिया है और आज आपका 100वां टेस्ट है। यह एक यात्रा थी जो चेन्नई की सड़कों से शुरू हुई थी। यह आपके परिवार के बिना संभव नहीं होता। उन्हें भी बधाई। आप इस लम्हे के हकदार हैं। आपसे बात करना सौभाग्य की बात रही। एक कोच के रूप में आपके साथ काम करना सौभाग्य की बात है। और बेशक यह कैप आपको सौंपना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

## खेल डायरी

### स्टिमक ने फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** चोट के कारण एशियाई कप टीम से बाहर हुए सेंट्रल डिफेंडर अनवर अली और मिडफील्डर जैकसन सिंह को गुरुवार को महीने के अंत में अफगानिस्तान के खिलाफ भारत के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड 2 मैच के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया। अफगानिस्तान के खिलाफ भारत 21 मार्च को सऊदी अरब के आभा में और फिर 26 मार्च को गुवाहाटी में मैच खेलेगा। अफगानिस्तान के घरेलू मैच देश से बाहर कराए जा रहे हैं। मोहन बागान सुपर जायंट्स के खिलाड़ी अली पिछले साल टखने की चोट से खेल से बाहर रहे, जिससे वह इस साल जनवरी में एशियाई कप में नहीं खेल सके। पिछले महीने भी उन्हें इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के दौरान चोट लग गयी थी जो इतनी गंभीर नहीं थी। जैकसन की पिछले साल नवंबर में बाएं कंधे की सर्जरी हुई थी। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी आईएसएल टीम के लिए वापसी की है। विंगर आशिक कुरूनियन की अभी चोट ठीक नहीं हुई है जो उन्हें सितंबर में लगी थी इसलिए उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया।

### गुकेश जीते, प्रज्ञानानंदा ने बार्टेल से बाजी ड्रॉ की

**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने गुरुवार को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में आठवें दौर में जर्मनी के विन्सेंट केमेर को शिकस्त दी, लेकिन आर प्रज्ञानानंदा को पोलैंड के मातेयूज बार्टेल ने बराबरी पर रोक दिया। उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव का विजयी अभियान जारी रहा और उन्होंने ईरान के परहम माघसूदलू को हराकर एक दौर शेष रहते ही खिताब जीत लिया। अब्दुसत्तोरोव के छह अंक हो गए हैं और उन्होंने 1.5 अंक की विजयी बढ़त बना ली है। यहां इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उज्बेकिस्तान का यह ग्रैंडमास्टर विश्व रैंकिंग में भी चौथे स्थान पर पहुंच गया है। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय विदित गुजराती ने भी रोमानिया के रिचर्ड रेपोर्ट के साथ ड्रॉ खेला।

### नडाल के हटने के बाद नागल इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में

**इंडियन वेल्स।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने स्पेन के महान खिलाड़ी रफेल नडाल के बीएनपी परिबास ओपन से हटने पर लकी लूजर के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। शीर्ष स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं होने का हवाला देकर नडाल टूर्नामेंट से हट गए। नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे, लेकिन उस ड्रॉ में शीर्ष खिलाड़ी होने से उन्हें मुख्य ड्रॉ में जगह मिली। वह अभी एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर हैं। नागल पहले दौर में 2016 विंबलडन के फाइनल में जगह बनाने वाले मिलोस राओनिक से भिड़ेंगे। नागल ने एक्स पर लिखा कि इंडियन वेल्स के साथ एटीपी मास्टर्स 1000 में पदार्पण करने को लेकर रोमांचित हूं। इससे पहले नडाल ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

### युवाओं और जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा से नौकरी अच्छा विचार नहीं: तेजस्विन



**नई दिल्ली।** भारत के ऊंची कूद के शीर्ष खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने खेलो इंडिया के पदक विजेताओं को सरकारी नौकरियों के लिए पात्र बनाने के खेल मंत्रालय के फैसले पर सवाल उठाया है और कहा है कि इससे खिलाड़ी 'अनुचित तरीके' अपनाने के लिए प्रेरित हो सकते हैं क्योंकि यह नीति लगातार अच्छे प्रदर्शन की जगह एकल उपलब्धि को पुरस्कृत करती है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को घोषणा की कि खेलो इंडिया खेलों- युवा, विश्वविद्यालय, पैरा और शीतकालीन खेल- के पदक विजेता संशोधित मानदंडों के अनुसार सरकारी नौकरियों के लिए पात्र होंगे। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऊंची कूद में कांस्य और पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में डेकाथलन में रजत पदक जीतने वाले तेजस्विन इस फैसले से खुश नहीं थे लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि उनके विचारों को अलोकप्रिय राय माना जा सकता है। तेजस्विन ने 'एक्स' पर लिखा कि अगर हम एक खेल महाशक्ति बनना चाहते हैं तो हमें युवाओं/जूनियर खिलाड़ियों को खेल कोटा के तहत नौकरियों देने को सामान्य नहीं बना सकते। एक मानदंड होना चाहिए, जैसे राष्ट्रीय स्तर पर तीन साल तक लगातार पदक जीतना या राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष आठ में पांच साल रहना आदि।

# कुलदीप-अश्विन ने इंग्लैंड को 218 पर समेटा, भारत मजबूत

## यादव ने 5 और रविचंद्रन ने लिए 4 विकेट, भारतीय बल्लेबाजों ने पहले दिन बनाए 135 रन

**धर्मशाला, एजेंसी**





बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव के 5 और 100वां टेस्ट खेल रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के 4 विकेट से इंग्लैंड को 218 रन पर समेटने के बाद भारत ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन एक विकेट पर 135 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

कप्तान रोहित शर्मा (83 गेंद में नाबाद 52, 6 चौके, 2 छक्के) और यशस्वी जायसवाल (58 गेंद में 57 रन, 4 चौके, 3 छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। दिन का खत्म होने पर शुभमन गिल 26 रन बनाकर रोहित का साथ निभा रहे थे। भारत अब इंग्लैंड से सिर्फ 83 रन पीछे है जबकि उसके 9 विकेट शेष हैं। कुलदीप (72 रन पर 5 विकेट) ने पहले पारी में चौथी बार 5 या इससे अधिक विकेट लेते हुए इंग्लैंड के शीर्ष और मध्य क्रम को समेटा तो वहीं अश्विन (51 रन पर 4 विकेट) ने निचले क्रम को ध्वस्त किया। रविंद्र जडेजा ने भी 17 रन देकर एक विकेट लिया, जिससे सभी विकेट स्पिनरों के खाते में गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली (108 गेंद में 79 रन, 11 चौके और 1 छक्का) शीर्ष स्कोरर रहे। अश्विन की तरह 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (18 गेंद में 29 रन), बेन डकेट (27), जो रूट (26) और बेन फोक्स (24) अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत को रोहित और जायसवाल ने शानदार शुरुआत दिलाई। रोहित ने मार्क वुड पर चौके से खाता खोला। रोहित को 20 रन पर जेम्स एंडरसन की गेंद पर मैदानी अंपायर ने विकेट के पीछे कैच आउट दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें फैसला बदलना पड़ा क्योंकि गेंद पैड से टकराई थी। जायसवाल ने ऑफ स्पिनर शोएब बशीर का स्वागत 4 गेंद में 3 छक्कों से किया। जायसवाल ने बशीर पर दो चौकों के साथ 56 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और 21वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। वह अगली गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में फोक्स के हाथों स्टंप हो गए। रोहित ने भी बशीर की गेंद पर 1 रन से 77 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले कुलदीप ने भारत को वापसी दिलाई। मेहमान टीम ने 175 रन पर 3 विकेट गंवाए। इंग्लैंड का स्कोर 3 पर 175 रन से 6 पर 175 रन हो गया। इंग्लैंड ने दूसरे सत्र में 94 रन जोड़कर 6 विकेट गंवाए। भारत अगर डीआरएस लेता तो कुलदीप को सत्र की दूसरी गेंद पर क्राउली का विकेट मिल जाता। कुलदीप को हालांकि इंतजार नहीं करना पड़ा और उन्होंने ऑफ साइड से तेजी से अंदर की ओर स्पिन होती गेंद पर क्राउली का लेग स्टंप उखाड़ दिया। बेयरस्टो दो छक्के और दो चौके के बाद कुलदीप की गुगली पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच दे बैठे। इस समय टीम का स्कोर 4 पर 175 रन था। जडेजा ने इसके बाद रूट और कुलदीप ने स्टोक्स (0) को पगबाधा किया। इन तीनों ने डीआरएस लिए और तीनों गंवा दिए। अश्विन ने तीन गेंद में टॉम हार्टले (6) और मार्क वुड (0) को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर 8 पर 183 रन किया। चाय के बाद अपने दूसरे ओवर में फोक्स (24) और एंडरसन (0) को 4 गेंद में आउट करके इंग्लैंड की पारी को समेटा। सुबह के सत्र में क्राउली ने अर्धशतक जड़ा और लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 2 विकेट पर 100 रन तक पहुंचाया।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड (पहली पारी)** 218/10 (57.4 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्राउली बो कुलदीप | 79 | 108 | 11/1 |
| बेन डकेट का गिल बो कुलदीप | 27 | 58 | 4/0 |
| ओली पोप स्टं जुरेल बो कुलदीप | 11 | 24 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो जडेजा | 26 | 56 | 4/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का जुरेल बो कुलदीप | 29 | 18 | 2/2 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स बो अश्विन | 24 | 42 | 3/0 |
| टॉम हार्टले का पडिक्कल बो अश्विन | 06 | 09 | 1/0 |
| मार्क वुड का रोहित बो अश्विन | 00 | 02 | 0/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 11 | 22 | 2/0 |
| एंडरसन का पडिक्कल बो अश्विन | 00 | 03 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 5, **विकेट पतन:** 1-64, 2-100, 3-137, 4-175, 5-175, 6-175, 7-183, 8-183, 9-218, 10-218, **गेंदबाजी:** बुमराह 13-2-51-0, सिराज 8-1-24-0, अश्विन 11.4-1-51-4, कुलदीप 15-1-72-5, जडेजा 10-2-17-1

**भारत (पहली पारी)** 135/1 (30 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी स्टं फोक्स बो बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित शर्मा नाबाद | 52 | 83 | 6/2 |
| शुभमन गिल नाबाद | 26 | 39 | 2/2 |

**अतिरिक्त:** 0, **विकेट पतन:** 1-104, **गेंदबाजी:** एंडरसन 4-1-4-0, वुड 3-0-21-0, हार्टले 12-0-46-0, बशीर 11-2-64-1

### तोक्यो के कांस्य को पेरिस में स्वर्ण में तब्दील करना है लक्ष्य : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक को पेरिस में स्वर्ण पदक में बदलने का है। रिकॉर्ड 8 बार की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय टीम ने 2021 में तोक्यो में कांस्य पदक के प्लेऑफ में 1-3 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जर्मनी को 5-4 से हराकर 41 साल के ओलंपिक पदक के सूखे को समाप्त किया था। भारत ने पिछला ओलंपिक स्वर्ण पदक 1980 में मास्को में जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि तोक्यो में कांस्य जीतना यादगार पल रहा और हम उसी लय को पेरिस तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शुरू में हमारा ध्यान एक समय में एक कदम उठाने का होगा, ग्रुप चरण से अगले दौर में पहुंचने और क्वार्टरफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा।

# राजेश्वरी को दिल्ली में यूपी से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



यूपी वारियर्स की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ को अपनी टीम से बेहतर प्रदर्शन का भरोसा है जो डब्ल्यूपीएल में 5 में 3 मैच हार चुकी है। राजेश्वरी को उम्मीद है कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ अरुण जेटली स्टेडियम का विकेट बेहतर होगा जिससे उनकी टीम को मदद मिल सकती है। राजेश्वरी ने कहा कि दिल्ली का विकेट धीमा था और बेंगलुरू में पहले दो मैचों में भी ऐसा ही लगा, लेकिन मुझे लगता है कि जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा यहां का विकेट बेहतर होगा। हम वहां सकारात्मक मानसिकता के साथ उतरेंगे और मैच जीतने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि भले ही हम दो मैच हार गए हैं लेकिन हमने अच्छी वापसी की है। यूपी की टीम इस समय चार अंक के साथ चौथे स्थान पर है। संयुक्त राष्ट्र की इकाई संयुक्त राष्ट्र वुमेन ने हाल ही में यूपी वारियर्स को 'पीढ़ी समानता सहयोगी' के रूप में स्वीकार किया है। इस बीच राजेश्वरी की टीम के साथी और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ग्रेस हैरिस ने कहा कि डब्ल्यूपीएल में कोई प्रबल दावेदार टीम नहीं है। हैरिस ने दीवारों पर मनमोहक चित्रों से लैंगिक समानता का संदेश फैलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र वुमेन और यूपी वारियर्स के साथ जुड़ गईं। हैरिस ने देर रात तक खेलने के आदी नहीं हैं, लेकिन उन्होंने प्रतिस्पर्धी प्रकृति के प्रति प्यार व्यक्त किया।

### दीप्ति के साथ खेलना बहुत अच्छा: एकलेस्टोन



**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय टी-20 रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज होने के बावजूद इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एकलेस्टोन साझेदारी में गेंदबाजी करने में विश्वास रखती हैं और मौजूदा महिला लीग में भारत की दीप्ति शर्मा के साथ अपनी जोड़ी का आनंद ले रही हैं। इस जोड़ी ने यूपी वारियर्स के लिए अच्छा काम किया है। एकलेस्टोन ने कहा कि दीप्ति के साथ खेलना वाकई बहुत अच्छा है... उसके साथ खेलने, विचारों को एक साथ रखने के लिए बेहद उत्साहित हूं और उम्मीद है कि हम अपनी टीम के लिए मैच जीतेंगे। यूपी की टीम ने लय हासिल करने के बाद दो मैच जीते हैं। उन्होंने शुक्रवार को होने वाले मैच के बारे में कहा कि हां, हमें ये आखिरी 3 मैच जीतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हमारे लिए जीतना काफी महत्वपूर्ण है, मैं दिल्ली से खेलने और मैदान पर उतरने के लिए उत्सुक हूं।

## बॉलीवुड हलचल

# जया ने बताई सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री जया बच्चन ने सोशल मीडिया से दूर रहने की वजह बताई है। जया अक्सर अपने बयानों और प्रतिक्रियाओं को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। जया सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं करती हैं। जया अपने परिवार की एक मात्र सदस्य हैं, जो सोशल मीडिया से दूर रहती हैं। जया अपनी नातिन नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट शो व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में नजर आ रही हैं। नव्या ने शो के प्रोमो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 में जया ने कहा कि दुनिया पहले से हमारे परिवार के बारे में काफी कुछ जानती है। इसे हमें शेयर करने की जरूरत नहीं है। जया ने कहा कि जब मैं छोटी थी, तो हमें कॉल बुक करनी पड़ती थी और ये दो तरह की होती थीं, एक नॉर्मल थी, और दूसरी एमरजेंसी थी। यदि आप अपने बॉयफ्रेंड से बात करती हैं, तो ये एक इमरजेंसी कॉल होनी चाहिए।

### राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का होली स्पेशल गाना होली खेले राम लला रिलीज हो गया है। ये गाना गिरिराज म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज हुआ है। गाने के म्यूजिक वीडियो में तोशी दूवेदी भी नज़र आई हैं। राकेश ने इस गाने को अब तक का सबसे कमाल का गाना बताया है। उन्होंने कहा कि होली सबों के घरों में खुशियों का रंग लेकर आए और इससे पहले होलिका दहन में अपनी बुराइयों को दहन कर देना चाहिए। मैं आग्रह करूंगा कि आप सब भी खुशियों भरी होली के साथ संगीत का आनंद लें और हमारे गाने को खूब एन्जॉय करें। इसे हमने आपके लिए बेहद मेहनत से बनाया है और इस लिए भी उम्मीद है कि आप हमारे गाने को पसंद करेंगे और अपने आशीर्वाद और प्यार से इसे बड़ा बना दें। गाना होली खेले राम लला के गायक राकेश मिश्रा हैं। निर्माता मुकेश गिरी (रंकु) हैं। संगीत छोटू रावत का है और गीतकार रजनीश चौबे हैं। वीडियो डायरेक्टर अलोक सिंह हैं।

# रिंकू और काजल फिल्म ननद में दिखाएंगी जलवा



**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्डवाइड सिने फिल्म्स प्रोडक्शन प्रस्तुत और प्रदीप सिंह कृत भोजपुरी फिल्म ननद का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म ननद का ट्रेलर एंटरटेन रंगीला के ऑफिशियल यूट्यूब से रिलीज किया गया है। इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह और प्रतीक सिंह है जबकि फिल्म का निर्देशन अजय कुमार झा ने किया है। फिल्म ननद के ट्रेलर में अभिनेत्री रिंकू घोष और काजल राघवानी का जलवा देखने को मिल रहा है, वहीं अभिनेता गौरव झा देव सिंह और संजय सिंह भी फिल्म में काफी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ रहे हैं। निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि हमारी फिल्म ननद की कहानी एसके चौहान ने लिखी है। यह कहानी दर्शकों को कहीं ना कहीं अपने से जोड़ने का काम करेगी और भोजपुरी सिनेमा घरों के अंदर महिला दर्शकों को वापस लेकर आएगी। हमने एक बेहतरीन फिल्म का निर्माण करने की कोशिश की है। उम्मीद है कि यह फिल्म सिनेमाघर के साथ-साथ टीवी पर भी इस साल की बड़ी फिल्म साबित हो। फिल्म में सभी कलाकारों ने अपना किरदार बेहद खूबसूरती से निभाया है जो आपको फिल्म के ट्रेलर में एक झलक के तौर पर देखने को मिल सकती है। यदि आपने अब तक ट्रेलर नहीं देखा तो जल्दी से ट्रेलर देख। फिल्म ननद में गौरव झा, काजल राघवानी, रिंकू घोष, देव सिंह, संजय पांडे, प्रेम दुबे, मनोज टाइगर, रितु पांडे, रिंकू भारती मुख्य भूमिका में हैं ।लेखक एस.के. चौहान हैं। संगीतकार ओम झा और गीतकार प्यारे लाल यादव, राकेश निराला और शानदार जी हैं ।छायांकन मनोज कुमार सिंह का है। संकलन गुरजंट सिंह, नृत्य कानू मुखर्जी और एक्शन अशोक यादव का है। कला रणधीर दास, कॉस्ट्यूम विद्या-विशुन, कार्यकारी निर्माता कमल यादव और निर्माण प्रबंधक राजू रेड्डी हैं।

# इंडिया को हंसाएंगे' में धूम मचाएंगे खान ब्रदर्स



**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले कॉमेडी शो मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे में खान बदर्स अरबाज और सोहैल नजर आएंगे। इस रविवार अनलिमिटेड मैडनेस से भरे एक एपिसोड के साथ, शो में अरबाज़ खान और सोहैल खान का स्वागत किया जाएगा, जो मैडनेस की मालकिन हुमा कुरेशी के साथ जुड़ेंगे और कॉमेडियंस द्वारा पेश किए जाने वाले कुछ अनूठे एक्ट्स का मजा लेंगे। जाने-माने स्टैंड-अप कॉमेडियन और शो के होस्ट, हर्ष गुजराल, बड़े दिलचस्प अंदाज में यह बताएंगे कि बड़े भाई-बहनों के साथ रहने के लिए क्या करना पड़ता है और इसके साथ किस तरह की विचित्रताएं जुड़ी होती हैं। हास्य कलाकार हेमांगी कवि और कुशल बद्रीके ने अपने स्किट साइलेंट बायको के जरिए से वैवाहिक जीवन के उतार-चढ़ाव को हास्यपूर्ण तरीके से पेश किया और अपनी हास्य प्रतिभा के लिए खान ब्रदर्स से तारीफ हासिल की। परितोष त्रिपाठी ने एक स्ट्रगलिंग स्क्रिप्ट राइटर की उलझन को इतने मजेदार ढंग से पेश किया कि गेस्ट्स के पास हंसने के अलावा कोई चारा नहीं था। हेमांगी कवि ने कहा, इसका हिस्सा बनना बेहद खुशी की बात है।

### प्रभास और दिशा पटानी ने 'कल्कि 2898 एडी' के लिए किया गाना शूट



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास और बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपनी आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए इटली में एक विशेष गाना शूट किया है। फिल्म निर्माता नाग अश्विन की आने वाली विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। फिल्म के प्रमुख हिस्से की शूटिंग पहले ही हो चुकी है, फिल्म के मुख्य कलाकार प्रभास, सह-कलाकार दिशा पटानी, निर्देशक नाग अश्विन और निर्माता प्रियंका दत्त के साथ, हाल ही में फिल्म के एक गाने की शूटिंग के लिए इटली गए थे। यह गाना इटली के कैसर्टा में राजसी रॉयल पैलेस ऑफ कैसर्टा में फिल्माया गया था। सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए, टीम 'कल्कि 2898 एडी' ने पूरी टीम और निर्माताओं के साथ प्रभास और दिशा पटानी की एक तस्वीर साझा की, जिसमें लिखा था, इटली लो आता पता। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित और वैजयंती मूवीज द्वारा निर्देशित, 'कल्कि 2898 एडी' एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई, 2024 को पूरे भारत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं०-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**रूरा।** ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। गुरुवार को दिल्ली-हावड़ा रेल लाइन के डाउन ट्रैक पर अलियापुर गांव के पास खंभा नंबर 1047/1214 के पास रनियां थाना क्षेत्र के सिहुराभावन गांव निवासी अनंतू (28) की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे भाई ज्ञान सिंह ने मृतक की शिनाख्त की। सूचना पर पहुंचे दरोगा चैनपाल सोलंकी ने शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### राशन लेने में विवाद का मामला पहुंचा थाने

**राजपुर।** ब्लाक क्षेत्र के पिटाकपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अंजनी कटियार ने पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मंगलवार को पिटाकपुर की कोटेदार पुष्पा देवी के यहां विद्यालय का एमडीएम राशन लेने गई थी। जिसपर प्रधानाध्यापक ने राशन गीला होने की बात कहते हुए लेने से इंकार कर दिया था। आरोप है कि प्रधानाध्यापक के पुत्रों ने विद्यालय में घुसकर गाली गलौज की थी। मना करने पर सहायक अध्यापक सुरेश बाबू कटियार के साथ मारपीट करने का प्रयास किया था। जिसपर सूचना डायल 112 पर पुलिस को दी। पुलिस के आने से पहले हुड़दंगी भाग गए। थाना प्रभारी राजपुर अजय ने बताया कि प्रार्थना पत्र पर जांच पड़ताल की जा रही है।


महिला की हत्या कर शव फेंके जाने पर जांच करती पुलिस।


हाईवे किनारे महिला का शव मिलने पर मौजूद भीड़। अमृत विचार

# चरित्र पर संदेह को लेकर पत्नी की हत्या कर हाईवे किनारे फेंका शव

## पुलिस हिरासत में आरोपी पति ने गला घोंटकर हत्या करने की बात स्वीकारी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने की घटनास्थल पर जांच की

**अमृत विचार।** पत्नी के चरित्र पर शक को लेकर पति ने हत्या कर दी और शव शहजादपुर गांव के पास हाईवे किनारे फेंक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने छानबीन की। पति से पूछताछ की तो उसने गला घोंटकर हत्या करने की बात स्वीकार कर ली।

मूल रूप से भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के नोनापुर गांव निवासी अजीत कुमार गुजरात में मजदूरी करता था। मौजूदा समय में उसकी पत्नी रूबी (35) व चार बच्चों के साथ अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के नबीपुर में किराये पर रहती थी। गुरुवार की सुबह रूबी का शव अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के शहजादपुर गांव के पास हाईवे किनारे पड़ा मिला। जानकारी होने पर लोगों की भीड़ लग गई। हाईवे से निकल रहे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल सतीश कुमार ने छानबीन की और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य संकलित कराए। जानकारी पर एएसपी राजेश पांडेय व सीओ सदर तनु उपाध्याय ने भी मौके पर जांच की। संदेह होने पर पुलिस ने मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सच्चाई बयां कर दी। पति अजीत कुमार ने पुलिस को बताया कि उसके नबीपुर आवास में पंकज नाम के एक युवक का आना-जाना था। जिसको लेकर उसे पत्नी के चरित्र पर संदेह हो गया था। इसी बात को लेकर पूर्व में उसका पत्नी रूबी से कई बार विवाद भी हो चुका था। बुधवार रात वह पत्नी को लेकर चला गया था और घटना को अंजाम दिया। इस बावत एएसपी राजेश पांडेय ने बताया कि प्रथमदृष्टया महिला की हत्या के पीछे उसके पति द्वारा चरित्र पर संदेह करना पाया गया है। हिरासत में लिए गए आरोपी पति ने हत्या की बात स्वीकार की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कार्रवाई की जा रही है।

## मार्ग दुर्घटनाओं में चार की हालत गंभीर, रेफर

**रसूलाबाद।** क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर हुए हादसों में बाइक सवार तीन युवक व एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को कानपुर हैलट रेफर किया गया है।

बुधवार देर रात ककवन निवासी अंकुर मिश्रा (27) अपने भाई अनुराग के साथ शादी समारोह में शामिल होने रसूलाबाद आ रहे थे। तभी असालतगंज के निकट अचानक सांड़ आ जाने से बाइक टकरा गई। जिससे सांड़ का सींग बाइक चालक अंकुर के सीने में घुस गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में डॉ. बृजेश ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं दूसरी तरफ बुधवार देर रात बनीपारा निवासी मो. दानिश (20), इमरान (16) व दया गांव निवासी मुस्तफा (20) एक बाइक से दया निवासी छुन्ना की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए रसूलाबाद स्थित एक गेस्ट हाउस में आए हुए थे। निकासी के समय रसूलाबाद की तरफ से झींझक मार्ग पर जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार तीनों युवकों को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गए।

# प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने ही की थी पति की हत्या

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- खोजाफूल में हाईवे किनारे 12 फरवरी को मिले शव का मामला
- पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त डंडा ईंट और बाइक बरामद की

**अमृत विचार।** मारपीट करने व प्रेम प्रसंग में बाधा बनने पर युवक की हत्या उसकी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने बारह फरवरी को खोजाफूल में हाईवे से कुछ देर मिले शव के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी पत्नी व उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त डंडा, ईंट व बाइक भी बरामद कर ली है।

बीती 12 फरवरी को सिकंदरा थाना क्षेत्र के खोजाफूल में हाईवे से कुछ देर एक युवक का शव मिला था। मामले में खोजाफूल निवासी शालू कटियार ने तहरीर देकर वाहन की टक्कर से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक की पहचान चंद्रभान उर्फ रवि निवासी महाराजपुर थाना अजीतमल जनपद औरैया के रूप में हुई थी। विवेचना के दौरान मामले में भोगनीपुर कोतवाली के बाल्मीकी निवासी पिंटू उर्फ धवजेंद्र व मृतक की पत्नी का नाम सामने आया था। सूचना पर सिकंदरा एसओ मुकेश कुमार ने गुरुवार को खोजाफूल मोड़ हनुमान मंदिर से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में पिंटू उर्फ धवजेंद्र ने बताया कि मृतक चंद्रभान की पत्नी से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। मृतक आए दिन शराब पीकर अपनी पत्नी से मारपीट करता था। आरोपी ने बताया कि 12 फरवरी को मृतक की पत्नी ने उसे बुलाया था। वह किराये के मकान में बेला रोड उमरी दिबियापुर औरैया में रहती थी। शाम को वहां पहुंचा तो उस समय परिजन घर से बाहर गए थे। घर पर नशे की हालत में चंद्रभान व उसकी पत्नी मौजूद थे। उसने प्रेमिका के साथ मिलकर चंद्रभान को बुरी तरीके से डंडे से मारापीट कर मरणासन्न कर दिया। इसके बाद दोनों उसे बाइक के बीच में बैठाकर औरैया से होते हुए खोजाफूल के पास हाईवे किनारे सूनसान जगह पर ले आए। जहां चंद्रभान के सिर में ईंट मारकर हत्या कर दी । थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

# बिना निमंत्रण जाने पर सहना पड़ता अपमान

संवाददाता रसूलाबाद

**अमृत विचार।** क्षेत्र के निरालानगर में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक कृष्ण मुरारी पांडेय ने राजा परीक्षित जन्म, सती चरित्र, सुखदेव आगमन की कथा सुनाई।

उन्होंने बताया कि अभिमन्यु की गर्भवती पत्नी उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ। जब वह 60 वर्ष के थे। तब एक दिन शिकार पर गए। जहां उनको प्यास लगने के कारण क्रमिक मुनि के आश्रम चले गए। उन्होंने आवाज लगाई, लेकिन तप में लीन होने के कारण मुनि ने कोई उत्तर नहीं दिया। राजा परीक्षित स्वयं का अपमान मानकर निकट मृत पड़े सर्प को क्रमिक मुनि के गले में डाल कर चले गए। अपने पिता के गले में मृत सर्प को देख मुनि के पुत्र ने श्राप दे दिया कि जिस किसी ने भी उनके पिता के गले में मृत सर्प डाला है। उसकी मृत्यु सात दिनों के अंदर सर्प के डसने से हो जाएगी। विद्वानों ने उन्हें सुखदेव का नाम सुझाया। कथा व्यास ने सती चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे हैं। वहां आपका, अपने इष्ट या गुरु का अपमान न हो। फिर चाहे वह स्थान अपने जन्मदाता पिता का ही घर क्यों न हो।


श्रीमदभागवत कथा सुनाते आचार्य।

# एक सप्ताह बाद भी नहीं शुरू हुई गेहूं खरीद

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिला विपणन विभाग की ओर से एक मार्च से गेहूं की खरीद शुरू हो गई है, लेकिन एक सप्ताह के करीब बीत जाने के बाद भी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए किसान नहीं पहुंच पाए हैं। जबकि विभाग ने खरीदारी के लिए जनपद में 59 क्रय केंद्रों को सक्रिय कर दिया है, लेकिन गेहूं की फसल तैयार न होने के कारण केंद्रों पर किसान नहीं पहुंच पा रहे हैं।

जिला विपणन विभाग की ओर से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 59 क्रय केंद्र खोले गए है। इसमें खाद्य विभाग के 15, भारतीय खाद्य निगम के पांच, पीसीएफ के 24, पीसीयू के नौ तथा यूपीएसएस के छह केंद्र शामिल है। विभागीय अधिकारियों की माने तो अब तक 1555 से अधिक किसानों ने अपना पंजीयन कर लिया है। जहां पहले एक अप्रैल से खरीदारी शुरू होती थी, लेकिन इस बार एक मार्च से ही खरीदारी शासन की ओर से शुरू कर दी गई है और उसकी तैयारी भी पूरी है। यहीं नहीं ऐसे किसान जिन्होंने अपना धान बेचा है, उस केंद्र पर जाकर गेहूं बेचने के लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन भी करा सकते हैं। इसके अलावा जन सेवा केंद्रों के माध्यम से भी पंजीकरण कराया जा सकता है। पिछले वर्ष 2125 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद हुई थी, लेकिन इस बार बढ़ाकर 2275 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। जो पिछले वर्ष की तुलना में 150 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। ताकि किसानों को उनके उपज का अच्छा मूल्य मिल सके।


राजपुर स्थित गेहूं खरीद केंद्र।

- जिले में एक मार्च से गेहूं खरीद के लिए 59 केंद्र खोले गए थे
- फसल तैयार नहीं होने से क्रय केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे किसान

**तहसीलवार पंजीकरण व सत्यापित किसान**

| तहसील | कुल पंजीकरण | सत्यापित किसान |
|---|---|---|
| रसूलाबाद | 349 | 212 |
| डेरापुर | 448 | 177 |
| अकबरपुर | 149 | 75 |
| भोगनीपुर | 222 | 97 |
| सिकंदरा | 159 | 83 |
| मैथा | 228 | 74 |

**गेहूं बिक्री को केवल एक बटाईदार का ही पंजीकरण**

सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बिक्री के लिए शासन से इस बार बटाईदारों को सहूलियत दी गई है। इसके लिए उन्हें भी पंजीकरण कराना अनिवार्य किया गया है।

> जिले में एक मार्च से गेहूं खरीद शुरू हो गई। हालांकि फसल तैयार न होने के कारण किसान क्रय केंद्र पर बिक्री के लिए नहीं पहुंच रहे हैं। गेहूं बेचने के लिए किसान जहां अपने धान बेचे हैं, उन क्रय केंद्रों पर पहुंचकर नि :शुल्क रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। अब तक गेहूं खरीद के लिए 1555 से अधिक किसानों ने अपना पंजीकरण कराया है।
>
> –राघवेंद्र प्रताप सिंह जिला खाद्य विपणन अधिकारी

## सार-संक्षेप


किसानों की बस को झंडी दिखाकर रवाना करतीं सीडीओ लक्ष्मी एन.।

### कन्नौज भ्रमण पर गए जिले के सौ किसान

**कानपुर देहात।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत दो दिवसीय किसान मेला एवं गोष्ठी के दूसरे दिन भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत सौ कृषकों के समूह की बस को डीएम आलोक सिंह व सीडीओ लक्ष्मी एन. ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. बल्देव प्रसाद ने बताया गया कि भ्रमण दल मिनी सेंटर ऑफ एक्ससिलेंस फार वेजीटेबल रिसर्च उर्मदा जनपद कन्नौज जाकर शाकभाजी फसलों की खेती हेतु उत्कृष्ठ पौध उत्पादन की तकनीकी जानकारी लेगा। भ्रमण में मां भगवती स्वयं सहायता समूह को भी भेजा गया है । ताकि जनपद में स्थापित की जा रही डींघ प्रक्षेत्र की हाईटेक नर्सरी के संचालन के लिए समूह भी प्रशिक्षित हो सके। इस मौके पर उप कृषि निदेशक राम बचन राम, उद्यान निरीक्षक घनश्याम, टीएसी अशोक विश्वकर्मा, आदि उपस्थित रहे।


तीर्थाटन पर रवाना होने से पहले वृद्धजनों से मिलते डीएम आलोक सिंह व सीडीओ।

### तीर्थाटन पर भेजे गए वृद्धाश्रम के संवासी

**कानपुर देहात।** वृद्धश्रम के संवासियों के तीर्थाटन भ्रमण को लेकर डीएम आलोक सिंह व सीडीओ लक्ष्मी एन. ने उनकी दो बसों को हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया । उक्त तीर्थाटन कार्यक्रम में वृद्धजन बिठूर धाम, सुधांशु आश्रम, इस्कान मंदिर, ध्रुव टीला, बिठूर घाट, लवकुश जन्मस्थलीआदि का भ्रमण करेंगे। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉक्टर प्रज्ञा शंकर आदि उपस्थित रहे।

### किशोरी को बहला कर ले जाने में सात साल की कैद

**कानपुर देहात।** सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अमराहट थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी 4 जुलाई 2011 को घर से लापता हो गई थी। उसके पिता ने गांव के ही राज कुमार के अलावा उसके पिता खड़क सिंह, पड़ोस की रहने वाली सुनीता व उसकी पुत्री हीरा के खिलाफ पुत्री को बहलाकर ले जाने का आरोप लगा 19 जुलाई 2011 को मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई अपर जिला जज/ फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में हो रही थी। गुरुवार को अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी राज कुमार को सात साल के कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उसपर बारह हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। जबकि साक्ष्य के अभाव में मां बेटी सहित तीन आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया गया।

## मार्ग दुर्घटनाओं में दो की हालत गंभीर

**रसूलाबाद।** गुरुवार को मिर्जापुर लहरापुर निवासी हरिओम अपनी पत्नी सरोज के साथ बाइक से पुत्री माही (6) व वंश (3) को लेकर कानपुर दवा लेने जा रहा था। तभी कहिंजरी-चौबेपुर मार्ग पर आगे चल रहे ट्रैक्टर को चालक ने अचानक भट्ठे की तरफ मोड़ दिया। जिससे उसकी बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार सरोज घायल हो गई। वहीं गांधीनगर बिधूना निवासी मनू सेंगर (27) अपनी भाभी कमला, अर्चना व भतीजी श्रेया के साथ बस से कल्याणपुर से वापस अपने घर जा रहा था। तभी बिधूना के तरफ से आ रहा एक वाहन रसूलाबाद-बेला मार्ग पर बिल्हा के निकट बस को रगड़ते हुए निकल गया। जिससे वे घायल हो गये।

# कन्या भ्रूण हत्या के मंचन पर रसूलाबाद की आशा बनीं विजेता

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जनपद स्तरीय आशा सम्मेलन का राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी, रसूलाबाद विधायक पूनम संखवार व सीडीओ लक्ष्मी एन. ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

गुरुवार को माती स्थित ईको पार्क में आयोजित आशा सम्मेलन में विभिन्न ब्लाकों की लगभग 80 आशा संगिनी व 1600 आशाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान विकासखंड रसूलाबाद की आशाओं ने कन्या भ्रूण हत्या पर नाटक का मंचन किया। जिसमे उनको प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। ब्लाक मलासा की आशाओं के द्वारा परिवार नियोजन कार्यकम पर नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें उनको द्वितीय पुरस्कार दिया गया । ब्लाक सरवनखेड़ा की आशाओं के टीकाकरण पर नाटक का मंचन करने पर तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न ब्लाकों से आई आशा व संगिनी ने गीत एवं नाटक प्रस्तुत किए। वर्ष 2022-23 में उनके किए गए कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर प्रत्येक ब्लाक की तीन आशाओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार एवं बीसीपीएम को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

आशाओं की प्रमुख मांग मानदेय बढ़ाने के अनुरोध को राज्य सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ. एके सिंह आदि मौजूद रहे।


आशा सम्मेलन को संबोधित करतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।


सम्मेलन में मौजूद आशा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### निजी नलकूप किसानों को मुफ्त मिलेगी बिजली : राज्यमंत्री

**कानपुर देहात।** सरकार की ओर से किसानों को सिंचाई के लिए नलकूपों का बिजली बिल पर शत–प्रतिशत छूट देने के लिए गए निर्णय के फलस्वरूप व्यवस्था का उद्घाटन किया गया है। जिसका सजीव प्रसारण अकबरपुर विद्युत उपकेंद्र में राज्यमंत्री व मौजूद लोगों ने देखा। गुरुवार को 33/11 केवीए विद्युत उपकेंद्र अकबरपुर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि सरकार किसानों को हर प्रकार से सहायता देने व उनकी आय में वृद्धि के लिए कार्य कर रही है ।

धर्म – अध्यात्म

## महाशिवरात्रि पर भीड़ के मद्देनजर जिले के शिव मंदिरों में तैनात रहेगा पुलिस बल

# शिवालयों में आज गूंजेंगे बोल बम के जयकारे

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि के चलते आज जिले भर के शिव मंदिरों में भक्त पूजन-अर्चन करेंगे। भक्तों की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस बल मुस्तैद रहेगा। पूजन के लिए सुबह से भक्तों का आना शुरू होगा। मंदिरों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

गुरुवार को जिले के प्रमुख शिवालयों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। मंदिरों में साफ-सफाई व आकर्षक सजावट की गई। अकबरपुर के शुक्ल तालाब नर्मदेश्वर मंदिर, नबीपुर के झाड़ीबाबा आश्रम, नयागंज शिव मंदिर, रूरा के वाणेश्वर मंदिर, डेरापुर के कपालेश्वर मंदिर समेत अन्य प्रमुख मंदिरों में सुबह से पूजन-अर्चन शुरू होगा। कड़री के भागवतेश्वर मंदिर, बाघपुर के योगेश्वर मंदिर, शोभन मंदिर के नर्मदेश्वर, रंजीतपुर के पवन तनय आश्रम, स्ततेश्वर मंदिर, मुंडेश्वर महादेव मैथा, हरदियानाला के पागल बाबा मंदिर, शिवली के महाकालेश्वर, ओमकारेश्वर मंदिर, रामेश्वर मंदिर, औनहां के अकोढ़ेश्वर में विशेष पूजा अर्चना का आयोजन किया जाएगा। रनियां के पातालेश्वर मंदिर के पट सुबह आरती होने के बाद खोले जाएंगे। पातालेश्वर मंदिर के बारे में मान्यता है कि पाताल से निकले इस शिवलिंग में भगवान शिव के मुख व चंद्रमा की आकृति बनी हुई है। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंचते है। ग्रामीणों की माने तो यहां आने वालों भक्तों की मन्नत पूरी होती है। इसी तरह अमरौधा के महाकालेश्वर मंदिर में महा शिवरात्रि पर भक्तों के पूजन की तैयारियां पूरी कर ली गई। मलासा के निगोही व महोलिया गांव के समीप सेंगुर नदी घाट में स्नान करके ऋषि दुर्वाषा आश्रम में भक्त भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करेंगे।


रसूलाबाद स्थित धर्मगढ़ बाबा मंदिर।


महाशिवरात्रि पर पूजन के लिए व्यवस्था जांचते पुलिसकर्मी।

### इस बार महाशिवरात्रि पर बन रहे चार शुभ योग

**कानपुर देहात।** महाशिवरात्रि का पर्व आज शिवयोग में मनाया जाएगा। पर्व पर चार शुभ योग बन रहे हैं, जो फलदायी होंगे। पावन दिन उदया तिथि में त्रयोदशी प्राप्त होगी, जो शाम 07 :38 बजे तक रहेगी। जिसके बाद चतुदर्शी लगेगी। श्रवण नक्षत्र के साथ सर्वार्थ सिद्धयोग दिन में 8 बजे तक रहेगा। चंद्रमा का संचरण शनि के मकर राशि में होगा। जबकि पूरे दिन भर शिवयोग में महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। शिव पूजन के लिए शिव योग अत्यंत शुभ संयोग माना जाता है। इसमें पूजा, पाठ, नामजप व मंत्र जाप के अभीष्ट फल प्राप्त होते है। अकबरपुर के पतारी निवासी आचार्य प्रियंक दीक्षित के अनुसार महाशिवरात्रि भगवान शंकर की पूजा के लिए सर्वोत्तम दिन माना जाता है।


पीस कमेटी की बैठक करतीं एसडीएम , सीओ व नगर पंचायत अध्यक्ष।

### महाशिवरात्रि को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

**रसूलाबाद।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक एसडीएम नीलिमा यादव की अध्यक्षता में हुई। सत्संग मंडल अध्यक्ष आलोक बाजपेई ने मंदिर के पास मार्ग में लगी दुकानों को हटाए जाने की मांग की। उन्होंने पूर्व में संपूर्ण समाधान दिवस में भी लिखित शिकायती पत्र देकर उक्त मांग की थी। एसडीएम ने दुकानों को हटाए जाने व मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश सीओ राजीव सिरोही को दिए। नगर पंचयात के वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार को साफ–सफाई को लेकर भी निर्देशित किया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कमल दुबे, नगर पंचायत अध्यक्ष देवशरण कमल, फैजान खान, संदीप मिश्रा, रानू मिश्रा, सहित अन्य मौजूद रहे। इसके बाद एसडीएम व सीओ ने क्षेत्र के मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## प्रयोगात्मक परीक्षा में छूट, परीक्षार्थियों को अंतिम मौका

**कानपुर देहात।** जिला विद्यालय निरीक्षक अचल कुमार मिश्र ने बताया कि सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के पत्र के क्रम में बताया कि वर्ष 2024 की इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं में छूटे हुए परीक्षार्थियों की परीक्षा 16 फरवरी को आयोजित कराई गई थी। जिसमे कुछ परीक्षार्थी प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके थे।

ऐसे में छात्र हित को देखते हुए छूटे हुए परीक्षार्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा दिनांक 13 व 14 मार्च को आयोजित कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। डीआईओएस ने बताया कि जनपद के छूटे हुए सभी परीक्षार्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा निर्धारित दिनांक पर अकबरपुर इंटर कालेज में आयोजित कराई जाएगी।

# मजदूरों के गांव में ठेकेदार के परिवार का खासा वर्चस्व

## बीहड़ की जिंदगी

बृजेश श्रीवास्तव, कानपुर

- ठेकेदार पति के जेल जाने के बाद भी रुतबा कम नहीं
- पति से ज्यादा गांव वालों पर बीवी का दबदबा कायम

**अमृत विचारः** घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौली के ईंट भट्ठे में दो किशोरियों को जबरन बीड़ी-शराब पिलाने, फिर गैंगरेप करने और अश्लील वीडियो बनाने के बाद दोनों किशोरियों की पेड़ पर लाशें टंगी मिलने की सनसनीखेज घटना से गांव वाले सन्न हैं। जिस ठेकेदार और उसके बेटे व भांजे ने इस वारदात को अंजाम दिया, उसका पूरे गांव में वर्चस्व कायम है। ऐसा वर्चस्व कि कोई उसके खिलाफ जुबान खोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। खास बात यह है कि अकेले ठेकेदार ही नहीं, गांव वालों में उसकी बीवी का खासा दबदबा है।

पहले बरौली के ईंट भट्ठे में गैंगरेप और फिर दोनों किशोरियों की 29 फरवरी को बेरी के पेड़ पर लाशें टंगी मिलने के बाद बुधवार को एक किशोरी के पिता द्वारा गांव में आत्महत्या करने से यह मामला लगातार सुर्खियों में है। हमीरपुर जिले के सिसोलर थाना क्षेत्र के जिस गांव का मजदूर परिवार है, वह अति पिछड़ा इलाका है। बांदा जनपद का यह सीमावर्ती गांव केन नदी के किनारे बीहड़ में स्थित है, जहां तक पहुंचने के लिए सलामत रास्ता तक नहीं है। मौदहा से करीब 35 किलोमीटर दूर इस गांव में सिर्फ निषाद बिरादरी के ही लोग रहते हैं। करीब 200 घरों वाले इस डेरा में लगभग 300 मतदाता हैं।

गांव के ज्यादातर लोग अनपढ़ हैं और मजदूरी करके अपना गुजारा करते हैं। इनमें अधिकांश लोग भट्ठों में ईंट पथाई का काम करते हैं और ज्यादातर अपने गांव से दूर भट्ठों में ही परिवार के साथ दिन गुजारते हैं। अनपढ़ और गरीबी का फायदा उठाकर ही गांव का ठेकेदार रामरूप निषाद इनका शोषण करता है। उसके इस काम में पहली पत्नी का बेटा रज्जू और भांजा संजू हाथ बंटाता है और काम देने के नाम पर गांव वालों पर दबदबा बनाकर रौब गांठता है। यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है।

यूं कह सकते हैं कि निषादों के डेरा में सबसे धनाड्य होने के कारण ठेकेदार रामरूप और उसके परिवार की तूती बोलती है। जो उसके हिसाब से नहीं चलता, उसे काम नहीं देता है, जिससे मजबूरी में गांव वाले उसके इशारों पर नाचते हैं। उसकी नामौजूदगी में उसकी बीवी गांव वालों पर दबदबा बनाए रखती है। उसका इस कदर वर्चस्व है कि गांव वाले उसके सामने भी मुंह खोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। जो विरोध करने की जुर्रत करता है, उसके खिलाफ थाने और पुलिस अधिकारियों तक फर्जी शिकायत कर इतना परेशान कर देती है कि लोग अपना मुंह बंद रखने को मजबूर हो जाते हैं। यही उसने किशोरी के पिता के साथ करने की कोशिश की, जिससे आहत होकर उसने कानूनी लड़ाई लड़ने के बजाय मौत को गले लगा लिया।

### ठेकेदार ने पत्नी की मौत के बाद की दूसरी शादी

मजदूरों के ठेकेदार रामरूप निषाद की पहली पत्नी की करीब 15 साल पहले मौत हो गई थी। उससे एक लड़का रज्जू (गैंगरेप का आरोपी) और दो बेटियां हैं। पहली पत्नी की मौत के बाद उसने निर्मला से दूसरी शादी की, जिससे तीन लड़के और एक लड़की है। करीब 35 वर्षीया निर्मला ही गांव में परिवार संभालती है और पैसे के दम पर गांव वालों को दबाकर रखती है। उसकी जुबान ऐसी है कि लोग अपना मुंह बंद रखने को मजबूर रहते हैं। उसकी आदतों और हरकतों के पारिवारिक लोग भी नाखुश हैं, लेकिन उसके दबदबा के आगे शांत रहकर सब कुछ बर्दाश्त करने को मजबूर हैं।

### एडवांस रुपये देकर गांव वालों को बनाता बंधुआ

गांव वालों का कहना है कि ठेकेदार रामरूप निषाद लोगों की गरीबी का फायदा उठाता है। वह मजदूरीपेशा लोगों को एडवांस में रुपये देता है और फिर उन्हें बंधुआ बनाकर अपना गुलाम बना लेता है। कर्ज में दबे मजदूर हमेशा अपना मुंह बंद रखने को मजबूर हो जाते हैं। मजदूरों से ईंट भट्ठों में लगातार काम लिया जाता है। साल में सिर्फ होली और दीपावली पर ही गांव जाने की छूट मिलती है। ईंट भट्ठा मालिकों से ठेकेदार रामरूप ही पूरी रकम लेता है और फिर मजदूरों को अपने हिसाब से मेहनताना का भुगतान करता है। बिना काम बीच की कमाई से ही वह मालामाल रहता है और गांव वालों पर रुतबा बनाए रखता है।



पुलिस ने गांव वालों से घटना के बारे में छानबीन की। अमृत विचार

### गांव में किया गया अंतिम संस्कार

गैंगरेप का शिकार एक किशोरी के पिता द्वारा बुधवार को आत्महत्या किए जाने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिवार के सुपुर्द कर दिया। शव को गांव ले जाया गया। पीड़ित परिवार के हालात देखकर ग्राम प्रधान जगतपाल सिंह ने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया और अपने निजी ट्रैक्टर से लकड़ी भिजवाई। इसके बाद गांव के किनारे शव का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान सिसोलर पुलिस भी मौजूद रही। अंतिम संस्कार के दौरान गांव वालों में ठेकेदार के खिलाफ गुस्सा था, लेकिन भय इतना कि कोई कुछ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था।

# अभी भी किसी के गले नहीं उतर रही खुदकुशी की बात

## किशोरियों की हत्या की बात कह रहे लोग, पोस्टमार्टम रिपोर्ट दबाने से गहराया शक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचारः** घाटमपुर क्षेत्र के बरौली के ईंट भट्ठे में जबरन बीड़ी-शराब पिलाने, फिर गैंगरेप कर वीडियो बनाने और बाद में दोनों किशोरियों की बेरी के पेड़ में लाशें लटकी मिलने के बाद से ही पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। आत्महत्या की बात किसी के गले नहीं उतर रही है। पुलिस की ओर से पोस्टमार्टम रिपोर्ट को दबाने से शक और गहरा रहा है।

परिवार वालों की नामौजूदगी में 14 और 16 वर्षीया किशोरियों की इज्जत के साथ जिस तरह खेल खेला गया और फिर दूसरे दिन दोनों की जिन हालात में कांटों भरे बेरी के पेड़ में एक ही दुपट्टे से दोनों की लाशें लटकी मिलीं, उसने हर किसी को हिलाकर रख दिया, लेकिन इस पूरे मामले में पुलिस ने जितनी जल्दबाजी दिखाई, उसी का ही नतीजा रहा कि एक किशोरी का पिता मौत को गले लगाने के लिए मजबूर हो गया। पुलिस ने गैंगरेप, अश्लील वीडियो बनाने और बीड़ी-शराब पिलाने की बात तो स्वीकारी, लेकिन आत्महत्या मानकर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में जितनी जल्दबाजी दिखाई, वह पुलिस की भूमिका पर लगातार सवाल उठा रही है।

घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने बराबर आत्महत्या की ही बात दोहराई। अभी भी पुलिस के अधिकारी इस मामले में उठ रहे सवालों के सीधे जवाब देने से कतरा रहे हैं। किशोरियों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। पुलिस का सबसे ज्यादा जोर मामले की गहराई से जांच करने में नहीं, बल्कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट को दबाने में है।

पुलिस की लीपापोती से ही उसकी भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। किशोरियों के आत्महत्या करने की बात किसी के गले नहीं उतर रही है। गांव वाले भी दबी जुबान कहते हैं कि किशोरियों ने आत्महत्या नहीं की, बल्कि उनकी हत्या कर शवों को पेड़ पर टांगा गया है। पीड़ित परिवार इतना पढ़ा-लिखा या सक्षम नहीं है कि वह इंसाफ के लिए कानूनी लड़ाई लड़ सके। पचड़े से बचने के लिए पुलिस ने भट्ठा मजदूरों को झोपड़ियां खाली करने का फरमान सुना दिया, जिसके बाद वह पलायन कर अपने गांव पहुंच गए।

### पुलिस की भूमिका और धमकियों से टूट गया पिता

इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस की भूमिका ने गरीब पीड़ित परिवार को बेसहारा कर दिया। भट्ठा छोड़ने के बाद पूरा परिवार गांव चला गया, जहां उसे समझौता करने की धमकियां मिलने लगीं। एक तरफ समझौते के लिए धमकियां दूसरी ओर पुलिस की ओर से सुरक्षा और न्याय की कोई उम्मीद नहीं दिखने पर ही एक किशोरी का पिता आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो गया। जिस दिन किशोरियों का गांव में अंतिम संस्कार किया गया, उस दिन तो घाटमपुर पुलिस ने गांव को छावनी बना दिया था, लेकिन उसके बाद पीड़ित परिवार की कोई सुधि नहीं ली। वारदात घाटमपुर क्षेत्र में होने के कारण सिसोलर पुलिस ने भी कोई वास्ता नहीं रखा। अलबत्ता पिता के आत्महत्या करने पर सीओ और सिसोलर पुलिस गांव पहुंची।

### बच रहे पुलिस अफसर

घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह का कहना है कि इस पूरे मामले की रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बारे में विवेचक ही कुछ बता सकते हैं, जबकि विवेचक खुर्शीद अहमद का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर अधिकारी ही जानकारी दे सकते हैं।

### राहुल गांधी ने ट्वीट कर भाजपा सरकार को घेरा

बेटी बचाओ का नारा देने वाली डबल इंजन सरकार में दो बेटियों के साथ हुई दरिंदगी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा है कि नरेंद्र मोदी की डबल इंजन सरकारों में हो रहे 'डबल अन्याय' को इन दो घटनाओं से समझिए, जहां यूपी में दो बहनों ने अपने साथ हुए दुष्कर्म के बाद फांसी लगा ली, अब न्याय न मिलने और मुकदमा वापस लेने के दबाव पर उनके पिता को भी फांसी लगानी पड़ी, डबल इंजन की सरकार में न्याय मांगना गुनाह है।

### अभी नहीं हुई गिरफ्तारी

एक किशोरी के पिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में नामजद मुकदमा दर्ज होने के बाद भी अभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द गिरफ्तारी होगी।

> इस मामले को गंभीरता से लेते मौदहा क्षेत्राधिकारी और सिसोलर थाना प्रभारी को मौके पर भेजा गया था। दो के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
>
> –दीक्षा शर्मा, एसपी हमीरपुर

# ठेकेदार की बीवी, बेटी पर केस

संवाददादा, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचारः** गैंगरेप की शिकार किशोरी के पिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में ठेकेदार की बीवी और बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गई है। आरोप है कि गैंगरेप के मुकदमे में समझौते का दबाव डालने के लिए एक दिन पहले ठेकेदार की बीवी उसके घर पहुंची थी और सुलह नहीं करने पर दुराचार में फंसाने की धमकी दी थी। इसी से आहत होकर उसने जान दे दी।

करीब एक सप्ताह पहले ईंट भट्ठे में किशोरियों के साथ गैंगरेप और फिर मौत के गम में डूबा पिता अपने आपको संभाल भी नहीं पाया था कि उसके ऊपर मुकदमे में समझौता करने का दबाव पड़ने लगा था। इस मुकदमे में ठेकेदार रामरूप, उसके बेटे संजय उर्फ रज्जू और भांजे संजू के जेल जाने के बाद उसके परिवार ने पीड़ित परिवार पर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। इधर, पुलिस ने भी आरोपियों को जेल भेजने के बाद अपनी जिम्मेदारी से पल्लू झाड़ लिया था, जिससे परिवार मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गया था।

पीड़ित परिवार को मुकदमे में राजीनामा करने की लगातार धमकियां मिल रही थीं। परिवार वालों का कहना है कि पांच मार्च को आरोपी ठेकेदार रामरूप की पत्नी निर्मला पीड़ित परिवार के घर आई और मुकदमे को वापस लेने की धमकी देने लगी। इतना ही नहीं, मुकदमा वापस नहीं लेने पर दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर गई थी। इसी से आहत होकर अगले दिन बुधवार को एक किशोरी के पिता ने गांव के बाहर पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सिसोलर पुलिस ने बेटे की तहरीर पर ठेकेदार रामरूप की पत्नी निर्मला, उसकी बेटी के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।



दो दिन से गांव में सिसोलर थाने की पुलिस दस्तक दे रही है। अमृत विचार

### उधारी मांगने पर रेप का दंश झेलता रहा प्रताप

डेरे में ठेकेदार रामरूप सबको दबा कर रखता है। गांव के प्रताप निषाद ने ठेकेदारी शुरू करने का प्रयास किया तो उसे परेशान किया जाने लगा। वह ठेकेदारी का रास्ता छोड़ खेती-किसानी में लग गया। प्रताप बताता है कि उसके नलकूप से ठेकेदार रामरूप अपने खेतों की सिंचाई करता था। सिंचाई का करीब सात हजार रुपये उधार हो गया तो उसने पैसे की मांग की। मामूली विवाद हुआ तो ठेकेदार की पत्नी अपने कपड़े फाड़ कर थाने पहुंच गई और दुराचार का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस जांच के लिए गांव पहुंची तो मामला फर्जी निकला। पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। यह वाक्या करीब दो साल पहले का है। इसके बाद वह पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देती रही। अदालत में 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र देने की कोशिश की। प्रताप दो साल तक अपने को निर्दोष साबित करने के लिए जूझता रहा। वह कहता है, अगर पुलिस ने सच का साथ नहीं दिया होता तो जेल में होता।

# बिकरू कांड : आरोपी दरोगा केके शर्मा की जमानत अर्जी खारिज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** बिक रू कांड में आरोपी बनाए गए तत्कालीन दरोगा के के शर्मा की ओर से बचाव पक्ष ने अदालत में दूसरी जमानत अर्जी को पेश किया था। जिसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने खारिज कर दिया।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हो गए थे ।मामले में पुलिस ने तत्कालीन चौबेपुर थाना में तैनात थाना प्रभारी विनय कुमार तिवारी व दरोगा के के शर्मा उर्फ कृष्ण कुमार शर्मा को पुलिस दबिश की सूचना अपराधियों तक पहुंचाने व उनसे संबंध होने के साक्ष्य दौरान विवेचना मिलने पर उन्हें भी मामले में आरोपी बना कर जेल भेज दिया था। मामले में आरोपी के के शर्मा की ओर से अदालत में दाखिल की गई पूर्व में जमानत अर्जी खारिज हो जाने के बाद पुनः दूसरी जमानत अर्जी दाखिल की गई थी ।जिसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट अमित मालवीय की अदालत में चल रही थी ।गुरुवार को मामले में दौरान सुनवाई बचाव पक्ष की ओर चीफ डिफेंस काउंसिल संजय शुक्ला ने अदालत में तर्क रखे कि आरोपी तीन साल से ज्यादा समय से जेल में बंद हैं वह किसी अभियोजन गवाह को प्रभावित नहीं करेगा साथ ही मुकदमे में सहयोग करेगा। वहीं बचाव पक्ष के तर्कों का विरोध करते हुए सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत कुमार मिश्रा व विकास सिंह ने अदालत को बताया कि आरोपी का अपराध गंभीर है पुलिस सेवा में होते हुए पुलिस की दबिश देने की सूचना विकास दुबे को दी जिसके फलस्वरूप इतनी बड़ी घटना हुई जिसमें कई पुलिस कर्मियों को अपनी जान गंवानी पड़ी और कई घायल हो गए। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी के के शर्मा की जमानत अर्जी को खारिज कर दी।

### मामले की सुनवाई टली

**कानपुर देहात** । बिकरू कांड के मुख्य मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। गुरुवार को मामले की सुनवाई टल गई अब अदालत ने मामले में 11 मार्च की तिथि नियत की है। चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हो गए थे ।जिसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है ।मामले में अभियोजन गवाह दरोगा कुंवरपाल से बचाव पक्ष की जिरह चल रही है । सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत कुमार मिश्रा व विकास सिंह ने बताया कि गुरुवार को मामले की सुनवाई आगे बढ़ गई है अब अदालत ने मामले में सुनवाई के लिए 11 मार्च की तिथि नियत की है ।इस दौरान सभी आरोपी कोर्ट में उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची में नाम शामिल कराने का मौका

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा बन सकते हैं मतदाता

**अमृत विचार**। लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागेदारी आवश्यक है। इसलिए मतदाता होना आवश्यक है। यदि आप 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं और अब तक मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं है तो निराश होने की जरूरत नहीं है। मतदाता बनने का अभी मौका है। निर्वाचन आयोग नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से एक सप्ताह पहले तक मतदाता बनने का मौका देता है।

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए निर्वाचन विभाग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य कराया है। सात अक्तूबर से नौ दिसंबर-2023 तक आवेदन मांगे गए थे। आवेदन के बाद जांच कर मतदाताओं के नाम सूची में शामिल कर 24 जनवरी को सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। इसके बाद भी यदि आप अपना किसी कारण से आवेदन नहीं कर सके हैं या फिर आपका नाम सूची से कट गया है तो आवेदन कर मतदाता बना जा सकता है। इस बावत सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप पांडेय ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से एक सप्ताह पहले तक मतदाता बनने के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन किया जा सकता है। जांच के बाद आवेदन सही पाए जाने पर सूची में नाम शामिल होगा।

### इस तरह बन सकते मतदाता

- मतदाता बनने के लिए भरना होगा फार्म छह।
- आवेदन फार्म तहसील के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के पास जमा करें।
- बीएलओ की जांच के बाद बढ़ेगा सूची में नाम।
- आवेदन के साथ लगाना होगा हाईस्कूल का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व फोटो।

# पिता- पुत्र की हत्या में दोषी को उम्रकैद

**कानपुर देहात**। कानपुर नगर के घाटमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गढोलामऊ देबीपुरवा गांव के रहने वाले साठ साल के मनोहर लाल व उनके चालीस साल के पुत्र महेश कुमार की 8 मई 2013 को कुल्हाड़ी से हमलाकर नृशंस हत्या कर दी गई थी। गांव के पिंटू से जानकारी मिलने पर हंसपुर कानपुर में रहकर फर्नीचर का कारोबार करने वाले उनके दूसरे पुत्र तेज बहादुर ने गांव आने के बाद घाटमपुर कोतवाली में हमलावर अजय कुमार उर्फ लल्लू के खिलाफ रंजिशन कुल्हाड़ी से हमलाकर पिता व भाई की हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई जिला जज जयप्रकाश तिवारी की कोर्ट में चल रही थी। जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बताया कि गुरुवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही बीस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शुरू हुई गवाही

**कानपुर देहात**। मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए गैर जनपदों के गवाहों की गवाही वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कराने के हाई कोर्ट के आदेश पर अब जनपद न्यायालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस से गवाही शुरू हो गई है । गुरुवार को सटटी थाना क्षेत्र में दर्ज लूट हत्या के एक मामले की सुनवाई दौरान मुज्जफर नगर से अभियोजन गवाह ने एंटी डकैती कोर्ट मे वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपने बयान अदालत में दर्ज कराए।

सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत कुमार मिश्रा व विकास सिंह ने बताया कि सट टी थाना क्षेत्र में वर्ष 2018 में दर्ज लूट व हत्या के मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट अमित मालवीय की अदालत में चल रही है ।मामले मे अभियोजन गवाही चल रही है पिछली कई तिथियों से गैर जनपद में तैनात पंचायत नामा के गवाह दरोगा प्रशांत कुमार गिरि की गवाही की वजह से मामला लंबित चल रहा था ।इसपर अदालत ने गवाह के बयान वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कराने के निर्देश दिए थे ।इसपर गुरुवार को अदालत में कंप्यूटर टेक्निशियन की मदद से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जिला अदालत मुज्जफर नगर में उपस्तिथि होकर अभियोजन गवाह दरोगा प्रशांत कुमार गिरि ने वहां से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में अपने बयान दर्ज कराए वहीं बचाव पक्ष की ओर से जिरह पूरी की गई ।कोर्ट पेशकार सुजीत कुमार ने बताया कि यह जनपद न्यायालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए दूसरी गवाही हुई है इसके पहले पिछले माह विशेष न्यायालय एस सी एस टी एक्ट की अदालत में पहली गवाही हुई थी इसमें कंप्यूटर विभाग के कर्मचारियों का योगदान रहा है ।सहायक शासकीय अधिवक्ता विजय सिंह ने बताया कि इस प्रक्रिया से दूर गैर जनपद के गवाहों को दूर से अब आना नहीं पड़ेगा वह अपनी तैनाती के जनपद में न्यायालय जाकर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए गवाही दे सकेंगे।

**दिशा-निर्देश** एल्युमीनियम में भोजन बनाने से कम होता कैल्शियम व आयरन, महानिदेशक ने परिषदीय स्कूलों को जारी किए निर्देश

# अब एल्युमीनियम बर्तनों में नहीं बनाया जायेगा एमडीएम

कार्यालय सवाददाता कानपुर देहात

- हड्डियां कमजोर और पाचन क्रिया प्रभावित होती है

**अमृत विचार**। जिम्मेदारों को परिषदीय विद्यालयों में माध्याह्न भोजन योजना (एमडीएम) के तहत एल्युमीनियम के बर्तन में बन रहे भोजन से नुकसान समझ में आने लगा है। इन बर्तनों में भोजन पकाने से सब्जी व मीठे भोजन में आयरन व कैल्सियम तत्व खत्म हो जाते हैं। ऐसे में एल्युमीनियम के बर्तनों पर भोजन बनाने पर रोक लगाई गई है।

एल्युमीनियम बर्तनों में पके भोजन का सेवन करने से एल्युमीनियम पेट में जाता है और आयरन, कैल्शियम तत्व को सोख लेता है। इससे हड्डियां कमजोर होती हैं । वहीं किडनी, लीवर व पाचन क्रिया को प्रभावित करता है। जिसके चलते इन बर्तनों को बदलने के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन मिश्रा ने सभी विद्यालयों को दिए हैं। एल्युमीनियम के बर्तन में खाना खाने से बच्चों में कैल्शियम और आयरन की कमीं हो रही है। परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से लेकर आठ तक के बच्चों को शिक्षा के लिए जहां तमाम सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्हें पढ़ाई में दिक्कत न आए। निःशुल्क पुस्तकों की व्यवस्था की जा रही है तो यूनिफार्म, जूता-मोजा, स्वेटर व स्कूल बैग तक खरीदने के लिए अभिभावकों के खाते में 12 सौ रुपये की धनराशि डीबीटी के जरिए दी जा रही है। बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर शासन की ओर से माध्याह्न भोजन योजना का संचालन भी वर्ष 2004 से ही शुरू किया गया है। शुरूआती दौर में एल्युमीनियम के बर्तनों की खरीद कर योजना का संचालन शुरू करा दिया गया। इसमें भोजन बनाने का काम होता चला आ रहा है। हालांकि अब महकमे ने माना है कि एल्युमीनियम के बर्तन में बन रहा भोजन बच्चों के सेहत के लिए नुकसानदेह है। ऐसे में इसे बदला जाना जरूरी है। महानिदेशक के भेजे पत्र के अनुसार माना जा रहा है कि एल्युमीनियम के बर्तन में भोजन पकाने की अवधि में तापमान का ध्यान न दिए जाने से बच्चे तमाम रोगों की चपेट में आ रहें हैं। ऐसे में नए बर्तन खरीदे जाएंगे।

> शासन की ओर से एल्युमीनियम के बर्तनों में भोजन न बनाने के निर्देश मिले हैं ।उनके स्थान पर स्टेनलेस स्टील के बर्तनों के उपयोग करने के लिए कहा गया है। अब एमडीएम बनाने के लिए स्टील के बर्तनों की खरीद होगी। हालांकि अभी इसके लिए बजट नहीं आया है। जैसे ही बजट का प्रावधान होता है, बर्तनों की खरीद होगी।
>
> –रिद्धी पांडेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

# पंजीकरण नहीं तो लटक सकती है छात्रवृत्ति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर संस्थान का पंजीकरण न होने से छात्रों की छात्रवृत्ति रुक सकती है। कई संस्थानों का डाटा संदेहास्पद श्रेणी में है। अगर दुरुस्त नहीं हुआ तो छात्रवृत्ति नहीं मिलेगी।

राज्य पोषित दशमोत्तर छात्रवृत्ति के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन डाटा फीड किया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि राज्य पोषित दशमोत्तर छात्रवृत्ति के तहत निजी क्षेत्र के ऐसे शिक्षण संस्थान जो एनएसपी पोर्टल पर पंजीकृत नहीं हैं, उनका डाटा जांच के बाद संदेहास्पद श्रेणी में आ गया है। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को बताया गया है कि पंजीकरण के बाद तत्काल प्रिंट आउट डीएमओ कार्यालय में जमा कर दें। निजी क्षेत्र के ऐसे संस्थान जिनके अल्पसंख्यक कैटेगरी के छात्रों ने छात्रवृत्ति आवेदन किया है उनको नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर अपनी संस्था का पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

# नाराज परिजनों ने ससुरालीजनों को पीटा

**कानपुर**। बर्रा तीन निवासी महिला ने बताया कि 15 मई 2022 को उसने गुरुद्वारे में युवक से विवाह किया था। बताया कि बीते तीन फरवरी को उसकी मां, दो बहनें, भाई व उसके साथी ससुराल आ धमके। आरोप है कि उक्त लोग घर में घुस कर ननद से छेड़खानी की । साथ ही सास के संग धक्का-मुक्की कर पति को पीटा शिकायत के बावजूद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। बर्रा थाना प्रभारी ने कहा कि पीड़िता की तहरीर पर आठ लोगों पर छेड़छाड़, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# पर्चे बनवाने से लेकर ओपीडी तक लग रही लाइन

**अमृत विचार पड़ताल**

संवाददाता फतेहपुर

● बाहर की दवा और जांच के लिए बरगला रहे एजेंट

● घंटों लाइन में लगने के बाद मिल रहा मरीजों को इलाज

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में पर्चा बनवाने से लेकर जांच और इलाज के लिए मरीजों को लंबी कतारें लगानी पड़ती हैं जबकि यहां ऑपरेशन के मरीजों को डेट लेने के लिए कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। उधर ओपीडी में चिकित्सक एक मिनट में दो मरीजों को देख औपचारिकता कर रहे हैं।

जिससे सरकारी अस्पतालों में अच्छे इलाज की शासन प्रशासन की मंशा कारगर होती नहीं नजर आ रही है। गुरूवार को जिला अस्पताल की पड़ताल की गई तो जो पहलू उभर कर सामने आए उससे अस्पतालों में कार्यशैली की सच्चाई सामने दिखी...



जिला अस्पताल में पंजीकरण काउंटर पर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### गंभीर मरीजों को तुरंत कर दिया जाता रेफर

जिला अस्पताल में दुर्घटना वाले ज्यादातर मरीजों को कानपुर रेफर किया जा रहा है। डॉक्टर और स्टाफ की कमी और तमाम आधुनिक संसाधनों की कमी से गंभीर मरीजों को यहां इलाज नहीं मिल पाता है।

### लंबी लाइन में औपचारिकता करते डॉक्टर

जिला अस्पताल की ओपीडी के पर्चा काउंटर पर सुबह से ही मरीजों की लाइन लग गई थी। मरीजों ने काफी जद्दोजहद के बाद पर्चा बनवाया तो फिर ओपीडी में भी चिकित्सकों के कक्ष के बाहर कतार लगाकर इलाज के लिए लगा पड़ा। जैसे तैसे नंबर आया तो डॉक्टर साहब ने एक मिनट में दो-दो मरीजों को देख उनके पर्चे पर अस्पताल की दवा लिख औपचारिकता पूरी की। लेकिन जब दवा लेने को मरीज दवा काउंटर पर पहुंचते हैं तो यहां भी कड़ी मशक्कत के बाद लाइन लगाकर दवा मिल पाती है।

### बाहर की दवा और जांच के लिए लगे रहते एजेंट

जिला अस्पताल में दवा एजेंट डॉक्टरों की ओपीडी चला रहे हैं। डॉक्टर के चेंबर के अंदर और बाहर खड़े एजेंट जांच से लेकर बाहर की दवा खरीदने को मजबूर कर रहे हैं। अगर अस्पताल प्रशासन सीसीटीवी से इन एजेंटों पर नजर रख सख्त कार्रवाई करें।

"शासन प्रशासन के निर्देशानुसार जिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। समय-समय पर अस्पतालों का निरीक्षण कर इसकी मॉनीटरिंग भी की जाती है। अस्पताल आने वाले मरीजों को जांच, इलाज और दवा तथा सुविधाओं में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान दिया जाता है।

-डा. पीके सिंह, सीएमएस

# जर्जर सड़क के निर्माण का वर्षों से इंतजार

संवाददाता, थरियांव

**अमृत विचार।** बारिश होने से सड़क पर गंदा पानी भरा रहता है। जिससे आने जाने में बड़ी परिशानी उठानी पड़ती है। जिससे मोहल्ले के लोगो को बड़ी परेशानी होती रहती है। हसवा ब्लॉक के नौबस्ता ग्राम पंचायत के मेन रोड में बारिश के महीनो में मोहल्ले के ग्रामीणों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है। बावजूद इसके इस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। सचिव का कहना है कि इस सड़क के निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव दोबारा भेज दिया गया है।

कई बार कुछ लोग ये रोड के गंदे पानी में गिरकर चोटिल भी हो चुके है। लेकिन वही जिम्मेदारो को कुछ भी दिखाई नही पड़ रहा है। वहीं मोहल्ले के ग्रामीणों ने बताया है कि प्रधान से कई बार इस बात कि



मार्ग पर हर समय रहता है जलभराव। अमृत विचार

शिकायत कर चुके हैं फिर भी प्रधान इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अगर कोई मोहल्ले में शुभ काम किया जाता है तो आने वाले रिश्तेदार गंदे पानी में गिर कर अपने कपड़े बेकार कर चुके है। वही मोहल्ले के कुछ ग्रामीणों ने बताया है कि यह सड़क का निर्माण पूर्व प्रधान ने करवाया था। प्रधान के साथ-साथ अन्य जिम्मेदारों की भी नजर इस नरक की ओर नहीं पड़ रही है। जिससे ग्रामीणों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। बताया कि कई बार इस सड़क कि शिकायत ब्लॉक में कर भी चुके है। लेकिन कोई अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहा है। जिससे यह दिन पर दिन खराब होती जा रही है। वही सचिव अरुण कुमार ने बताया कि सड़क के निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव दोबारा भेज दिया गया। बजट आने पर निर्माण शुरू होगा।

# महाशिवरात्रि आज, सर्वार्थ सिद्धि योग में होगा पूजन

## शिवालयों में भोर पहर से श्रद्धालु करेंगे दर्शन, व्रत और शिव का जलाभिषेक करने से पूरी होती है मनोकामना

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि का पर्व यानि शुक्रवार को मनाया जाएगा। पंचांग के अनुसार महाशिवरात्रि पर कई शुभ योग एक साथ बने हैं। इसलिए इस साल यह त्योहार बहुत ही शुभ फल देने वाला माना जा रहा है। एक दिन पूर्व शिवालयों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी तिथि को महा शिवरात्रि मनाई जाती है। इस साल की महाशिवरात्रि सर्वार्थ सिद्धि योग, शिव योग, सिद्धि योग व श्रवण नक्षत्र के बेहद शुभ योग के बीच में मनाई जाएगी। भोर पहर से ही शिवालयों में हर-हर महादेव गूंजेगा।

आचार्य धर्मेन्द्र मिश्रा ने बताया कि सर्वार्थ सिद्धि योग में महाशिवरात्रि जैसे महापर्व का होना शिवजी की विशेष कृपा देने वाला माना जा रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग में महाशिवरात्रि का व्रत करने और पूजा करने से हर कार्य में मनचाही सफलता प्राप्त होगी और आपके काम बिना किसी बाधा के पूर्ण होंगे। आपके शिवजी की कृपा से सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। सर्वार्थ सिद्धि योग शुक्रवार को होने से इसका शुभ प्रभाव और भी बढ़ जाता है। इस साल शिवरात्रि भौतिक सुखों में वृद्धि करने वाली मानी जा रही है। महाशिवरात्रि पर शिव योग का संयोग भी बना है। शिव योग साधना, मंत्र, जप और तप के लिए बहुत ही अच्छा होता है। महाशिवरात्रि के दिन शुभ योग होने से साधना पूर्ण होती है और भगवान शिव का आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने बताया कि निशीत काल की पूजा के वक्त सिद्धि योग होगा और इस काल में शिव साधना का संपूर्ण फल प्राप्त होता है। श्रवण नक्षत्र के स्वामी शनिदेव माने जाते हैं जो कि शिवजी के परम भक्त हैं। श्रवण नक्षत्र होने से यह व्रत और भी फलदायी हो गया है।



महाशिवरात्रि को लेकर तैयार हो गए शिवालय।




सिद्धपीठ थवईश्वर मंदिर अमृत विचार

### ऐसे करें भोले बाबा की पूजा

आचार्य के मुताबिक महाशिवरात्रि के दिन शंकर भोले की पूजा अर्चना के संबंध में रात में भगवान शिव जी की आरती करनी चाहिए। महाशिवरात्रि के दिन गलत कार्यों से बचें, साथ ही क्रोध और अंहकार से दूर यशाशक्ति दान-पुण्य भी करें। शिवरात्रि पर रात्रि जागरण का विशेष महत्व है। ऐसे में शिव भक्तों को रात्रि जागरण करते हुए ओम नमः शिवाय का जाप भी करना चाहिए। इससे सुख व समृद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही कन्याओं को मनचाहे वर की प्राप्ति होती है।

### अभिषेक करने से पूर्ण होती कामना

महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का विभिन्न पदार्थों से अभिषेक करने भगवान शिव का विभिन्न प्रकार से अभिषेक करने पर मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। गाय के दूध से अभिषेक करने पर पुत्र की प्राप्ति, गन्ने के रस से अभिषेक करने पर लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। दही से अभिषेक करने पर पशु की प्राप्ति तथा शुद्ध घी से अभिषेक करने पर असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है। शक्कर मिश्रित जल से विद्या व बुद्धि, कुश मिश्रित जल से रोगों की शांति, शहद से धन की प्राप्ति तथा सरसों के तेल से महाभिषेक करने पर शत्रु का समन होता है।

### ये हैं दोआबा के पौराणिक शिवालय

**सिद्धपीठ जागेश्वरधाम**

गाजीपुर-असोथर मार्ग में जागेश्वर सिद्धपीठ है। शिवरात्रि के बाद यहां पर 15 दिवसीय मेला शुरू होता है। पुजारी दिलीप गोसाईं बताते हैं कि द्वापर युग में भगवान शिव की मूर्ति की स्थापना की गई थी। सिद्धपीठ में जलाभिषेक करने के साथ भोग लगाया जाता है।

**कुंडेश्वर मंदिर**

मझिलगांव में कुंडेश्वर महादेव मंदिर जिले का बड़ा शक्तिपीठ है। खासबात यह है कि यह सिद्धपीठ दिनभर में तीन बार रंग बदलता है। आस्थावानों के का जमावड़ा सोमवार और सावन माह में लगता है। मन की मुराद पूरी होने के बाद लोग परदेश से आकर धार्मिक उत्सव करते हैं।

**तांबेश्वर मंदिर में हर सोमवार को मेला लगता**

शहर के सिद्धपीठ तांबेश्वर मंदिर को लेकर लोगों में मान्यता है कि यहां आने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। पूरे वर्ष भर सिद्धपीठ में हर सोमवार को मेला भी लगता है। महाशिवरत्रि के पर्व पर मंदिर में दूर-दराज के लोग दर्शन व पूजन करने के लिए आते हैं। महाशिवरात्रि और सावन माह भर और खासकर सोमवार के दिन भारी भीड़ उमड़ती है।

**सिद्धपीठ थवईश्वर**

बांदा-कानपुर मार्ग के किनारे बसे गांव थवईश्वर मंदिर से लोगों का भारी जनजुड़ाव है। मंदिर के पुजारी दामोदर दासजी महाराज बताते हैं कि मंदिर में भगवान शिव का आशीर्वाद पाने के लिए धूप, दीप और नौवेद्य में गुड़ की भेली चढ़ाई जाती है। इसी का प्रसाद भी बांटा जाता है। नया गुड़ बनाकर शिवलिग पर चढ़ाने की भी पंरपरा है। महाशिवरात्रि पर भक्तों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाएगा।

**डूडेश्वर मंदिर में लगती भारी भीड़**

तहसील मुख्यालय के इस मंदिर से हजारों लोगों की आस्था है। छोटे छोटे धार्मिक अनुष्ठान साल भर होते हैं। अति प्राचीन मंदिर के इतिहास औरंगजेब के शासन काल से जुड़ा हुआ है। मंदिर के पुजारी श्याम नारायण मिश्र ने बताया कि औरंगजेब ने मंदिर को नष्ट करने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुआ है।

**श्रीगूढ़ेश्वर अखंड धाम चांदपुर**

श्री गूढ़ेश्वरधाम पौराणिक मान्यताओं के बाबत आश्रम संरक्षक स्वामी बाल व्यास जी महराज बताते हैं कि कई सौ वर्ष पूर्व चांदपुर में मथुरा सेठ रहता था। उसकी गाय गांव का सारा दिन जंगल में चरने के बाद अपना दूध शिवलिग में गिराती थी।



गंगा घाटों के लिए रवाना होते कांवड़िये। अमृत विचार

# गंगा जल लाने को कांवड़िये गंगा घाटों के लिए हुए रवाना

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

● परिक्रमा करते हुए एक दिन पूर्व से ही शिवभक्त पहुंचे शिवालय

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि को लेकर जहां शिवालय तैयार हैं वहीं कांवड़ियों की चहलकदमी भी तेजी पर रही। कांवड़िए गंगा घाटो से कांवड़ में गंगा जल लेने के लिए रवाना हुए। हर तरफ बम-बम बोल के जयकारे गूंजते सुनाई दिए। बुधवार को दिनभर शहर समेत ग्रामीणांचलों की सड़कों पर शिवभक्तों के जत्थों की चहलपहल देखी गई। यह कांवड़ यात्रा महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को समाप्त होगी। शिवरात्रि पर गंगाजल से भोले शंकर भगवान का जलाभिषेक करेंगे। गुरुवार को शिवभक्त जत्थे के साथ ओमघाट भिटौरा से कांवड़ लेने के निकल पड़े। यह कांवड़ियां वहां से पैदल ही कांवड़ लेकर वापस लौटेंगे। इसी के साथ हसवां, जहानाबाद, चौडगरा समेत अन्य कस्बा और उसके सीमापवर्ती गांव से भी कांवड़िए टोलियों के रूप में अपने-अपने घरों से विदाई लेकर कांवड़ भरने निकले। इसी के साथ यह कांवड़ियां पैदल गंगा घाटों तक पहुंचेंगे और पैदल ही वापस आकर शिवालयों में पूजा अर्चना करेंगे। कावड़ यात्रा से भोले के जयकारे सड़कों पर गूंजते रहे। जिससे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय होता नजर आया।

# छूटी प्रयोगात्मक परीक्षा देने का मिला आखिरी मौका

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर

● मुख्यालय के तीन केन्द्रों में 13 एवं 14 मार्च को होगी परीक्षा

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं में किसी कारणवश शामिल नहीं हो पाने वाले विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। यूपी बोर्ड ने इन्हें एक और मौका दिया है। 13 एवं 14 मार्च को निर्धारित केंद्रों पर इनकी प्रयोगात्मक परीक्षा होगी। यह आखिरी मौका होगा। ऐसे परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र लेकर परीक्षा केंद्र पर जाना होगा।

डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि यूपी बोर्ड की ओर से प्रायोगिक परीक्षा न दे पाने वाले इंटरमीडियट के विद्यार्थियों की परीक्षाएं फरवरी माह में कराई गई थी। कुछ परीक्षार्थी प्रयोगात्मक परीक्षा नहीं दे सके हैं। ऐसे छूटे परीक्षाथियों को बोर्ड ने अन्तिम अवसर देते हुए उनकी प्रयोगात्मक परीक्षा 13 एवं 14 मार्च को होगी। भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान की प्रयोगिक परीक्षाएं राजकीय इंटर कालेज, गृह विज्ञान की राजकीय बालिका इंटर कालेज एवं भूगोल की परीक्षा सदाशिव इंटर कालेज रेल बाजार में कराई जाएगी।

# एसडीओ व जेई को निलंबित किया

**फतेहपुर।** बेरुइहार एसडीओ मयंक वर्मा और शांतिनगर विद्युत उपकेंद्र में तैनात जेई अमर बहादुर यादव को अनियमितता और लापरवाही बरतने के आरोप में जांच में दोषी पाए जाने पर ऊर्जा निगम के प्रबंधक निदेशक शंभु कुमार ने निलंबित कर दिया।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि एसडीओ और जेई पर वाणिज्यिक उपभोक्ताओं का स्थलीय निरीक्षण कर इनकी संख्या वृद्धि करने व स्थलीय निरीक्षण कर वास्तविक गतिविधियों को संचालित करने वाली संस्थाओं के कार्यों में लापरवाही बरतने की शिकायत हुई थी। जिसकी जांच में सामने आया कि दोनों ने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही की।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने गौ संरक्षण केंद्र की रखी आधारशिला

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

● जनप्रतिनिधियों ने मौजूद ग्रामीणों से संवाद भी किया

● एक करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से बनेगा संरक्षण केन्द्र

**अमृत विचार।** विजयीपुर विकासखंड क्षेत्र के रायपुर भसरौल व खासमऊ गांव में गुरुवार को केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति व क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान ने गौ-संरक्षण केंद्र का शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने जनता से संवाद कर समस्याएं भी सुनी। इस दौरान उन्होंने साफ सफाई को लेकर भी सख्त निर्देश दिए।

केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति सबसे पहले रायपुर भसरौल गांव पहुंची। जहां उन्होंने 1.60 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले गौ-संरक्षण केंद्र का शिलान्यास किया। वहीं छह महीने के अंदर ही गौशाला निर्माण का कार्य शुरू कराने को लेकर ठेकेदार से चर्चा की। गौशाला के शिलान्यास के दौरान उन्होंने क्षेत्र के थुरियानी चौराहे पर जनता से बातचीत कर लोगों की समस्यायों को भी सुना। इस दौरान लोगों ने आवास, किसान सम्मान निधि, पेंशन, सड़क व विद्युत व्यवस्था को लेकर लोगों ने शिकायत भी की। इसके बाद उन्होंने रास्तों पर लगी गंदगी के अम्बार को लेकर भी फटकार लगाई। उन्होंने रास्तों से कीचड़ हटाने के लिए निर्देश दिया। इसके बाद केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति खासमऊ गांव पहुंची। जहां गौशाला निर्माण का शिलान्यास किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति से विजयीपुर गाजीपुर मार्ग को लेकर लोगों ने नाराजगी जताई।




केन्द्र का शिलान्यास करतीं केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति। अमृत विचार

### चलाया गया सफाई अभियान

क्षेत्र में केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के आने की सूचना हुई तो कर्मचारियों की नींद हराम हो गई। बुधवार की शाम आनन फानन में सभी ब्लाक कर्मचारी रायपुर भसरौल पहुंचे। गंदगी से पटी गलियों में पूरी रात सफाई अभियान चला, गलियां साफ कराई गईं। राज्यमंत्री के सामने लोग कर्मचारियों की पोल न खोलें, इसके लिए रात भर भाजपाइयों ने हवा में पुल बांधे। कोई सड़क को बनवाने की बात करने लगा तो कोई गरीबों को तत्काल आवास मुहैया कराने लगा।

**गोद लिए गांव की हो गई दुर्दशा**

विजयीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर गांव को सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने गोद लिया है। इस गांव की गलियों की दुर्दशा है। एक भी बार राज्यमंत्री ने गोद लिए गांव की फ़िक्र नहीं की। गांव के हालात बद से बदतर होरहे हैं। गांव की गलियों में कीचड़ का अम्बार लगा है लोगों का निकलना दूभर हो रहा है।

**जिंदगी से खिलवाड़** बिजलीकर्मियों की सेफ्टी के इंतजाम कागजों तक सीमित, जान हथेली पर रखकर काम करने को मजबूर कर्मी

# दस्ताने हैं न सेफ्टी बेल्ट, करा रहे जोखिम वाला काम

संवाददाता फतेहपुर

● नौ सौ से अधिक संविदा कर्मचारी की सुरक्षा भगवान भरोसे चल रही

**अमृत विचार।** बिजली कर्मचारियों के सेफ्टी के इंतजाम कागजों तक सीमित है। आए दिन होने वाले हादसों व सुरक्षा के बाबत कर्मचारियों की आवाज पर अफसरों की आंखे बंद है। नतीजतन बिना सुरक्षा कर्मचारी जान हथेली पर रख काम करने पर मजबूर है। आयदिन विभिन्न स्थानों में संविदा कर्मचारी बिना सेफ्टी के इंतजाम के ही तार जोड़ते दिखाई दे रहे हैं।

हादसों के बाद जागते हैं जिम्मेदार एक एजेंसी के माध्यम से जिले भर में नौ सौ से अधिक संविदा कर्मचारी की सुरक्षा भगवान भरोसे है। सुरक्षा के नाम पर कागजों में कर्मचारी ग्लव्ज, हेलमेट, प्लास, हाइड्रोलिक सीढ़ी, जूते व टार्च आदि के लैश है। लेकिन धरालत में कर्मचारी नंगे हाथ बिजली के तार जोड़ने पर मजबूर है।




जिले के कई उपकेन्द्रों में हाइड्रोलिक सीढ़ी नहीं है। शहरी क्षेत्र के प्रति उपकेन्द्र में एक प्लास, दो ग्लव्ज के सहारे सभी कर्मचारियों को सुरक्षित रखने का दावा किया जा रहा है।

### सुरक्षा के नाम पर डाला जा रहा डाका

कर्मचारियों की सुरक्षा के नाम पर अप्रत्यक्ष रूप से डाका डाला जा रहा है। अफसरों व एजेंसी के जिम्मेदारों की जुगलबंदी में सैकड़ों की जान खतरे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि सुरक्षा किट व संसाधन की खरीरफरोख्त कागजों में करके बड़े बजट में खेल किया जाता है। दबाव पर शहरी क्षेत्र के कर्मचारियों के थोड़ा बहुत संसाधन मुहैया करा कर आवाज बंद कर दी जाती है। आवाज उठाने पर बाहर किए जाने की धमकी दी जाती है।

# संसाधनों की कमी से जूझ रहा बिजली थाना

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** बिजली विभाग की भांति ही विभागीय थाना भी संसाधनो की कमी से जूझ रहा है। कम्प्यूटर संग ऑपरेटर की कमी के कारण दर्ज एफआईआर को डिस्पोजल कराए जाने में थाना पुलिस को इंतजार करना पड़ता है। साथ ही विभागीय कर्मियों द्वारा की जाने वाली चेकिंग के दौरान यदि अधिक रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है तो उन्हे भी इसके लिए इंतजार करना पड़ता है। जिससे थाने के स्टाफ के सामने समस्याएं खड़ी हो रही हैं।

बिजली विभाग द्वारा वृहद स्तर पर चलाए जाने वाले अभियान के दौरान थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने की संख्या अधिक हो जाने के कारण विभागीय कर्मियों को इंतजार करना पड़ता है। थाने में महज दो कम्प्यूटर व ऑपरेटर होने के चलते विभाग को परेशानियां उठानी पड़ती है। वहीं थाने में चोरी के मामलों में जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद दर्ज की जाने वाली रिपोर्ट की जांच प्रक्रिया पूरी किए जाने के बाद उसे डिस्पोजल कराए जाने में थाने के स्टॉफ को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# तीन लाख आबादी की मच्छरों से 'रक्षा' को सिर्फ चार फॉगिंग मशीन

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शहर की आबादी के सापेक्ष नगर पालिका के खेमे में फॉगिंग मशीनों की मौजूदगी न होने के कारण शहरियों की मुसीबते बढ़ती जा रही है। गर्मी की दस्तक होने के बाद गंदगी से पटी पड़ी नालियों व कूड़े के ढ़ेर में मच्छरों का लार्वा पनप रहा है। जिससे शुरुआती दौर में ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से अस्पतालों में बुखार पीड़ितों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। आलम यह है कि शहर की करीब तीन लाख की आबादी में महज चार छोटी-बढ़ी फॉगिंग मशीनों के सहारे पालिका दावे कर रही है।

75 हजार लोगो पर एक मशीन

शहर की आबादी के सापेक्ष पालिका के पास महज दो बड़ी व दो छोटी फॉगिंग मशीने ही मौजूद है।



● 75 हजार लोगों के बीच सिर्फ एक मशीन, गर्मी की दस्तक से बढ़ चुकी है मच्छरों की फौज

जो शहर के लिए नाकाफी साबित हो रही है, शहर की कुल आबादी के अनुसार देखा जाए तो प्रति 75 हजार की आबादी पर महज एकमात्र फॉगिंग मशीन है। जिसके सहारे पालिका शहर में मानक के अनुसार फॉगिंग कराए जाने के दावे करते नहीं थक रहा।

### पंद्रह दिनों में आता है एक बार नंबर

फॉगिंग मशीनों की कमी होने के कारण एक मोहल्ले में फॉगिंग कराए जाने के बाद दोबारा उस मोहल्ले का नंबर करीब 15 दिनों बाद आता है। जिससे एक बार की फॉगिंग के बाद बचे समय में पुन मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। जिससे शहर में मच्छर जनित बीमारियों का खतरा भी मंडराता रहता है।

**एक वार्ड में दो मशीन**

नालियों में दवा का छिड़काव कराए जाने के लिए नगर पालिका के पास प्रति वार्ड दो मशीनों के अनुसार उपलब्धता है। बताया कि समय-समय पर शहर के वार्डों सहित मोहल्लों में एंटी लार्वा का छिड़काव के साथ ही फॉगिंग कराई जाती है।

# बच्चों को असाध्य रोगों से बचाता है टीकाकरण

संवाददाता फतेहपुर

- छह प्रकार की गंभीर बीमारियों से होता है बचाव
- सभी सरकारी अस्पतालों में टीके की है उपलब्धता

**अमृत विचार।** किसी बीमारी से लड़ने के लिए और इम्युनिटी बढ़ाने के लिए टीके का अहम योगदान होता है। संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए टीकाकरण सबसे अधिक प्रभावी माना जाता है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में कई बच्चे टीकाकरण से अछूते रह जाते हैं, हालांकि पिछले पांच वर्षों में दोआबा में टीकाकरण का आंकड़ा बढ़ा है।

बीमारी के दौरान भी टीकाकरण सुरक्षित टीके लगवाने के दिन अगर बच्चा मामूली रूप से बीमार रहे या सर्दी-जुकाम, दस्त या किसी अन्य बीमारी से पीड़ित हो तब भी उसे समय पर टीका लगवाना सुरक्षित है। शिशु को लगने वाला कोई टीका



पकता है और किसी को बुखार आता है या दर्द होता है तो ऐसी स्थिति में घबराएं नही। टीबी की बीमारी से बचाने वाला बीसीजी टीका पक भी सकता है। इससे कोई परेशानी नहीं।

**इन रोगों से करता बचाव:** डा. मूलचन्द्रा ने बताया कि टीकाकरण से खसरा, टिटनेस, पोलियो, टीबी, गलघोंटू, काली खांसी, हेपेटाइटिस बी रोग बचाव होता है।

### टीकाकरण पूरी तरह निशुल्क

शून्य से दो साल तक के बच्चों को छह तरह की जानलेवा बीमारियों से टीके से बचाव किया जा सकता है। गर्भवती को टिटनेस के टीके जरूर लगवाने चाहिए, जिससे डिलीवरी के समय बच्चे को टिटनेस का डर न रहे। बच्चे के पैदा होते ही बीसीजी का टीका और पोलियो ड्राप्स पिलाना चाहिए।

### यह जरूरी बातें भी जानें

- बच्चों मे बीसीजी का टीका, डीपीटी के टीके की तीन खुराक, पोलियो की तीन खुराक व खसरे का टीका उनके एक साल के होने से पहले जरूर लगवा लें।
- भूलवश कोई टीका छूट जाने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता, डाक्टर से संपर्क कर टीका लगवाएं। यह सभी टीके उप स्वास्थ्य केंद्र, पीएचसी-सीएचसी और जिला महिला अस्पताल पर निशुल्क उपलब्ध हैं।
- टीके तभी असरदार होते हैं जब सभी टीकों का पूरा कोर्स सही उम्र में हो।

> बच्चों के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं को भी टीके समय से जरूर लगवाने चाहिए। इससे मां के साथ-साथ होने वाला बच्चा बीमारियों से दूर रहेगा और कभी कोई असाध्य रोग से ग्रसित नहीं होगा। सरकारी अस्पतालों में सभी तरह के टीके उपलब्ध हैं।
>
> **डा. इस्तियाक अहमद, एसीएमओ**

## अवैध आरा मशीन संचालक पर रिपोर्ट

**बिन्दकी।** चांदपुर थाना क्षेत्र के जारा गांव के पास खेतों में राम आसरे पुत्र छेदुआ द्वारा अवैध रूप से आरा मशीन चलाई जा रही थी। यह आरा मशीन काफी दिनों से संचालित हो रही थी मुखबिर ने मामले की सूचना पुलिस को दी थी।

पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर मौके पर जाकर छापेमारी की कार्रवाई की तो अवैध रूप से चलाई जा रही आरा मशीन पकड़ी गई मौके से लकड़ी का बुरादा भी बरामद हुआ जो ताजा था। पुलिस ने आरोपी अवैध रूप से चलने वाले आरा मशीन संचालक रामा आसरे के खिलाफ वन अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने बताया कि अवैध आरा मशीन चलने की जानकारी मिली थी।

# दसवीं में 2283 तो इंटर में 1116 गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- हाईस्कूल में सामाजिक विज्ञान तो इंटर में रसायन व समाजशास्त्र की हुई परीक्षा
- केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे सचल दल, नहीं मिला कोई भी नकलची



परीक्षा केन्द्र से निकलतीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा में लगातार परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति जारी है। गुरुवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल समाजिक विज्ञान की परीक्षा में 2283 तो द्वितीय पाली इंटरमीडियट की रसायन विज्ञान एवं समाजशास्त्र की परीक्षा में 1084 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। मुख्य विषयों की परीक्षा होने के कारण दोनों पालियों में सचल दल एवं अधिकारी केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे। परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गई।

हाईस्कूल समाजिक विज्ञान की परीक्षा में कुल 38143 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। जिसमें 35860 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 2283 परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति दर्ज की गई। इसी पाली में इंटरमीडिएट की व्यवसायिक विषयों की परीक्षा में पंजीकृत 888 परीक्षार्थी में 32 की अनुपस्थिति दर्ज की गई और शेष ने परीक्षा दी। इसी तरह से द्वितीय पाली में इंटरमीडियट की रसायन विज्ञान एवं समाजशास्त्र की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें पंजीकृत 22657 परीक्षार्थियों में 1084 की अनुपस्थिति दर्ज की गई। निगरानी को डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी एवं बीएसए पंकज यादव रहे।

# एचटी लाइन की चपेट में आकर कांवड़िए की मौत

## अल्लीपुर फ्लाईओवर के पास गीले हरे बांस को खड़ा करते वक्त हाइटेंशन लाइन में छू जाने पर हुआ हादसा

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** मलवां थाना क्षेत्र के अल्लीपुर फ्लाई ओवर के पास हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर एक कावड़िया गंभीर रूप से झुलस गया। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

ललौली थाना क्षेत्र के सुजानपुर गांव निवासी मौजी लाल रैदास का पुत्र रज्जन रैदास बुधवार की शाम गांव निवासी कावड़ियों के साथ मलवां थाना क्षेत्र के आदमपुर गंगा घाट जल लेने जा रहा था। जब वह मलवां थाना क्षेत्र के अल्लीपुर फ्लाई ओवर के पास पहुंचा। तभी अपने हाथ में लिए गीला हरा बांस उसने खड़ा किया तो ऊपर से गुजरी हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर गम्भीर रूप से झुलस गया। पुलिस उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां



डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए माच्युरी हाउस में रखवा दिया। अस्पताल पहुंचे कावड़िया राम कुमार पासवान ने बताया कि वह लोग आदमपुर गंगा घाट जल लेने जा रहे थे। मृतक के पास हरा लंबा बांस था। रास्ते में उसने जैसे ही उसने खड़ा किया ऊपर से गुजरी हाइटेंशन लाइन से छू गया।

### हीटर से लगा करंट युवक की मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के देवीगंज मुहल्ले में गुरूवार की सुबह हीटर से तापते समय युवक करंट की चपेट में आ गया। परिजनों को जानकारी हुई तो तुरन्त उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के देवीगंज मोहल्ला निवासी मोहन उर्फ पुत्तन का पुत्र अनुज कुमार गुरूवार सुबह घर पर नहाने के बाद हीटर में ताप रहा था। तभी वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया। अचानक निकली उसकी चीख की आवाज सुनकर परिजन दौड़े और उसको इलाज के लिए अपने वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसको मृत घोषित कर दिया। वहीं साथ आए उसके परिजन मृतक के शव को अपने साथ घर लेकर चले गए।

### रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन से युवक कटा

**थरियांव।** गुरूवार सुबह खेत में पानी लगाने गए युवक की रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थरियांव थाना क्षेत्र के टेकसरी बुजुर्ग गांव निवासी श्रीचंद्र मौर्य पुत्र संकरलाल मौर्य गुरूवार सुबह खेत में पानी लगाने घर से गए थे। काफी देर तक वह वापस नहीं लौटा तो परिजन खेत पहुंचे। जहां उसके मौजूद न होने से परेशान हो उठे और घर वापस लौट गए। वहीं कुछ पास के ग्रामीण अपने खेत से लौट रहे तभी देखा के रेलवे लाइन पास के युवक का शव क्षतिग्रस्त हालत में पड़ा था। शव की पहचान के बाद परिजनों को जानकारी दी तो मौके पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### संदिग्ध हालात में युवक का मिला शव

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के विजयीपुर गांव में बुधवार शाम को संदिग्ध हालात में युवक का शव मिला है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी है। विजयीपुर गांव निवासी ओमकार कश्यप को शाम को उसकी मा रानी देवी खाना देने कमरे में गई तो देखा कि पुत्र ओमकार का शव बेड के बगल में जमीन पर पड़ा था। शव देखकर मां चीख पड़ी। घर के अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे। युवक शराब का लती था। युवक की विजयीपुर चौराहा पर दुकान है। मृतक की पत्नी शिखा देवी करीब एक सप्ताह पहले अपने मायके चली गई थी। गुरुवार की सुबह मृतक के बड़े भाई उदय कश्यप ने पुलिस को सूचना दी है। सीओ बृजमोहन राय, थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज महेंद्र प्रताप सिंह और फील्ड यूनिट टीम मौके पर जाकर जांच की।

## हुसेनगंज थाने का निरीक्षण किया

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा गुरूवार को थाना हुसैनगंज का वार्षिक निरीक्षण किया गया। गार्द की सलामी लेने के बाद थाना परिसर का भ्रमण करते हुए बैरक, मेस, शौचालय, प्रशासनिक भवन अंतर्गत थाना कार्यालय हवालात को चेक कर सम्बन्धित को समुचित साफ-सफाई/रख रखाव के निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान थाना मालखाना का भौतिक निरीक्षण करते हुए शस्त्रों का रख-रखाव एवं उनके साफ-सफाई का चेक किया गया। उन्होंने थाने के अभिलेखों में आगन्तुक रजिस्टर, गार्द फ़ाइल, कैशबुक, रजिस्टर नम्बर आठ, बीट सूचना रजिस्टर, ऑर्डर बुक, आर्डर बुक न्यायालय, मालखाना रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी लिस्ट, आदि का देख कर प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए गए। उन्होंने चौकीदारों की समस्याओं के तत्काल निराकरण करने के लिए प्रभारी निरीक्षक थाना हुसैनगंज से कहा।

## सार-संक्षेप

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को अर्पित किए श्रद्धा के पुष्प

**फतेहपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर दरियाव सिंह उनके पुत्र सुजान सिंह, भाई निर्मल सिंह, भतीजे बख्तावर सिंह, रघुनाथ सिंह, तुरंग सिंह के बलिदान दिवस पर ज्वालागंज बस स्टॉप के समीप ठाकुर दरियाव सिंह के प्रतिमा स्थल पर घी के दीपक जलाकर व प्रतिमा का माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय शक्ति महासभा के जिला अध्यक्ष विजय सिंह गौर, जिला मंत्री आरके ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष संजय सेंगर, बार एसोसिएशन के पूर्व जिला महामंत्री आशीष गौड़, युवा महिला जिलाध्यक्ष कल्पना सिंह, राजीव गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने ईओ के साथ जाना गौशाला का हाल

फोटो परिचय-13 गौशाला का औचक निरीक्षण करने पहुंची अध्यक्ष एवं ईओ

**धाता फतेहपुर।** नगर पंचायत धाता के लक्ष्मण चंचल गौशाला का हाल जानने के लिए गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज एवं अधिशाषी अधिकारी अजीत कुमार बागी औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान हरा चारा एवं चूनी चोकर पर्याप्त मात्रा में मिला। नगर अध्यक्ष ने गौशाला के सफाई कर्मियों से कड़े शब्दों में कहा कि सफाई व्यवस्था में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं अधिशाषी अधिकारी अजीत कुमार बागी ने गौशाला में तैनात सहायक चिकित्सक से कहा कि मौसम के बदलाव को देखते हुए गौवंशों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान दिया जाए। जिससे कोई भी गौवंश मौसमी बीमारी से ग्रसित ना होने पाए। जरूरी दवाएं पर्याप्त मात्रा में हर समय गौशाला में मौजूद रहना चाहिए। कोई भी कमी होने पर तत्काल सूचित करें। बता दें कि गौशाला में एक गौवंश ने बुधवार को एक बछड़े को जन्म दिया। जिसे नगर अध्यक्ष रेखा सरोज दुलारती हुए नजर आईं। गौशाला निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सरोज, मनीष पासवान सहित गौशाला कर्मी मौजूद रहे।



देहदानी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जुटे लोग। अमृत विचार

### देहदानी देवेन्द्र को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**फतेहपुर।** भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता के अमर देहदानी पिता स्व. देवेंद्र प्रकाश गुप्ता की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सलाहकार श्याम मूर्ति गुप्ता, प्रदेश प्रभारी संगम लाल गुप्ता, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता, जिलाध्यक्ष विजय गुप्ता, प्रदेश महामंत्री रमेश गुप्ता कानपुर, नगर अध्यक्ष संतोष गुप्ता, युवा अध्यक्ष राहुल गुप्ता, अजय गुप्ता एडवोकेट, विजय गुप्ता, डीके गुप्ता एडवोकेट, सतीश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता सहित राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन समर्पित करते हुए उनको दोसर वैश्य दधीच सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा की। उधर अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष नरेश माहेश्वरी एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री अजय गुप्ता ने भी श्रद्धांजलि सुमन अर्पित करते हुए उनको वैश्य रत्न से सम्मानित करते हुए सम्मान पत्र दिया। उन्होंने कहा कि स्व. बाबूजी ने देहदान करके समाज में एक संदेश देने का कार्य किया है, जो हम सबके लिए अनुकरणीय है और चिकित्सा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को समाज सदैव याद रखेगा। इस मौके पर परिषद की महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष वंदना गुप्ता, संजीव, बबलू, महिला इकाई की प्रदेश उपाध्यक्ष सरोज गुप्ता, श्याम बाबू गुप्ता, राम अवतार गुप्ता, विश्वास गुप्ता, रंजन गुप्ता, मेजर दिनेश चंद्र गुप्ता, गीता गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, नैंसी गुप्ता, इच्छा गुप्ता, रागिनी गुप्ता सहित समाज के तथा परिवार के लोग उपस्थित रहे।

### जल उपभोक्ता समितियों को इंडिया टीम ने दिया प्रशिक्षण

**फतेहपुर।** ग्राम पंचायत भवन कंशमीरीपुर में गुरुवार को डब्लूडब्लूएफ इंडिया और सिंचाई खंड ने लोअर गंगा कैनाल की 100 जल उपभोक्ता समितियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत संयुक्त रूप से जिले की खजुहा रजबहा के अन्तर्गत आने वाली अल्पिका के पांच जल उपभोक्ता समितियां को जागरूकता बढ़ाने और उनको क्रियाशील करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें लखनऊ से वरिष्ठ एक्सपर्ट फनीस सिन्हा और रमाकांत आर्या ने जल उपभोक्ता समिति के सदस्यों को विभिन्न प्रकार के उनके अधिकारों और नहर के रखरखाव और पानी के बंटवारे और आपसी सामंजस के ऊपर जोर देते हुए प्रशिक्षण दिया साथ ही डब्लूडब्लूएफ इंडिया से सीनियर कॉर्डिनेटर राजेश बाजपेई, सीनियर परियोजना अधिकारी हिमांशु शर्मा, धर्मेंद्र बघेल, योगेंद्र यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## मीटर रीडरों की कंपनी के अफसरों से वार्ता विफल

**बिंदकी फतेहपुर।** मीटर रीडर तथा कंपनी के अधिकारियों के बीच पूरी तरह से वार्ता सफल नहीं हुई। मीटर रीडर इस बात पर अड़े रहे कि मौखिक नहीं लिखित आश्वासन चाहिए। अन्यथा उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। बताते चले कि पिछले एक सप्ताह से मीटर रीडरों की हड़ताल के कारण नगर व क्षेत्र में मीटर बिलिंग का कार्य ठप पड़ा हुआ है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविधान कर्मचारी संघ मीटर रीडर इकाई के तत्वाधान में एक सप्ताह से नगर के निकट खजुहा रोड स्थित विद्युत उप केंद्र में मीटर रीडर विभिन्न मांग को लेकर हड़ताल में हैं। मीटर रीडरों की मांग है कि उनका वेतन वॉलेट में न देकर सीधे खाते में दिया जाए, 27 माह का इपीएफ खाते में दिया जाए, वेतन फिक्स किया जाए। गुरुवार को संविदा मीटर रीडरों की भर्ती करने वाली कंपनी के अधिकारी ने मीटर रीडर से बात किया और हड़ताल समाप्त करने तथा मीटर बिलिंग शुरू करने को कहा।

## चेतावनी नोटिस के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण

संवाददाता, औंग फतेहपुर

**अमृत विचार।** तहसील बिन्दकी के नेशनल हाईवे स्थित कस्बा औंग में गत माह नाला व पैदल चलने वाले फुटपाथ में दोनों तरफ अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों द्वारा उच्चाधिकारियों को शिकायत भेजी गई थी। जिसमें अतिक्रमणकारियों को तीन दिन के अल्टीमेटम के साथ नोटिस जारी हुई थी, लेकिन अवधि समाप्त होने के बावजूद अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया। हद तो तब हो गई जब शिकायत निस्तारण में फर्जी तरीके से अतिक्रमण हटाने की रिपोर्ट लगा दी गई।

गत माह फुटपाथ व नाला में ताबड़तोड़ हो चुके स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए नेशनल हाईवे की धारा-26 लैंड एंड ट्रैफिक एक्ट 2002 के अन्तर्गत प्रत्येक अतिक्रमणकारी को नोटिस जारी हुई थी।

### कार्यदाई संस्था की सुस्ती

चेतावनी नोटिस की समय सीमा समाप्त होने के बाद उक्त कार्यदाई संस्था को बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करनी चाहिए थी, लेकिन सत्ता पक्ष के राजनैतिक लोगों द्वारा इसमें रुकावट डालने के इनपुट सामने झलक रहे हैं। कानपुर से प्रयागराज के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास एवम रखरखाव के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 5 के तहत कार्यदाई संस्था मे. त्रिवेणी संगम हाईवे प्राइवेट लिमिटेड को गजट संख्या 1533 के अन्तर्गत सशक्त अधिकार प्रदान किए गए हैं। इसी कार्यदाई संस्था ने अतिक्रमण हटाने की करीब पंद्रह लोगों को नोटिस जारी की थी। इस कस्बे में नाला व फुटपाथ का अतिक्रमण हटने के बजाय दिन प्रतिदिन नासूर बनता जा रहा है। नेशनल हाईवे की दिल्ली हेल्पलाइन ने बताया था कि गुरुवार को अतिक्रमण न हटे तो इसका पुनः अनुस्मारक भेज दिया जाय।

> हमारे पास नाला व फुटपाथ के दोनों तरफ के अतिक्रमण हटा दिए जाने की रिपोर्ट आई है। जिसकी जांच कराई जाएगी।
>
> **-अमन रोहिल्ला, पीडी नेशनल हाईवे**

## लोकसभा चुनाव को लेकर पीस कमेटी की बैठक

**बिंदकी।** लोकसभा चुनाव कोतवाली में पुलिस क्षेत्राधिकारी व तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक हुई। अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही लोकसभा चुनाव होंगे, जिसको देखते हुए सभी लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। बैठक में महाशिवरात्रि व होली पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई।

कोतवाली परिसर में पुलिस सीओ सुशील कुमार दुबे, तहसीलदार अचिलेश कुमार व नायब तहसीलदार रवि कुमार की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक हुई। अधिकारियों ने मौजूद लोगों से कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव जल्द होने वाले हैं जिसकी अधिसूचना भी जल्द ही जारी हो जाएगी। कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी लोग शांति व्यवस्था बनाए रखें यदि किसी ने गैर कानूनी कार्य किया तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम में सजाई गई आकर्षक रंगोली। अमृत विचार

## हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम में मिला पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** देवमई ब्लाक परिसर में गुरुवार को हमारा आंगन-हमारे बच्चे, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत खंड शिक्षा अधिकारी देवमई प्रवीण शुक्ल व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई।

कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत से शैक्षणिक स्तर पर पांच निपुण बच्चे, जिनमें दो बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र के रहे, को पुरस्कृत किया गया। वहीं बाल वाटिका आयु वर्ग से 5 से 6 वर्ष के दो बच्चे हर न्याय पंचायत के जो कि आंगनवाड़ी केंद्रों में नामांकित हैं, को पुरस्कृत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने निपुण भारत एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष में बुनियादी शिक्षा के उद्देश्यों का वर्णन किया। एआरपी ललित उमराव ने भी कार्यक्रम के बारे में विस्तार से उपस्थित समुदाय को जानकारी दी। उन्होंने माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी। वहीं ब्लॉक के सीडीपीओ अर्जुन सिंह ने आंगनबाड़ी केंद्र की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक कंचन वर्मा, ज्योति त्रिवेदी, अरुणा सिंह, कल्पना गौतम, आशीष पटेल, पूनम अवस्थी, पंकज तिवारी, प्रेमलता, रामप्रताप, रेनू पाल आदि रहीं।

नई तकनीक | एआरओ और इंट्रिगा की टीम ने दिया प्रशिक्षण ,पॉश मशीन, तौल मशीन और आइरिस स्कैनर की जानकारी दी

# राशन विक्रेताओं को दिया गया नई मशीनों का प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** आधार आधारित सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और पारदर्शी बनाने के लिए खाद्य एवं रसद विभाग ने वीए 21- ई-पॉश मशीन की नई टेक्नोलॉजी के तहत ई-वेइंग मशीन को कनेक्ट करते हुए तहसील बिंदकी के समस्त उचित दर विक्रेताओं को एआरओ के नेतृत्व में इंट्रिगा की टीम ने प्रशिक्षण दिया। जिसमें बताया गया कि अब कोई भी विक्रेता घटतौली नहीं कर सकेगा। साथ ही यह भी बताया गया कि अब उपभोक्ताओं और विक्रेताओं को आपसी सामंजस्य बनाकर चलना होगा, क्योंकि इस सुविधा से एक उपभोक्ता को कम से कम खाद्यान्न लेने में 20 मिनट लगेगा। इसलिए अब जल्दबाजी न करें। बिंदकी तहसील परिसर सभागार



कार्यक्रम में कोटेदारों को दिया गया प्रशिक्षण। अमृत विचार

में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अमरेंद्र त्रिपाठी के नेतृत्व में घटतौली को लेकर पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से इंट्रिगा की टीम ने नए ई-पॉश मशीन और वेइंग मशीन तथा आइरिस स्कैनर का प्रशिक्षण तहसील के सभी ब्लाकों और नगरीय उचित दर विक्रेताओं को डेमो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान एआरओ ने बताया कि प्रदेश सरकार के मंशानुसार ही नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है, क्योंकि कुछ विक्रेताओं द्वारा तौल में घटतौली की जा रही थी। जिसकी कई बार शिकायतें दर्ज हुई हैं। जिसके कारण खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा नई टेक्नोलॉजी के तहत वेइंग मशीन और ई-पॉश मशीन प्रदेश के सभी जनपदों में इसी माह से लागू करने के निर्देश दिए हैं। इंट्रिगा टीम ने सर्वप्रथम प्रशिक्षण में पॉश मशीन में पेपर रोल लगाने की विधि बताई और उसके बाद मशीन को चालू करने, पॉवर एडॉप्टर को जोड़ना, उचित दर विक्रेता प्रमाणीकरण, प्रमाणीकरण सहमति फॉर्म, खाद्यान्न बिक्री, तौलने की मशीन को पॉस मशीन से जोड़ना, ब्लूटूथ का पासवर्ड दर्ज करने, स्वचालित रूप से पॉश मशीन तौलने की मशीन से जुड़ना, पीडीएस राशन विकल्प, लाभार्थी का कार्ड नंबर, लाभार्थी का नाम, उंगली स्कैनर, खाद्यान्न विवरण पृष्ठ जो पीले बॉक्स का चयन करेगा, चयनित वस्तु को तौलने की मशीन पर रखना, लेनदेन पुष्टिकरण तथा रसीद में लेनदेन समेत लगभग 17 बिंदुओं पर जानकारी दी गई। प्रधान लिपिक विनोद कुमार, कनिष्क लिपिक जितेंद्र कुमार और हितेश गौतम आदि उपस्थित रहे।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के विजईपुर गांव में एक युवक की घर के अंदर कमरे में संदिग्ध अवस्था में मौत होने की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

थाना क्षेत्र के विजईपुर गांव निवासी ओमकार की बुधवार की रात घर के अंदर कमरे में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे मृतक के भाई उदय कुमार ने बताया कि भाई की तीन वर्ष शादी हुई थी। उनका पत्नी से विवाद चल रहा था। वह शराब पीने का आदी था। बुधवार रात वह अपने कमरे में था और कमरा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी।

# तेज धूप निकली, किसान फसल की कटाई में जुटे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मौसम की बेरुखी से किसानों की धड़कने बढ़ गई हैं। पिछले हफ्ते बारिश व ओलों से हुए नुकसान के बाद सहमें किसान गुरुवार को आसमान साफ होने व तेज धूप निकलते ही परिजनों के साथ खेतों में पहुंच गए। इसके साथ ही लाही व सरसों की कटाई व थ्रेसरिंग का काम तेज होने से खेतों में चहल पहल दिखाई दी।

तापमान में उतार चढ़ाव के साथ ही मौसम बार बार रुख बदल रहा है। बीते मंगलवार की रात में पारा सामान्य से करीब सवा तीन डिग्री नीचे गिर गया। वहीं बुधवार को दिन में आसमान साफ रहने व धूप निकलने के बाद भी पारा सामान्य से सवा चार डिग्री नीचे रहा। जबकि तेज ठंडी उत्तर पश्चिमी हवा राहगीरों को सर्दी का अहसास कराती रहीं। गुरुवार को सुबह से तेज धूप निकलने पर किसान खेतों के काम में जुटे दिखे। मौसम विभाग की मानें तो आसमान साफ रहने के साथ तेज हवा जारी रहेगी।

### खेतों में दिखने लगी है रौनक

जनपद में पिछले हफ्ते हुई बारिश व ओले गिरने से पककर तैयार लाही सरसों की कटाई का काम बाधित हो गया था। वहीं लाही, गेहूं, मटर, चना ,धनियां के अलावा आलू, हरी मिर्च, गोभी, बंद गोभी, बैंगन आदि हरी सब्जियों की फसल को भारी नुकसान हुआ था। मौसम के बार-बार करवट बदलने से किसानों की धड़कनें तेज हो गई हैं। आसमान साफ होने व धूप निकलने से किसानों ने खेतों में डेरा डालकर पककर तैयार सरसों की कटाई मडाई व थ्रेसरिंग का काम शुरू कर दिया। इससे खेतों में चहल पहल दिखाई दी।

# कार्रवाई : बाबू को फंसाने वाला शिक्षक अनुराग सिंह निलंबित

- एंटी करप्शन टीम से की थी एरियर के नाम पर घूस मांगने की झूठी शिकायत
- कंपोजित विद्यालय टडहा से रहेगा संबद्ध जलालाबाद व तालग्राम बीईओ करेंगे जांच

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बीएसए कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को फंसाने वाला विकास खंड गुगरापुर क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल गौरीबांगर का सहायक अध्यापक अनुराग सिंह निलंबित कर दिया गया है। उसने एंटी करप्शन टीम से घूस मांगने की झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। निलंबन अवधि में वह ब्लॉक छिबरामऊ क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय टडहा से संबद्ध रहेगा। मामले की जांच बीईओ तालग्राम व जलालाबाद संयुक्त रूप से करेंगे।

बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा ने जारी किए निलंबन आदेश में कहा है कि कानपुर थाना एंटी करप्शन के निरीक्षक से तथ्यों को छुपाकर, तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया है। साथ ही झूठी शिकायत कर अधिकारियों को गुमराह किया गया है। बीएसए कार्यालय की ओर से अवशेष वेतन भुगतान का आदेश ही जारी नहीं किया गया है, उसके बावजूद गलत तरीके से एरियर मांग कर बाबू को फंसाने की साजिश रची गई। एंटी करप्शन के समक्ष कूटरचित प्रार्थना पत्र देकर वरिष्ठ लिपिक को ट्रैप कराया गया। बीएसए की ओर से पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में सभी एरियर का भुगतान ऑनलाइन किया जा रहा है। उसके बाद ऑफलाइन प्रत्यावेदन देकर साजिश के तहत वरिष्ठ लिपिक को पकड़वाया गया। 69 हजार शिक्षक भर्ती व उससे संबंधित एरियर का पटल विमल पांडेय नहीं देखते हैं। उसके बाद भी सोची-समझी साजिश के तहत उसे अंजाम दिया गया है। सरकारी संपत्ति को सहयोगियों के साथ मिलकर क्षति पहुंचाई गई है। साक्ष्य मिटाने के लिए एनवीआर को उखाड़ कर चोरी करने का षडयंत्र रचा गया है।

यह उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1999 का उल्लंघन है। पांच मार्च को एंटी करप्शन की एएसपी लखनऊ इंदु प्रभा सिंह ने फोन कर बुलाया, लेकिन अनुराग सिंह गवाही देने नहीं आया। बेसिक शिक्षा विभाग की छवि प्रदेश स्तर पर धूमिल की गई है।


निलंबित शिक्षक अनुराग सिंह।

### कानपुर का रहने वाला है अनुराग

प्राथमिक विद्यालय गौरीबांगर में तैनात शिक्षक (अब निलंबित) अनुराग सिंह कानपुर का रहने वाला है। कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में उसके पिता का नाम भूमिराज सिंह यादव निवासी 810 दामोदर नगर बर्रा, कानपुर नगर लिखा है। रिपोर्ट के मुताबिक उसके पिता का पूर्व में निधन हो चुका है।

### मांगा था आधार व पैन का सत्यापन, बताया भुगतान का आदेश

निलंबन आदेश में कहा गया है कि 16 जून 2023 को तत्कालीन बीएसए ने बीईओ गुगरापुर को आधार कार्ड व पैन के सत्यापन की आख्या देने के निर्देश दिए थे, लेकिन अनुराग सिंह ने अवशेष वेतन के भुगतान के आदेश होने की बात कह दी। छह जुलाई को सत्यापन कर उसकी जानकारी बीएसए कार्यालय में 17 जुलाई को दी गई। एरियर के लिए जब फाइल फिर से देखी गई तो स्नातक का सत्यापन नहीं मिला। इसको लेकर छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से स्नातक बीटेक सत्यापन कराने का पत्र भेजा गया, लेकिन वहां से सत्यापन नहीं आया। पहली सितंबर को रिमाइंडर भी भेजा गया। इस वजह से एंटी करप्शन कानपुर में की गई शिकायत झूठी है।

### विवेचना के लिए आए एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर

**कन्नौज।** एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर चतुर सिंह गुरुवार को बीएसए कार्यालय पहुंचे। बताया गया है कि वो एंटी करप्शन टीम की ओर से 29 फरवरी वाले मामले की विवेचना कर रहे हैं। बीएसए कार्यालय में पहुंचकर उन्होंने कुछ जानकारी जुटाई और अभिलेख भी मांगे। इस बारे में बीएसए उपासना रानी वर्मा का कहना है कि भ्रष्टाचार निरोधक संगठन के विवेचक को कुछ कागजात चाहिए हैं इसलिए आये थे। इसके लिए डाक पटल में उन्होंने पत्र दिया है।



पांच मार्च के अंक में प्रकाशित खबर।

### अमृत विचार ने दिया था कार्रवाई का संकेत

आपके अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में पांच मार्च को शीर्षक जल्द गिरेगी साजिशकर्ताओं पर गाज, तैयार हो रहा खाका के साथ बता दिया था कि शिक्षकों का निलंबन या अन्य कार्रवाई होने वाली है। छह मार्च के आदेश में आरोपी शिक्षक अनुराग सिंह को निलंबित भी कर दिया गया।

# आरोपियों की पहचान के बाद कार्रवाई का आदेश

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- वरिष्ठ लिपिक से मारपीट कर फंसाने व कार्यालय से एनवीआर चोरी का मामला

**अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक को 29 फरवरी को रिश्वत के मामले में फंसाने, मारपीट करने व एनवीआर चोरी करने के आरोपी पड़ोसी जिलों के शिक्षकों पर कार्रवाई करने के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने हरी झंडी दे दी है। स्थानीय स्तर पर उनकी शिनाख्त तो हो गई है, लेकिन बीएसए ने संबंधित जिले औरैया, आगरा व उन्नाव के अधिकारियों को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। कार्रवाई को भी कहा है। एंटी करप्शन टीम व उनके इर्दगिर्द रहकर 29 फरवरी को बीएसए कार्यालय में साक्ष्य मिटाने वाले शिक्षकों की शिनाख्त हो गई है। उनके विद्यालयों का नाम भी पता हो गया है। इसको लेकर बीएसए उपासना रानी वर्मा ने औरैया के बीएसए अनिल कुमार सिंह, उन्नाव बीएसए संगीता सिंह व आगरा के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार को पत्र लिखा है। इसमें सीसीटीवी कैमरों व वायरल वीडियो की फुटेज, फोटो, सोशल मीडिया अकाउंट की डिटेल भी भेजी गई है। कहा गया है कि अगर यह शिक्षक संबंधित जिलों में तैनात हैं और वही हैं तो कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने भी कार्रवाई करने को कहा है।


सफेद और भगवा रंग के अंगौछा डाले कथित शिक्षकों के बारे में मांगी गई है जानकारी।

### पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर खुलासा

पत्रों में जिक्र है कि 29 फरवरी को ही कन्नौज डीएम व एसपी को पत्र भेजकर जानकारी दी गई। साथ ही एनवीआर वापस दिलाने का अनुरोध किया गया, जिससे हकीकत सामने आए। लेकिन दूसरे डीवीआर में घटनाक्रम कैद हो गया। कई शिक्षकों ने सीसीटीवी फुटेज व वायरल वीडियो देखकर अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया है कि एनवीआर चुराने वाले व्यक्तियों में औरैया, आगरा व उन्नाव के शिक्षक हैं। इसमें वह भी आरोपी शामिल है, जिसने वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय पर फाइल में रखे जबरन रुपये फेंके और मारपीट की है।


आगे खड़ा नीली शर्ट वाला उन्नाव का शिक्षक प्रवीन पाल बताया गया है, इस पर ही मारपीट करने का आरोप है।

### इनकी भूमिका बताई गई संदिग्ध

**आरोपी नेत्रपाल सिंह सेंगर, औरैया**

- बीएसए कन्नौज ने बेसिक शिक्षा विभाग औरैया को पत्र लिखकर कहा है कि प्राथमिक विद्यालय ऐली ब्लॉक अछल्दा में तैनात शिक्षक नेत्रपाल सिंह सेंगर की भूमिका संदिग्ध है। गलत तरीके से कार्यालय में घुसे दो व्यक्तियों ने बीएसए कक्ष से सीसीटीवी फुटेज की हार्डडिस्क (एनवीआर) सुनियोजित ढंग से मिटाने के उद्देश्य से उखाड़ ली है। इसमें शामिल एक व्यक्ति ने दराजों की छानबीन भी की। आरोपी गैर मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठन का जिला संयुक्त मंत्री है।

**आरोपी यदुवेंद्र शर्मा, आगरा**

- आगरा के भी बीएसए को लिखे पत्र में कहा गया है कि सीसीटीवी फुटेज में दिखने वाला शिक्षक यदुवेंद्र शर्मा, प्रधानाध्यापक पद पर प्राथमिक विद्यालय नरी कंकरी ब्लॉक शमसाबाद में तैनात है। वह भी गैर मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठन का प्रदेश संगठन मंत्री है। उसके भी कपड़ों के रंग व हुलिया का जिक्र कर पत्र भेजा गया है। आरोपी बीएसए कक्ष में घुसा था और एनवीआर को ले जाने में सहयोग किया है। वहां काउंटर की रैक भी खंगाली हैं।

**आरोपी प्रवीन कुमार पाल, उन्नाव**

- वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय से मारपीट करने व फाइल से रुपये गिराने के मामले में नीली शर्ट पहने आरोपी प्रवीन कुमार पाल सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय वैरी सादीपुर ब्लॉक बांगरपुर जिला उन्नाव में तैनात है। फुटेज में फाइल देकर रुपये गिराने का मामला पकड़ा गया है। उसके बारे में बीएसए उन्नाव को पत्र लिखकर कार्रवाई करने को कहा गया है। उससे पहले सबूतों के तौर पर आरोपी की शिनाख्त करने की बात भी कही गई है।

### मारपीट और साथी का भी है जिक्र

एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर मृत्युंजय मिश्र की ओर से कोतवाली सदर कन्नौज में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को 29 फरवरी को 10 हजार रुपये शिक्षक अनुराग सिंह ने दिए, लेकिन सीसीटीवी फुटेज में अनुराग के साथी ने फाइल से जबरदस्ती रुपये पांडेय पर गिराए हैं। उसके बाद मारपीट कर टीम के सदस्यों ने बाबू को सीट से उठा लिया।

# विशेष लोक अदालत में निपटे 158 छोटे आपराधिक मामले

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लघु अपराधिक मामले के निस्तारण के सम्बन्ध में तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत का आयेजन किया गया। इस मौके पर सुलह समझौते के आधार पर 158 वादों का निस्तारण किया गया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में पांच से सात मार्च तक तीन दिवसीय लघु अपराधिक मामले के निस्तारण के लिये लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रभारी जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लोकेश वरूण के निर्देशन में हुआ। इस में 182 वाद रखे गये, जिसमें से 158 वाद निस्तारित किये गये। तहसील छिबरामऊ में सात मार्च को घरेलू हिंसा, लैंगिक समानता के प्रावधानों, किशोर न्याय के सम्बन्ध में, विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन उनकी देखरेख में किया गया। शिविर में पराविधिक स्वयं सेवक जगदीश यादव, सीमा बानो ने उपस्थित महिलाओं को सैनेटरी पैड्स का विवरण करते हुए बताया कि प्रत्येक बच्चे को अधिकार है कि उसकी क्षमता के विकास का पूरा अधिकार मिले।

# उद्योगों के लिए भूमि का मूल्यांकन

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** औद्योगिक गलियारा के लिए चिन्हित की गई प्रथम फेस की भूमि के बैनामे यूपीडा के हक में कराने के लिए तहसील प्रशासन ने प्रत्येक किसान के रकवे का सर्किल दर से मूल्यांकन शुरू कर दिया।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के किनारे औद्योगिक गलियारा बनाने के लिए तहसील प्रशासन ने प्रथम फेस में अलीपुर आहाना गांव की जमीन को चिन्हित कर प्रस्ताव भेजा था। यूपीडा ने उसे पास कर दिया। प्रशासन ने जमीन अधिग्रहण के लिए गजट कराकर किसानों से आपत्ति मांगी। अधिग्रहण करने के लिए यूपीडा ने तहसील प्रशासन से किसानों की ली गई भूमि का मूल्यांकन की रिपोर्ट मांगी।

तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया कि अभी तक 1073 किसानों की 144 हेक्टेयर भूमि को अधिग्रहण करना है। यूपीडा ने प्रत्येक किसानो के रकवे का अलग अलग सर्किल दर पर मूल्यांकन की मांग की है। उन्होंने काम शुरू करा दिया है। मूल्यांकन के बाद रिपोर्ट यूपीडा को भेज दी जाएगी। सर्किल दर से मूल्यांकन का चार गुना मुआवजा देकर किसानों से यूपीडा बैनामा कराने का काम शुरू कर देगी।


जमीन का मूल्यांकन देखते तहसीलदार अवनीश कुमार। अमृत विचार

### कल भूमि का कराया जाएगा ड्रोन सत्यापन

**तिर्वा, कन्नौज।** औद्योगिक गलियारा के लिए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे के पास ठठिया थाना क्षेत्र के राजस्व गांव अलीपुर आहाना के करीब 1073 किसानों की 144 हेक्टेयर भूमि चिन्हित है। जमीन की हकीकत परखने के लिए यूपीडा ने ड्रोन कैमरे से सत्यापन कराने के निर्देश दिए। तहसील प्रशासन पर शनिवार को ड्रोन से सत्यापन कराकर उसके वीडियो यूपीडा को सौंप देगा। तहसीलदार अवनीश कुमार ने यह जानकारी दी।

# बदलते मौसम में रखें सावधानी, करें बचाव

**जलालाबाद।** बीते दिनों हुई बरसात और ओलावृष्टि के बाद मौसम ने करवट ले ली है। इससे रोगों को भी बढ़ावा मिल रहा है। रोगों से बचाव के लिए जागरूक होकर सावधानी बरते और बचाव करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जलालाबाद के चिकित्सक अनिल यादव ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले बरसात हुई और ओले भी पड़े। अब सर्द हवाएं चल रही हैं। इससे बुजुर्गों और छोटे बच्चों को बुखार, जुखाम, सिर दर्द, खांसी, वायरल बुखार, थकान, कमजोरी और निमोनिया जैसी बीमारी हो रही है। इससे मरीजों की संख्या अत्यधिक बढ़ रही है। रोगों से बचाव के लिए शाम को पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें।

# चार कर्मचारियों पर गिरी गाज

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- जबरदस्ती मरीजों को रेफर कराने का मामला

**अमृत विचार।** इमरजेंसी से जबरदस्ती मरीजों को रेफर कराकर मनमाफिक अस्पताल ले जाने के मामले में कॉलेज प्रशासन ने चार आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा समाप्ति के लिए कार्यदायी संस्था को पत्र लिखा है। चारों को विधायक तिर्वा ने मरीज को जबरन ले जाते पकड़कर प्राचार्य से शिकायत की थी।

डॉ. भीमराव आंबेडकर रामजी मेडिकल कॉलेज में बेहतर से बेहत सुविधा दिए जाने के प्रयास कॉलेज के प्रशासन की तरफ से किए जा रहे हैं वहीं कर्मचारी इनको पलीता लगाने में जुटे हैं। सामने आए मामले में पांच मार्च को छिबरामऊ के अतरौली गांव निवासी सुभाष कुमार सड़क हादसे में घायल हो गया। उसने घटना की जानकारी तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत को दी। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में इलाज की सलाह दी। विधायक के कहने पर प्राचार्य डॉ. सीपी पाल ने अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित यादव को इलाज के लिए भेजा तो उन्होंने बुधवार को ऑपरेशन की सलाह दी। उनके जाने के बाद वार्ड ब्वाय जबर सिह, आशुतोष, अमित, सुमित मरीज को जबरन कानपुर रेफर कराने मे जुट गए और निजी एंबुलेस पर लादने लगे। मरीज को निजी अस्पताल में अच्छे इलाज के लिए समझा दिया।

# एचटी लाइन के करंट से राष्ट्रीय पक्षी की मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना ठठिया के मिरूअनमढहा गांव के पास से निकली एचटी लाइन के तारों की चपेट में आने से बुधवार की शाम को राष्ट्रीय पक्षी मोर झुलस गया। कुत्ते उसे अपना शिकार बनाने लगे। ग्रामीणों ने उसे बचाकर इसकी सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वन कर्मी संतोष बाथम उसे रात में ले आए। और उपचार कराया। गुरुवार की दोपहर उसकी मौत हो गई।

# प्रतिभा निखारने में सहयोगी होती हैं प्रतियोगिताएं

**तेराजाकेट, कन्नौज।** छात्र-छात्राओं की बौद्धिक क्षमता का विकास और प्रतिभा को निखारने में प्रतियोगिताएं सहयोगी होती हैं। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता से बच्चों को भविष्य में आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए सीख मिलती है। यह बात तेराजाकेट स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज प्रधानाचार्य अमित यादव ने कही।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में कक्षा 06 से 08 व सीनियर में कक्षा 09 से 11 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 'ओएमआर' शीट पर कराई गई। इस मौके पर शिक्षक फूल मोहम्मद, रंजीत कुमार, ओमेन्द्र सिंह, राशिद खान, अमन यादव, श्रीमती अल्का दुबे, कु. सलोनी, दीपिक तिवारी, शिवम पाल, सन्ध्या यादव रहीं।

**बैठक** नगर पालिका परिषद बोर्ड ने 58 .56 करोड़ के प्रस्ताव पारित किए, सभासद बोले, एक नाम से एक ही हो जल कनेक्शन

# सालों से दर्द दे रहीं शहर की चार सड़कों के बहुरेंगे दिन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जल्द ही कन्नौज की चार सड़कों के दिन बहुरने वाले हैं। सालों से दर्द दे रहीं इन सड़कों के टेंडर होने के साथ वर्क ऑर्डर हो चुके हैं। जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। डामर से बनने वाली इन सड़कों के पूरा होने से शहरवासियों को खासी राहत मिलेगी।

यह बात गुरुवार को नगर पालिका में हुई बोर्ड की बैठक में पालिकाध्यक्ष कौसरजहां अंसारी ने कही। बैठक में गत वित्तीय वर्ष का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया तथा आगामी वर्ष के लिए 58.56 करोड़ के प्रस्ताव पास किए गए।

पालिकाध्यक्ष की अध्यक्षता तथा नवागत ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी की मौजूदगी में हुई बोर्ड बैठक में सबसे पहले सभासदों का परिचय हुआ। इसके बाद आय और व्यय का विवरण तथा आगामी वर्ष के लिए विकास कार्यों का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्व सम्मति से मंजूरी दी गई। बैठक में मौजूद पूर्व चेयरमैन व सभासद हाजी मो.रईस ने सबसे पहले प्रस्ताव रखा कि कलक्ट्रेट में नए गेट की तरफ की सड़क बनाई जानी है जिसे सभी ने स्वीकृति दे दी। फिर कहा कि देखा गया है कि पानी की मुख्य लाइन को जगह-जगह तोड़कर अवैध कनेक्शन दे दिए जाते हैं तो कहीं फसल की सिंचाई भी की जाती है। इस काम में पालिका के कर्मचारियों के अलावा निजी लोग भी शामिल हैं तो इस मामले में क्या किया जाए।

इस पर सभासदों ने एक मत से ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ जुर्माना तथा कार्रवाई करने की बात कही। इसके बाद बारी-बारी से सभासदों ने समस्याएं व प्रस्ताव रखे। सभासद प्रभात बाजपेई ने गर्मी के दृष्टिगत वाटरकूलर की व्यवस्था तथा गौरीशंकर मंदिर में लाइट की व्यवस्था का प्रस्ताव रखा। हाजी रईस की तरफ से एक नाम से एक ही पानी कनेक्शन की बात कही गई। इसी दौरान बताया कि फूलमती मंदिर से लाखन तिराहा तक, तलैया चौकी से कोतवाली तक, गोलमैदान से मोहम्मदिया स्कूल तक और गोलमैदान से बाबा गौरीशंकर मंदिर तक की रोड जल्द ही डामर युक्त बनाई जाएंगी।

इनको लेकर टेंडर व वर्क ऑर्डर हो चुके हैं और जल्द ही काम शुरू करा दिया जाएगा। जनता से अपील की नालियों के अतिक्रमण स्वयं हटा लें जिससे भविष्य में दिक्कत न हो। बैठक में अलाउद्दीनपुर के पास बंजर में बारातशाला बनाने, पतली गलियों में एंबुलेंस के लिए बाधा बनने वाले बिजली के पोल हटाए जाने, पानी के छोटे टैंकर की व्यवस्था, एक और शव वाहन की व्यवस्था, डेयरी का काम करने वालों के लिए आबादी से दूर व्यवस्था किए जाने को लेकर प्रस्ताव रखे जिनको सर्व सम्मति से पारित कर दिया गया।


नगर पालिका परिषद सभागार में बैठक लेतीं चेयरमैन कौसरजहां अंसारी, ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी व साथ में पूर्व चेयरमैन हाजी मो. रईस। अमृत विचार


सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में मौजूद सभासद। अमृत विचार

### सभासदों के एक गुट ने किया विरोध

बोर्ड बैठक में 15 सभासद मौजूद रहे जबकि एक गुट ने विरोध किया और गैरहाजिर रहे। सभासद जीशान ने आरोप लगाया कि उनको बैठक को लेकर ब्योरा नहीं दिया गया तथा जो प्रस्ताव पास किए गए हैं उनको लेकर बहुमत नहीं था। इस संबंध में पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी मो. रईस का कहना है कि प्रस्ताव पास करने के लिए पर्याप्त बहुमत था। विरोध करने वाले कमीशन के चक्कर में हैं वे नहीं चाहते कि वि कास के काम हों। मेरे रहते जनता के काम होंगे लेकिन कमीशन का कोई काम नहीं होगा।

## सार-संक्षेप

### महाराजा जयचंद स्मृति समारोह आज

**कन्नौज।** बाबा गौरी शंकर रोड स्थित जयचंद किले के पास कान्यकुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महाराज जयचंद स्मृति समारोह का आयोजन किया जाएगा। सन 2005 में कान्य कुब्ज शिक्षा एवं समाज सेवा समिति के अध्यक्ष नवाब सिंह यादव के नेतृत्व में महाराज जयचंद की मूर्ति यहां स्थापित की गई थी। अध्यक्ष ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य महाराजाचंद पर तथाकथित लोगों द्वारा लगाए गए गद्दारी के निराधार आरोप को समाप्त कर उन्हें एक प्रतिष्ठित एवं परम प्रतापी राजा के रूप में स्थापित करना है। इस वर्ष के आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद एवं राष्ट्रकवि के रूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रख्यात विद्वान डॉ. ओमप्रकाश, ओमपाल सिंह निडर रहेंगे। इसके अतिरिक्त बाहर से आए हुए जाने-माने आल्हा गायको द्वारा कन्नौज के इतिहास की गौरव गाथा को लेकर आल्हा गायन किया जाएगा। स्कूलों के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा नृत्य गायन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### पिता को मारी गोली, पुत्र को पीटकर किया घायल

**तिर्वा-कन्नौज।** ईशन नदी पुल के समीप अज्ञात हमलावरों ने युवक को गोली मार दी और पुत्र के साथ मारपीट की। घायल पिता-पुत्र को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां से कानपुर रेफर किया गया। जानकारी होते ही एसपी समेत भारी पुलिस बल ने घटना स्थल का निरीक्षण कर घायलों से जानकारी ली। जनपद फर्रुखाबाद के थाना नेरापुर गांव नरौदा निवासी रामनरेश पुत्र सुबेदार अपने युवा पुत्र प्रवेश के साथ किसी काम से तिर्वा आए थे। बुधवार की देर रात घर जा रहे थे। ईशन नदी पुल पर अज्ञात हमलावरों ने रामनरेश को गोली मार दी। विरोध करने पर पुत्र के साथ मारपीट कर उसे भी घायल कर दिया। गोली चलने की आवाज को सुनकर लोग दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने उन्हें गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां से कानपुर रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी होते ही एसपी अमित कुमार आनंद, सीओ डाक्टर प्रियका बाजपेयी, कोतवाल विजय सिंह ने रात में ही घटनास्थल का निरीक्षण किया। कोतवाल विजय सिंह ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। अभी तक घायलों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली। तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी। फिलहाल मामला पेशबंदी का लग रहा है।

### दो पक्षों में मारपीट, महिलाओं सहित चार घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दो पक्षों में रंजिश को लेकर गाली गलौज के बाद मारपीट हुई। जिसमें दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। ग्राम पचपुखरा निवासी संगीता देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव के प्रदीप, बबलू, उमा देवी व प्रदीप की मां ने दरवाजे पर आकर रंजिशन गाली गलौज की। मना करने पर उसे व शिवम को मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष से प्रदीप कुमार का कहना है कि गांव के शिवम, मयंक व संगीता देवी ने 06 मार्च की दोपहर 02 बजे दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीचबचाव में आई मां सरला देवी से भी मारपीट की। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बरुआहार मे थमा पशुओं की मौत का सिलसिला

**तिर्वा, कन्नौज।** बीमारी से कई पशुओं की मौत के बाद पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने बरुआहार में डेरा डाल दिया। इलाज का नतीजा रहा कि बीते तीन दिन से क्षेत्र में एक भी मौत नहीं हुई है। इससे पशुपालकों ने राहत की सांस ली है। कोतवाली के बरुआहार गांव में करीब 20 दिन से लगातार बड़े व छोटे पशुओ की विचित्र बीमारी के चलते मौत हो रही थी। इस पर मंगलवार को डिप्टी सीवीओ वेदप्रकाश गंगवार ने टीम के साथ गांव पहुंच पशुओ का परीक्षण किया। बीमार पशुओं का इलाज किया गया। डिप्टी सीवीओ ने बताया कि उनकी टीम प्रतिदिन बीमार पशुओं का इलाज कर रही है। तीन दिन में एक भी पशु की मौत नहीं हुई। पशुओं में कैल्सियम की कमी हो जाने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो गई थी इसलिए हल्की बीमारी से भी लड़ नहीं पा रहे थे जिससे मौत हो रही थी। पालकों को पशुओं को कैल्सियम खिलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### यातायात नियम तोड़े तो फूल देकर किया शर्मिंदा

**कन्नौज।** यातायात पुलिस ने पाल चौराहा समेत अन्य चौराहों पर बायर क्रॉप साइंस कंपनी के पदाधिकारियों के साथ यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नियम तोड़ने वालों को फूल देकर शर्मिंदा किया तो पालन करने वालों को टॉफी देकर सराहा। यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने बायर क्रॉप साइंस कंपनी के टीम लीडर संजय सिंह, मैनेजर सौम्य रंजन के सहयोग से गुरुवार को पाल चौराहे पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को शर्मिंदा करने के लिए गुलाब के फूल दिए गए। हेलमेट लगाने वाले और सीट बेल्ट लगाने वाले वाहन चालकों को कंपनी के मैनेजर और सदस्यों ने चॉकलेट बांटी। बायर क्रॉप साइंस कंपनी के लीडर, मैनेजर और सदस्यों ने यातायात प्रभारी के प्रयासों की प्रशंसा की। कंपनी के रामफल शर्मा मैनेजर व अक्षिता भरतवाल मैनेजर एवं सौम्य रंजन मैनेजर मौजूद रहे।

### अतिरिक्त दहेज में 10 लाख नहीं दिए, विवाहिता को पीटा

**कन्नौज।** गांव गोधनी निवासी प्रीती मिश्रा पुत्री सुरेंद्र नाथ ने सदर कोतवाली में पति आनन्द स्वरुप मिश्रा, ससुर राम गोपाल मिश्रा, सास मंजू, ननद साधना, जेठ अमित निवासी पकनगोई थाना ऐरवा कटरा जनपद औरैया के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उसकी शादी 2019 में हुई थी। शादी में 20 लाख रुपये का दान दहेज व कार दी गई थी। इसके बाद भी पति समेत अन्य ससुरालीजन खुश नहीं थे। आये दिन ताने मारने के साथ 10 लाख रुपये की मांग करने लगे। रुपये न मिलने पर उसका उत्पीड़न करने लगे। मारपीट भी की जाने लगी।

# हौंसलों के पंख से कामयाबी की उड़ान भर रही आधी आबादी

एक बार फिर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का अवसर है और साथ ही मौका है नारी शक्ति की कामयाबी को नमन का। नारी ही है जो परिवार से लेकर समाज तक का निर्माण कर सकती है। सालों से पुरुष प्रधान समाज में अपने अस्तित्व की जंग लड़ रही है जो निरंतर जारी है। जिले में भी ऐसी महिलाएं हैं जिन्होंने विषम परिस्थितियों से जूझते हुए विभिन्न क्षेत्रों में कामयाबी के झंडे गाड़े हैं। आज इस विशेष दिवस पर अमृत विचार परिवार उनके हौंसलों की उड़ान को नमन कर रहा है। प्रस्तुत हैं कुछ मिसाल...

## सौरिख की बुशरा ने आईपीएस बन बढ़ाया मान

**महिला दिवस पर विशेष**

**सौरिख, कन्नौज।** मोहल्ला सुभाष नगर निवासी बुशरा बानो पुत्री अरशद हुसैन ने 12 वर्ष की उम्र में यूपी बोर्ड से हाई स्कूल एवं 14 वर्ष में इंटर किया। बीएससी देवांशु समाज कल्याण महाविद्यालय सौरिख से तथा एमबीए की पढ़ाई सहारा इंस्टीट्यूट लखनऊ से की। नेट जीआरएफ की डिग्री 18 वर्ष की उम्र में हासिल कर ली। जब 23 वर्ष की हुईं तो पीएचडी कर ली। फिर वर्ष 2014 में अलीगढ़ निवासी असमार हुसैन के साथ शादी हो गई। जेजान यूनिवर्सिटी सऊदी में प्रोफेसर पति के साथ वह भी सऊदी चली गईं।

वहां वे भी प्रोफेसर बन शिक्षण करने लगीं। कुछ समय बाद भारत लौटीं और 28 वर्ष की उम्र में यूपीएससी की परीक्षा पास कर प्रदेश ही नहीं देश का नाम रोशन किया। उसके बाद उन्होंने छोटे से बच्चे की परवरिश के साथ पीसीएस की तैयारी की और वर्ष 2019 में ऑल इंडिया छठवीं रैंक प्राप्त कर फिरोजाबाद समेत औरैया की एसडीएम रहीं।

वर्ष 2021 में आईपीएस बन गईं लेकिन बच्चा छोटा होने से ज्वाइन नहीं कर सकी। वर्ष 2023 में जॉइनिंग के उपरांत बुशरा बानो को हैदराबाद में स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल नेशनल पुलिस अकादमी में ट्रेनिंग के लिए भेज दिया गया। उन पर हर किसी को नाज है।


बुशरा बानो। अमृत विचार

### वुशू खेल में हाथ आजमा रहीं

कन्नौज के छिबरामऊ क्षेत्र की रहने वाली आरती यादव की कहानी भी खासी प्रेरणाप्रद है। वे अब तक कबड्डी खेलती रहीं हैं जिसमें उन्होंने कई मेडल देश स्तर तक जीते। अब उन्होंने टीम खेल छोड़ दिया है और मार्शल आर्ट की विधा वुशू खेल रहीं हैं। हाल ही में वे हाल ही में खेलो इंडिया वुशू 2024 में प्रदेश स्तर पर खेल चुकी हैं। उन्होंने पिता से 2018 से लेकर 2022 तक कबड्डी का प्रशिक्षण लिया। 2022 में उनका निधन होने के बाद परिस्थितिवश खेलना छोड़ दिया। अब वह फिर से खेल में प्रतिभा दिखा रहीं हैं।


आरती।

### नारी को शिक्षा से जोड़कर दिया आधार

**गुरसहायगंज।** नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी रिद्धी नेगी को बचपन से ही शिक्षा में विशेष रुचि रही है। उनका मानना है जब नारी शिक्षित होगी तभी वह हर क्षेत्र में खुद को मजबूती से स्थापित कर सकेगी। इस लिए उन्होंने शुरू से ही निशुल्क शिक्षा देकर नारी को सशक्त बनाने का कार्य किया। विवाह के बाद भी वह हेल्प बाक्स फाउण्डेशन दिल्ली व आकाश सेवा संस्थान गुरसहायगंज से जुड़कर बेटियों को नि शुल्क शिक्षा देने का कार्य कर रही हैं। नगर में संचालित आकाश एजूकेशन सेंटर में ज्वाइंट डायरेक्टर हैं।


रिद्धी नेगी।

### समाज में सुनिश्चित की महिलाओं की भागीदारी

गुरसहायगंज। नगर के सर्विस रोड निवासी कांग्रेस की पूर्व जिलाध्यक्ष ऊषा दुबे कई दशकों से महिलाओं के स्तर को सुधारने का कार्य कर रही है। जब कांग्रेस सत्ता में थी तब भी उन्होने कई महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया। उन्होने समाज की शोषित, वंचित महिलाओं को हक व सम्मान दिलाया। समाज में खुद को स्थापित करने के लिए उन्हे भी परिवार और समाज का सहयोग मिला। राजनीति के क्षेत्र में उन्होने खुद भी एक अलग पहचान बनाकर महिलाओं को सशक्तिकरण का संदेश दिया।


ऊषा दुबे।

### जारी है महिलाओं को हक व सम्मान दिलाने की जंग

गुरसहायगंज। क्षेत्र के ग्राम मझपुर्वा निवासी सीमा बानो का जन्म ग्रामीण परिवेश में हुआ। इसके बाद भी उच्च शिक्षा प्राप्त करके महिलाओं के विकास और उत्थान के लिए मुहिम छेड़ दी। साक्षरता मिशन से जुड़कर क्षेत्र की निरक्षर महिलाओं को साक्षर बनाने का कार्य किया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एसबीए सेवा संस्थान से जुड़कर प्रशिक्षण कैंपों का भी आयोजन किया।


सीमा बानो।

### सामाजिक प्रगति का मूल है सशक्त महिला

**गुरसहायगंज।** दिव्यता सशक्तिकरण फाउण्डेशन की संचालक व मोटीवेशनल स्पीकर सिमरन शर्मा पांच वर्षों से न सिर्फ संस्था के माध्यम से महिलाओं को जागरूक कर रही हैं बल्कि समाज के शोषित, वंचित, गरीब, लाचार, जरूरतमंदों की मदद कर उन्हे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी कर रही हैं। सामाजिक बाधाओं को दूर करते हुए उन्होंने बेटियों के आत्मबल को बढ़ाया। इस कार्य में उनके पति का सहयोग मिला।


सिमरन शर्मा।

### समाजसेवा ने दी बुआ जी के नाम से पहचान

**तालग्राम।** कस्बा सहित आसपास के गांवों में बुआ जी के नाम से पहचान बनाने वाली भाकियू (टिकैत) की महिला जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान ने वर्ष 1982 से समाजसेवा की शुरुआत की। गांव-गांव जाकर बच्चों व महिलाओं का टीकाकरण किया। सीएचसी तालग्राम पर सुरक्षित प्रसव कराने की जिम्मेदारी भी निभाई। 2008 में स्वास्थ्य निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली। 2018 में सेवानिवृत्ति के बाद छह वर्षों से महिलाओं, गरीबों व किसानों की मदद के लिए संघर्ष कर रही है।


कुसुम चौहान।

# हादसे में कांवड़िया की हुई मौत

## तालग्राम में पिकअप की बाइक में टक्कर, कार-डंपर पलटा, घटना में पांच जख्मी हुए

संवाददाता, तालग्राम, कन्नौज

**अमृत विचार।** अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक कांवड़िया की मौत हो गई जबकि दो कांवड़िए समेत पांच लोग घायल हो गए।

औरैया के थाना बिधूना गांव रुरु खुर्द निवासी विनय कुमार शाक्य (28) अपने साथी गांव निवासी कमलेश सक्सेना (30) व सनम (19) के साथ शिवरात्रि के पर्व पर बाइक से श्रृंगीरामपुर स्थित गंगा घाट पर कांवड़ में जल भरने जा रहे थे। बुधवार की देर रात तालग्राम-तेराजाकेट रोड पर तेज गति से आ रही अज्ञात पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार कांवड़िया घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभी को आनन फानन एंबुलेंस की मदद से सीएचसी तालग्राम में भर्ती कराया। यहां विनय को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

दूसरी घटना में गुरुवार की सुबह लगभग 06.55 बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किमी संख्या 174 पर गाजियाबाद थाना कवि नगर जयंतीपुरम के बी 225 व हाल निवासी मैनपुरी थाना चांद सुजल सिंह अपने पिता यदुवीर सिंह, अवनीश कुमार निवासी कोसा थाना बेवर मैनपुरी के साथ भरथना से लखनऊ जा रहे थे। तभी सुजल सिंह को झपकी लग गई। इससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर लोहे के एंगल व 15 जाली को तोड़ती हुई ओवरटेकिंग लेन पर जा पहुंची। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार को यूपीडा टीम ने एक्सप्रेस-वे से क्रेन की मदद से हटाकर टोल 172 पर खड़ा कराया। गुरुवार को ही सुबह 6.30 बजे लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर भिंड से हरदोई गिट्टी लेकर जा रहे डंपर चालक को नींद आ गई। इससे डंपर किमी संख्या 170 के निकट अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे पलट गया। इससे मध्यप्रदेश के जिला भिंड मेहगांव निवासी चालक सचिन कटी व खलासी सुनील घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा भेजा गया। जबकि बीएसईबी एवं जाली तोड़ कर आरओ व एरिया में पलटे डंपर को सहायक सुरक्षा अधिकारी आरपी कनौजिया ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षित कराया।


सौरिख में एंबुलेंस से तिर्वा मेडिकल कॉलेज जाते हुए शिव भक्त एवं उसके साथी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से शिवभक्त गंभीर, रेफर

**सौरिख, कन्नौज।** गंगाजल भर कर ले जा रहे शिव भक्त को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जनपद जालौन के थाना रम्पुरा के गांव रठौरा निवासी अजय कुमार पुत्र शोभाराम (30) अपने गांव से जल भरने श्रृंगीरामपुर गया था। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचा।

गुरुवार सुबह वापस आते समय जरारा गांव के पास पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ में चल रहे अन्य भक्तों की मदद से 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# बेटे ने नेत्रहीन मां को कर मार डाला

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- **तिर्वा के गांधीनगर में रात को हुई घटना, पुत्र फरार**
- **बहनों ने दोनों भाइयों व भाभियों को आरोपित किया**

**अमृत विचार।** तिर्वा कस्बे के गांधीनगर में पुत्र ने पीट-पीट कर नेत्रहीन मां की हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम में मौत का कारण गंभीर चोट लगना आया है। उधर मृतका की पुत्रियों ने दोनों भाइयों व उनकी पत्नियों पर पीटने का आरोप लगाया है। जबकि पुलिस एक बेटे को ही दोषी मान रही है।

मोहल्ला गांधीनगर निवासी रामा देवी पत्नी तोता राम नेत्रहीन थीं। दो दिन पहले तोता राम के भाई की मौत हो गई थी। इसी में शामिल होने पुत्रियों के अलावा अन्य रिश्तेदार भी आये थे। कार्यक्रम निपटने के बाद सभी चले गये। घटना बुधवार की रात की है जब नेत्रहीन रामा देवी सो रही थी तो पुत्र आकाश ने अपनी मां रामादेवी से मारपीट शुरू करदी। जब तक लोग उसे बचाते तब तक उसकी हालत खराब हो गई। जानकारी पर बड़ा पुत्र व अन्य लोग उसे लेकर मेडिकल कालेज पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810464
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

# पीडी से जवाब मांगने वाले सीवीओ को डीएम ने लगाई फटकार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **जवाब में पीडी ने लिखा 7600 पे ग्रेड मिल रहा, इस महीने हो जाएगा 8600**
- **सीडीओ के निर्देश पर तीन सदस्यीय टीम ने किया था विकास भवन का निरीक्षण**

**अमृत विचार।** परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण (पीडी डीआरडीए) के निरीक्षण के बाद पत्र भेजकर नाराजगी जताने वाले मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) को डीएम ने फटकार लगाई है। सीडीओ ने भी सीवीओ के पत्र पर ऐतराज किया है।

दरअसल, 12 फरवरी को पीडी रामऔतार ने सीवीओ कार्यालय का निरीक्षण किया था। उसके बाद उपस्थिति पंजिका में अवलोकित टिप्पणी लिखी थी। चार मार्च को सीवीओ डॉ. कर्णवीर सिंह ने पीडी को भेजे पत्र में कहा है कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से चयनित व शासन से ग्रेड वेतनमान 6600 उपनिदेशक स्तर के पद पर नियुक्त अधिकारी हैं। जबकि सीवीओ का ग्रेड वेतनमान 7600 संयुक्त निदेशक स्तर पद का है। पीडी कनिष्ठ पद पर तैनात हैं, इस वजह से उनके कार्यालय का निरीक्षण व टिप्पणी नहीं लिख सकते हैं। क्या यह उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली 1956 के नियम तीन के तहत उपयुक्त है बताया जाए। सीवीओ ने इसको लेकर अपर मुख्य सचिव पशुधन, प्रमुख सचिव कार्मिक, निदेशक प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग व डीएम को भी प्रतिलिपि की है। पत्र मिलने के बाद पीडी रामऔतार ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि उनका ग्रेड वेतनमान 7600 ही है।


रामऔतार, पीडी डीआरडीए।


डॉ. कर्णवीर सिंह, सीवीओ।

> जिले में चार्ज लेने के बाद पहला निरीक्षण था। मैने ही अपने नेतृत्व में पीडी डीआरडीए रामऔतार और डीसी मनरेगा दयाराम यादव की टीम बनाई थी। भूतल के कार्यालयों के मैने, पीडी ने पहली मंजिल और डीसी मनरेगा ने दूसरी मंजिल पर स्थित कार्यालयों के निरीक्षण किए थे। पे ग्रेड वाली बात बेवजह आ गई। इस मामले का डीएम ने संज्ञान लिया है।
>
> –रामकृपाल चौधरी, सीडीओ



# स्कूल में न लगे मन तो शिक्षक दे दें इस्तीफा: जितेंद्र ऐरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में दो दिवसीय स्कूलों के निरीक्षण को आए उप शिक्षा निदेशक व वरिष्ठ विशेषज्ञ जितेंद्र ऐरी ने दूसरे दिन गुरुवार को ब्लॉक जलालाबाद क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय अनौगी का निरीक्षण किया। परिसर में सफाई थी, लेकिन छात्राओं का शैक्षिक स्तर संतोषजनक नहीं मिला। कहा गया कि अगर किसी शिक्षक का मन नहीं लग रहा है तो वह इस्तीफा दे दे। विद्यालय में रात की ड्यूटी के लिए पीआरडी या होमगार्ड की व्यवस्था कराने के लिए बीईओ को निर्देश दिए गए।

उप शिक्षा निदेशक के साथ निरीक्षण के समय राज्य सलाहकार रवि शर्मा भी थे। उन्होंने शिक्षिकाओं से उन्होंने कहा कि बच्चों को रटाने की प्रवृत्ति से दूर कर विषय वस्तु में सुधार किया जाए। छात्राओं के लिए खेल व व्यायाम शिक्षक के रिक्त पद को जल्द भरने के निर्देश दिए। इस पर बीईओ ने बताया कि रिक्त पदों को भरने की विज्ञप्ति जारी की जा चुकी है। शिक्षिकाओं से कहा गया कि बालिकाओं को स्वयं के बच्चों की तरह समझें, इससे अपनत्व बढ़ेगा। अधिकारियों ने बीएसए कार्यालय में बैठक की।

### किसवापुर के पूरे स्टाफ का वेतन रोका जाए

लखनऊ से आए अधिकारियों ने ब्लॉक जलालाबाद क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल किसवापुर का भी निरीक्षण किया। यहां पंजीकृत 218 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 76 ही उपस्थित थे। कम छात्र मिलने व उनकी हाजिरी सही ढंग से अंकित न करने पर पूरे स्टाफ का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

## परखी परीक्षा केंद्रों की हकीकत

**कन्नौज।** डीआईओएस कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नवनीता राय ने निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों के जरिए परीक्षा केंद्र देखे। गुरुवार को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में दोनों पालियों में कुल 3780 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। दूसरी ओर डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने भी कुछ परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्था परखी।

कंट्रोल रूम के सह प्रभारी आशीष शुक्ल ने बताया कि पहली पाली में हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान की परीक्षा थी, जिसमें पंजीकृत 27,126 परीक्षार्थियों में से 24,713 शामिल हुए और 2413 अनुपस्थित मिले। पहली पाली में ही इंटरमीडिएट व्यावसायिक शिक्षा की परीक्षा में 276 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। उसके सापेक्ष 266 ने परीक्षा दी और 10 गैरहाजिर रहे।

VAMCRH
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्मे के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO, TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड ★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### किनारे खड़े युवक को टेंपो ने टक्कर मारी, घायल

**कायमगंज ।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में टेंपो ने साइड में खड़े युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट के पास पीयूष अग्रवाल की गोदाम है। उनकी गोदाम में ही रामकिशोर पुत्र गेंदालाल रहकर मजदूरी का कार्य करता हैं। आज वह चौधरी ढाबा के पास खड़ा हुआ था। तभी टेंपो ने टक्कर मार दी, जिससे रामकिशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल का कायमगंज में भर्ती कराया गया । गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### जेई के काम बंद करा देने पर सुपरवाइजर ने खाया जहर

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में कार्यरत सत्यम ट्रेडर्स के सुपरवाइजर ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुपरवाइजर ने आरोप लगाया कि जेई सत्यपाल ने उसका काम छीन लिया है। इससे परेशान होकर उसने जहर खा लिया है। बताते चले कि फतेहगढ़ के बेवर रोड स्थित सत्यम ट्रेडर्स है। विमल राठौर निवासी पालीवाल गली बेवर रोड सत्यम ट्रेडर्स में सुपरवाइजर है। उसका आरोप है कि वह बिजली विभाग के मीटर लगाता था । जेई ने उसका काम बंद करा दिया तो उसने जहर खा लिया।

### सेंट्रल जेल में उम्रकैद के सजायाफ्ता कैदी की मौत

**फर्रुखाबाद।** केंद्रीय कारागार फतेहगढ में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की मौत हो गई। कासगंज जिले के गढ़ी धकपुरा निवासी दफेदार( 75) को हत्या के एक मामले में न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। न्यायालय के आदेश पर दफेदार को बर्ष 2006 में फतेहगढ की सेंट्रल जेल भेजा गया ।आज एकाएक दफेदार की तबियत बिगड़ गई। उन्हें लोहिया अस्पताल लाया गया ।जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेल प्रशासन की सूचना पर आवास विकास चौकी इंचार्ज दीपक कुमार ने शव का पंचनामा भर कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना पर मृतक कैदी के पुत्र विनोद व मनोज लोहिया अस्पताल पहुंच गए। वह बार बार अपने पिता के बेगुनाह होने की बात कहते रहे। उनका कहना था कि भूमि विवाद में उनके परिवार के प्रकाश की हत्या कर दी गई थी। जिन लोगों ने हत्या की वह खुलेआम घूम रहे है। उनके पिता बेवजह जेल में बंद रहे। पिता की मौत से गमगीन पुत्र उनके शव को पोस्टमार्टम के बाद घर ले गए।

# श्रृंगीरामपुर के गंगा तट पर कांवड़ियों का मेला

## शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर कावड़ियों की भीड़ से मार्ग पड़े संकरे

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शिवरात्रि पर भगवान भोले नाथ को जल चढ़ाने के लिए कावड़ियों का गंगा तटों पर मेला लगा हुआ है। सबसे ज्यादा भीड़ श्रृंगी ऋषि की तपस्थली रहे श्रृंगी रामपुर में देखी जा रही है। यहां कई प्रदेशो से कावड़िये आकर गंगा स्नान कर जल भर करले जाते है।

मध्यप्रदेश के ग्राम जमौरा से जल भरने आये गोपाली बताते है कि वह पिछले बीस साल से यहां जल भरने आ रहे है। उनका कहना है कि गंगा स्नान करने के बाद वह पहले श्रृंगी ऋषि की पूजा अर्चना कर मनोती मांगते है ।मनोती पूरी होने पर वह दूसरी साल फिर जल भरने आते है। उनका कहना है कि श्रृंगी ऋषि की कृपा से उन्हें शादी के 7 साल बाद पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। प्रदेश के इटावा जिले के चौपला से जल भरने आये अर्जुन यादव बताते है कि इस तोर्थ स्थान से जल ले जाकर चढ़ाने से भोले बाबा प्रसन्न हो जाते हैं। वह एक दिन पहले आकर बाबा के चरणों मे विश्राम करते हैं और अपने जत्थे के साथ जल लेकर पैदल रवाना हो जाते हैं।


गंगा जल भरकर अभिषेक के लिए निकले कांवड़िए। अमृत विचार


भोले का श्रृंगार करने के बाद कायमगंज में मौजूद भक्त । अमृत विचार

### शिवालय में हल्दी और मेहंदी की रस्म, आज धूमधाम से निकलेगी शिव की बारात

**कायमगंज।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शिवभक्तों में एक अलग ही उत्साह है। नगर के शिवाला मंदिर में हल्दी व मेंहदी अभिषेक हुआ। इस दौरान भक्ती की गंगा बही। भजन गाए गए। भक्तजन जमकर झूमे। महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में नगर के शिवाला मंदिर में शिव अभिषेक परिवार की ओर से 5 मार्च से आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हल्दी के साथ मेंहदी अभिषेक विधिविधान से संपन्न हुआ। प्रदोष अभिषेक हुआ। साथ ही भस्म आरती हुई। शिवभक्तों ने पूजा अर्चना के साथ ही भगवान शिव की आरती उतारी। वही भगवान शिव के भजन गाए। इस दौरान घंटा, शंख की ध्वनि से भक्ती की गंगा बही। शिव भक्त श्रद्धा के सागर में हिलोरे लेते नजर आए। इस मौके पर ज्योतिषाचार्य पंडित गौरव मिश्र ने बताया शुक्रवार को शिव बारात नगर के मुख्य मार्ग से होकर निकलेगी। इस मौके पर श्रवण कौशल, जानू भारद्वाज, अर्पित जैन, अमित कुमार वर्मा, विजय गुप्ता, विशाल गुप्ता, कनक कौशल, संजय कुमार गुप्ता, अमित वर्मा, हिमांशू, मनोज सेठ, अमित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

अर्जुन सिंह बताते हैं कि राजा दशरथ के रिश्तेदार और भगवान राम के बहनोइ श्रृंगी ऋषि ने यहां रहकर अखंड साधना की थी, जिससे यह स्थान तीर्थ बन गया है। इस तीर्थ का वर्णन वेद और पुराणों में किया गया है। रामायण में भी इसका उल्लेख मिलता है। इस वजह से वह इस श्रृंगी ऋषि की तपस्थली पर आकर गंगा स्नान करते हैं। भोले भंडारी को चढ़ाने के लिए जल लेकर रवाना हो जाते हैं। बताते चले की शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर गंगा घाटों पर कावड़ियों का मेला लगा हुआ है । गंगा तट पांचाल घाट पर कई स्वयं सेवी संस्थाएं और समाजसेवी लोग अपनी जेब से कावड़ियों को जलपान करा रहे हैं। श्रृंगी रामपुर से छिबरामऊ तक जल भरने वाले कावड़ियों की लाइन लगी हुई है। कांवड़ियों की उमड़ी भीड़ की वजह से मार्ग सकरे पड़ गए हैं। हालांकि जिला प्रशासन की ओर से उनकी सुरक्षा व्यवस्था की भारी भरकम व्यवस्था की गई है। कई सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट लगाकर सुरक्षा की जा रही है।

# घरेलू गैस का दुरुपयोग रोकने के लिए टीमें गठित

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

● जिला पूर्ति अधिकारी ने गठित की चार टीमें

**अमृत विचार।** पूर्ति विभाग ने घरेलू गैस का दुरुपयोग करने वालों पर शिकंजा कसने की रणनीति बनायी है। इसके लिए जिला पूर्ति अधिकारी ने चार टीमें गठित की हैं। टीम विभिन्न स्थानों पर होने वाले एलपीजी गैस के दुरुपयोग की जांच-पड़ताल करेगी। पकड़े जाने पर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई भी करेगी।

जिला पूर्ति अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने कहा कि बड़े स्तर पर घरेलू सिलेंडरो का उपयोग होटलों, रेस्टोरेंटों, बेल्डिंग दुकानों एवं वाहनों में प्रयोग किया जा रहा है। एलपीजी का दुरूपयोग को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग कॉमर्शियल तौर पर नहीं हो पाएगा। यदि कोई पकड़ा गया तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के सारे वैवाहिक समारोह स्थल, होटल, रेस्टोरेट व ढाबों के प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि अपने कार्यस्थल पर घरेलू एलपीजी सिलेण्डर का उपयोग न होने दें। यदि उपयोग होता पाया गया तो सम्बन्धित व्यक्ति के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण, विनिमय तथा आवश्क वस्तु अधि0 1955 के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी गैस वितरकों को निर्देशित किया कि वे कॉमर्शियल सिलेण्डर उपयोग किए जाने वाले स्थानों पर घरेलू सिलेण्डरों की आपूर्ति न करें। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन टीम का गठन किया गया, जो छापेमारी करेगी। जिसमें क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शरद चन्द्र दुबे को टीम प्रभारी बनाया गया है। वहीं पूर्ति निरीक्षक नेहा गुप्ता, अभिषेक मिश्रा व राजीव कुमार को सदस्य मनोनीत किया गया है । यह टीम छापेमारी करेगी।

# माता-पिता का हत्यारोपी अधिवक्ता बेटा गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

● न्यायालय ने 14 दिन के रिमांड पर जेल भेजा

**अमृत विचार।** कादरी गेट थाना पुलिस ने माता-पिता के हत्यारोपी अधिवक्ता बेटे को गिरफ्तार करके गुरुवार को जेल भेजने की कार्रवाई की।

कादरी गेट थाना क्षेत्र के गीतापुरम कोठा निवासी बयोबृध्द गृह स्वामी ओमप्रकाश एवं उनकी पत्नी बबली की घर में 21/22 फरवरी की रात्रि में उसके अधिवक्ता बेटे मनोज कुमार पाल ने नुकीली कैंची एवं ईट मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद वह फरार हो गया था। इधर कादरी गेट थाना प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने माता-पिता के दोहर हत्याकांड में फरार आरोपी बेटे की गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया । मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने थाना क्षेत्र में बुधवार रात क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के समीप से माता-पिता के हत्यारोपी अधिवक्ता बेटे मनोज कुमार पाल को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने माता-पिता के हत्याकांड में गिरफ्तार मनोज कुमार पाल से घटना के संबंध में जब पूछताछ की तो उसने अपने माता-पिता की हत्या किए जाने का खुलासा करते हुए पुलिस को बताया कि मेरे पिता से मेरी सौतेली मां जमीन ज्यादाद को सौतेली बहन गुंजन उर्फ रूबी के नाम कराना चाहती थी। इसी विवाद को लेकर मैंने अपने माता-पिता की कैची व ईट से कुचलकर हत्या की। हत्याकांड में अभियुक्त ने आगे कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित की गईं छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले भर में महिला दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा पायल व कोमल सहित विद्यालय के अनेक मेधावियों को ट्राफी, प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किए।



गुरुकुल में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार


एसएस स्कूल में स्मृति चिह्न देतीं बबिता पाठक । अमृत विचार

एस एस पब्लिक स्कूल नारायणपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबिता पाठक व विशिष्ट अतिथि मोर्चा उपाध्यक्ष स्वेता दुबे की उपिस्थित में धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमलता मिश्रा ने की। सभी अतिथियों ने माता सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि बबिता पाठक ने छात्राओं की शिक्षा को सबसे आवश्यक बताते हुए दो कुटुंबों की मान सम्मान बढ़ाने वाला बताया। विशिष्ट अतिथि स्वेता दुबे ने बालिका शिक्षा का महत्व बताते हुए सुषमा स्वराज, कल्पना चावला, द्रौपदी मुर्मू आदि उदाहरण दिए। कार्यक्रम में बच्चो ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देश भक्ति के गीत व विभिन्न सांस्कृतिक नृत्यों से शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर अध्यक्ष मती प्रेमलता मिश्रा, कमेटी चेयरमैन सुरेश चन्द्र अवस्थी, सह संयोजक विपिन अवस्थी,मैनेजर अनुपम अवस्थी, डॉयरेक्टर पं जतिन नारायण अवस्थी, को–आर्डिनेटर राहुल मिश्रा, उप प्रधानाचार्य प्रतिभा सिंह ने भी संबोधित किया। राष्ट्रीय विप्र महासंघ की ओर से जिलाध्यक्ष देवेश नारायण अवस्थी तथा जतिन नारायण अवस्थी ने सभी अतिथियों को लक्ष्मी कमल का पौधा भेंट कर सम्मानित किया। सभी अतिथियों ने विद्यालय में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम के अंत में व्यवस्थापक पं देवेश नारायण अवस्थी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया । उन्होंने बालिकाओं के प्रवेश पर 50 प्रतिशत की छूट करने की घोषणा की। इस अवसर पर राजेश तिवारी, प्रिया सक्सेना, सुकृति सिंह, अंतरा सिंह,तथा सोनू सिंह आदि ने व्यवस्था संभाली।

महिला दिवस पर गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में महिलाओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि श्रद्धा पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# हाईस्कूल में 1842 व इंटर में 981 ने छोड़ दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

● जेडी और एडी बेसिक ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** हाईस्कूल के 1842 और इंटरमीडिएट के 981 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। गुरुवार को सुबह और शाम दोनों पाली में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा हुई।

सुबह की पाली में हाईस्कूल का सामाजिक विज्ञान विषय का पेपर हुआ। सामाजिक विज्ञान में पंजीकृत 26346 परीक्षार्थियों में 24505 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 1842 परीक्षार्थी परीक्षा से किनारा कर गए। सुबह की ही पाली में इंटरमीडिएट का व्यवसायिक विषय का पेपर हुआ। इसमें पंजीकृत 263 परीक्षार्थियों में 250 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 13 परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ गए। शाम की पाली में हाईस्कूल का सिलाई विषय का पेपर हुआ। इसमें पंजीकृत 91 छात्राओं में सभी छात्राएं उपस्थित रहीं। शाम की ही पाली में इंटरमीडिएट का रसायन विज्ञान और समाज शास्त्र का पेपर हुआ। रसायन विज्ञान और समाजशास्त्र में पंजीकृत 1720 परीक्षार्थियों में 16652 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 968 परीक्षार्थी परीक्षा देने नही पहुंचे। जेडी ने रखा बालिका इंटर कालेज, जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज, रामानंद बालिका इंटर कालेज और गजराज सिंह इंटर कालेज का निरीक्षण किया। जेडी ने बताया सभी व्यवस्थाएं ठीक रहीं है। पर्यवेक्षक एडी बेसिक मनोज कुमार वर्मा ने जिले में पहुंचकर कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। कई कमियां मिली जिनको जिला विद्यालय निरीक्षक को अवगत कराया गया है।

# अब जिला जेल में बंदी बनाएंगे ब्रेड, बिस्किट

**फर्रुखाबाद।** भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने गुरुवार को जिला जेल में सांसद निधि से संचालित की गई बेकरी का उद्घाटन किया। इस बेकरी से जेल में बंद बंदियों को रोजगार मिलेगा।

जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि कौशल विकास योजना से बंदियों को बेकरी में ब्रेड, पेस्टी , पाव ,बिस्किटबनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बेकरी के संचालन के लिए भाजपा सांसद मुकेश राजपूत ने सांसद निधि से 6 लाख रुपए दिए हैं। जेल अधीक्षक भीमसेन ने बताया जुमेटो से ऑर्डर लिया जाएगा। यहां बनने वाली ब्रेड, पेस्टी पाव,विस्कीट वाहर की दुकान कैंटीन में बेची जाएगी। बेकरी सेंट्रल जेल में भी ब्रेड की आपूर्ति करेगी। इस मौके पर कपिल कुमार, डीआईजी जेल मौजूद रहे।

# गेहूं खरीद के लिए 46 केंद्र खुले पीसीएफ का एक केंद्र शुरू नहीं

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गेहूं खरीद के लिए 47 केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें से 46 स्थापित हो गये है। पीसीएफ का एक केंद्र अभी तक नहीं स्थापित हुआ है।

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में रबी विपणन वर्ष 2024-2025 के लिये गेहूं खरीद कार्यशाला का आयोजन किया गया। बैठक में अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी किसानों का समय से रजिस्ट्रेशन करा लिया जाये । सभी का सत्यापन उपजिलाधिकारी अपने स्तर से कर लें। बैठक में बताया गया कि अभी तक 374 किसानों का सत्यापन हो गया है। 54 सत्यापन लंबित हैं।


कार्यशाला में मौजूद डीएम वीके सिंह । अमृत विचार

● कार्यशाला में अधिकारियों ने दी डीएम को जानकारी
● 374 पंजीकृत किसानों का सत्यापन, 54 बाकी

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कल तक सभी सत्यापन करा लिये जाए। सभी खरीद एजेंसी तीन दिन में सभी केंद्रों पर तौल मशीने उपलब्ध करा दे। बाट माप विभाग को निर्देशित किया गया कि 10 दिन में सभी मशीनों की जाँच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराए ।सभी केंद्रों पर खरीद मूल्य का डिस्प्ले बोर्ड लगा दिया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजा पति, उपजिलाधिकारी सदर गजराज सिंह, उपजिलाधिकारी अमृतपुर रवेंद्रसिंह, जिला कृषि अधिकारी व संवंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत वीरपुर हरिहरपुर विकास खण्ड राजेपुर फर्रुखाबाद

**मनरेगा टेण्डर प्रकाशन**

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत वर्ष 2023–2024 दिनांक 8–3–2024 से लेकर 11–3–2004 तक

| क्र0 | कार्य का नाम | सामग्री | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 01 | गजराज के घर से पुलिया तक इण्टरलाकिंग व साइड वाल कार्य | 304752 | 399689 |
| 2 | छिद्दा मास्टर के घर से पिन्टू के घर तक साइड वाल इण्टरलांकिग कार्य | 295075 | 398752 |

रजनी देवी
प्रधान/अध्यक्ष
ग्राम पंचायत वीरपुर हरिहरपुर
विकास खण्ड –राजेपुर
फर्रुखाबाद

मोहित यादव
सचिव
ग्राम पंचायत वीरपुर हरिहरपुर
विकास खण्ड– राजेपुर
फर्रुखाबाद

## कार्यालय विकासखंड राजेपुर, जिला फर्रुखाबाद

पत्रांक: मेमो/मनरेगा/2023–24 दिनांक: 07.03.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्रामपंचायत वीरपुर हरिहरपुर, विकास खंड राजेपुर, जिला फर्रूखाबाद द्वारा निम्न परियोजना मे निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 8–3–2024 से 11–3–2024 तक की अपराह्व 3 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 11–3–2024 को सायं 4 बजे ग्राम पंचायत मे प्रधान/ सचिव/तकनीकी सहायक एवम् उपस्थित निविदा दाताओं के सामने खोली जाएगी निविदा प्रपत्र दिनांक 11–3–2024 तक अपराह्व 2 बजे तक किसी भी कार्य दिवस मे ग्राम पंचायत से 200 रुपए अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | बिल ऑफ क्वांटिटी लागत | जमानत धनराशि 2% | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गजराज के घर से पुलिया तक इंटरलॉकिंग व साइड बॉल | – | 304752 | 6095 | 200 |
| 2 | छिद्दा मास्टर के घर से पिंटू के घर तक इंटरलॉकिंग व साइड बॉल | – | 295075 | 5901 | 200 |

रजनी सिंह
प्रधान
ग्राम पंचायत वीरपुर हरिहरपुर,
विकास खंड राजेपुर, जिला फर्रूखाबाद

मोहित यादव
सचिव
ग्राम पंचायत वीरपुर हरिहरपुर
विकासखंड राजेपुर जिला फर्रूखाबाद


फतेहगढ महोत्सव

## कवियों और शायरों ने पेश की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल, पांडाल में पूरे समय गूंजती रहीं तालियां

# रचनाओं के जरिए दिया कौमी एकता व इंसानियत का पैगाम

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ महोत्सव में गंगा जमुनी तहजीब से सराबोर कवि सम्मेलन व मुशायरे में कवियों, शायरों ने अपनी रचनाओं में कौमी एकता पर जोर दिया। कवियों व शायरों ने अपने कलामों के जरिए इंसानियत का पैगाम दिया। देर रात तक सजी इस महफिल मे श्रोताओं ने जमकर लुत्फ लिया।

फतेहगढ़ महोत्सव अपनी ऐतिहासिकता के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। गत रात्रि गंगा जमुनी सभ्यता से ओतप्रोत कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन हुआ। युवा शायर बारिश रजा की नात-ए-पाक के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। फिर मां सरस्वती की वंदना की गई। मुशायरे को अपनी आवाज से नवाजते हुए युवा कवि निमिष टंडन ने कहा कि- आग इस दिल में जलाये रखना, खुद को इंसान बनाए रखना। उस्ताद शायर सय्यद इरफान अली ने कलाम के जरिए समा बांध दिया। अमृतपुर से आए चिकित्सक एवं साहित्यकार डॉ. पीडी शुक्ला ने श्रृंगार रस की कविताओं से कार्यक्रम को ऐसा सराबोर किया कि सारा पंडाल सौंदर्य की गहराइयों में उतर गया। उन्होंने पढ़ा- अब तक तेरी दहलीज तक सिमटी कई यादें, तुम्हारा हर हुनर मेरी यादों का हिस्सा हो गया है, कब तलक पूंछे कि कैसे हो बताओ तो सही, तुम्हारा हाल मेरी बीमारी का किस्सा हो गया है। युवा शायर सादाब खां ने कलाम पढ़ा तो महफिल वाह, वाह कह उठी। कार्यक्रम के संचालक उपकार मणि उपकार ने समाज की असलियत को कुछ यूं बयां किया- आती-जाती हुई सांसों में रहा करते हैं, वो नमक की तरह जख्मों में रहा करते हैं, उनकी फितरत हैं कि डसते हैं भरोसा देकर, ये कैसे माने कि सांपों में रहा करते हैं। आयोजन की अध्यक्षता कर रहे तौकीर खां एडवोकेट ने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब को जिंदा रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उर्दू और हिन्दी को हिन्दू और मुसलमानों में नहीं बांटा जा सकता। यह दोनों ही भारत की एकता की प्रतीक हैं। भक्ति साहित्य से अगर रसखान को अलग कर दिया जाए तो वह साहित्य हल्का पड़ जाता है। वहीं उर्दू से पंडित रघुपत सहाय फिराक गोरखपुरी को अलग कर दिया जाए तो उर्दू साहित्य की कल्पना नहीं की जा सकती। इस मौके पर शायरों व कवियों को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक रिजवान अहमद ताज ने आए हुए लोगों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर युनुस अंसारी, हाजी अल्लाहदीन, राजीव बाजपेई, राघवेन्द्र सिंह रानू, ओम प्रकाश चौटाला, मनोज, भूरा भाई, साबिर हुसैन आदि रहे।


कार्यक्रम में मौजूद श्रोता। अमृत विचार


काव्य पाठ करते डॉ. पीडी शुक्ला। अमृत विचार

न विश्वसेत्कुमित्रे च मित्रे चापि न विश्वसेत्।
कदाचित्कुपितं मित्रं सर्वं गुह्यं प्रकाशयेत् ॥

कुमित्र पर विश्वास नहीं करना चाहिए और मित्र पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए । कभी कुपित होने पर मित्र भी आपकी गुप्त बातें सबको बता सकता है ।

## संपादकीय

# विकसित जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है और विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन की संभावनाओं और किसानों के सशक्तिकरण से निकलेगा। भारत के लिए विकसित जम्मू-कश्मीर सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। विकास की शक्ति, पर्यटन की संभावनाएं, किसानों का सामर्थ्य और जम्मू-कश्मीर के युवाओं के नेतृत्व से विकसित जम्मू-कश्मीर का रास्ता निकलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पीएम मोदी ने श्रीनगर में रैली के दौरान 6400 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व लोकार्पण किया। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पीएम मोदी की कश्मीर घाटी की पहली यात्रा रही। उन्होंने कहा कि 370 का फायदा आम कश्मीरी को था या फिर कुछ राजनीतिक परिवार अपने फायदे के लिए लोगों को गुमराह कर रहे थे। अब युवा प्रतिभाओं का पूरा सम्मान हो रहा है और उन्हें विकास के लिए नए अवसर मिल रहे हैं। इस बीच सरकार जम्मू-कश्मीर को एक ऐसे क्षेत्र के रूप में विकसित करने में लगी रही है जिसे वह आतंकवाद और भ्रष्टाचार से शांति और स्थिरता की ओर ले आई है। रैली के दौरान जो विकास परियोजनाएं समर्पित की गईं, उनसे कृषि अर्थव्यवस्था और पर्यटक उद्योग को गति मिलेगी। जम्मू-कश्मीर के विकास को बल मिलेगा। रोजगार सृजन होगा जिससे जम्मू-कश्मीर के लाखों परिवारों को लाभ होगा। उधर लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, चुनाव आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा की संभावना को लेकर विपक्षी दलों के बीच नए सिरे से राजनीतिक दिलचस्पी पैदा हो गई है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि वे हर मुद्दे को चुनावी कैनवास के केंद्र में ले आते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ने श्रीनगर रैली के दौरान चुनाव के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया। परंतु उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा शिकार रहा है। वे राजनीतिक लाभ के लिए पीड़ित होने का उपयोग बेहतर तरीके से कर जाते हैं। यह सच है कि विपक्ष के पास कोई ऐसा नेता नहीं है जो प्रधानमंत्री मोदी के कद की बराबरी कर सके। कहा जा सकता है यह रैली भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन साबित होगी।

# किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्य


डॉ.कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे।

प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर दुनिया भर के सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लगभग सभी देशों में महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, कामकाजी महिलाओं के प्रति भेदभाव, यौन हिंसा एवं प्रताड़ना जैसी विषम परिस्थितियों के परिणामस्वरूप उनकी पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक कठिनाइयां को दूर करने के लिए नियम और कानून हैं। उनके बावजूद विश्व की बड़ी संख्या में महिलाएं शोषण का शिकार बनती रही हैं। इस अवसर के लिए विशेष निर्धारित थीम के अनुरूप दुनिया भर में महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके स्वास्थ्य तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के विषय में उन्हें जागरूक बनाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे। जिससे उनकी भावी उत्पादकता और डिजिटल संबंधी क्षमता को विकसित करने में सहायता मिलेगी। भारत में किशोरवय के विकास के संबंध में उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मूल्यों और सिद्धांतों के अनुपालन का प्रावधान है। ये नीतियां विभिन्न मंत्रालयों जैसे की शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल, तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा विकसित की जाती हैं।

किशोरवय वर्ग के संदर्भ में प्रमुख नीतियों में सम्मिलित हैं : राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017, राष्ट्रीय युवा नीति 2003 और 2014, तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2014। इनमें प्रत्येक नीति का उद्देश्य एक दूसरे से जुड़ा और विशिष्ट है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी कहीं-न-कहीं किशोरवय से जुड़े पहलुओं से परोक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं।


अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्यः वर्ष 2019-21 के दौरान संपन्न पांचवें 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण' के अनुसार 10 से 19 वर्षीय भारतीय किशोरवय पांच लड़कियों में तीन लड़कियां एनीमिया से पीड़ित हैं जब कि ऐसे लड़कों की संख्या लगभग 28 प्रतिशत है। यह किशोरवय लड़कियों के दीर्घकालिक गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से प्रभावित होने की एक विशेष स्वास्थ्य चुनौती है, जो उनके बौद्धिक और शारीरिक विकास में बाधक हो सकती है।

लौह की कमी से उत्पन्न एनीमिया व्यक्तियों और संपूर्ण आबादी की कार्य क्षमता घटा देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस स्थिति से उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट राष्ट्र की विकास में बाधक होता है। जर्नल ऑफ़ न्यूट्रिशन में वर्ष 2002 में संपन्न एक अध्ययन पर प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार एनीमिया के कारण कठोर शारीरिक श्रम करने वाले मजदूरों की उत्पादक क्षमता में लगभग 17 प्रतिशत और मध्यम श्रेणी के कार्यों से जुड़े व्यक्तियों में 5 प्रतिशत की गिरावट पाई गई। 15 से 19 वर्षीय प्रति 1000 महिलाओं में प्रजनन क्षमता दर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' (2015-16) में 51 से घटकर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5' (2019-21) में 43 पाई गई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 15 से 19 वर्षीय आयु वर्ग की लगभग 6.8 प्रतिशत किशोरवय लड़कियों पर मातृत्व भार पड़ गया था।

'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' के अनुसार इस इस आयु वर्ग में पोषण में कमी के कारण बौनापन और शरीर भार कम होने की व्यापकता है। स्कूल जाने वाली लगभग 42 प्रतिशत लड़कियों का शरीर भार कम पाया गया। इस सर्वेक्षण के अनुसार बिहार, झारखंड, गुजरात में देखी गई इस स्थिति से पोषण में क्षेत्रीय असमानता का संकेत मिलता है। भारत सरकार के 'नवीन पोषण अभियान 2.0' के अंतर्गत किशोरवय लड़कियों को पौष्टिक आहार के माध्यम से पोषक तत्वों का संपूर्ण प्रदान किया जा रहा है। बढ़ती आयु की लड़कियों के लिए मासिक धर्म (मेंस्ट्रूअल साइकिल) के दौरान स्वच्छता उत्पादों के प्रयोग में बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2015-16 के दौरान इन स्वच्छता उत्पादों का प्रयोग 58 प्रतिशत से बढ़कर वर्तमान में 78 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, देश की सभी किशोरवय लड़कियों के लिए व्यापक रूप से स्वच्छता उत्पादों की उपलब्धता और इससे जुड़ी जागरूकता को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। लड़कियों में मानसिक विकारों से जुड़ी आधी समस्याओं की शुरुआत 14 वर्ष की आयु में हो जाती है। पन्द्रह से 19 वर्षीय लड़कियों में मृत्यु का प्रमुख कारण स्वयं को क्षति पहुंचाना अथवा जीवन स्वयं समाप्त करना होता है। भारत के 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16' के अंतर्गत 13 से 17 वर्षीय युवा लड़कियों में मानसिक विकारों की व्यापकता लगभग 7.3 प्रतिशत पाई गई थी। लड़कों की तुलना में लड़कियों में तनाव से संबंधित विकारों की व्यापकता अधिक थी। भारत में युवा लड़कियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण पर यूनिसेफ की वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार टीनएजर्स में अवसाद और व्यग्रता जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लड़कियों की किशोरावस्था में प्राथमिक से सेकेंडरी शिक्षा तथा शिक्षा से कार्य पर जाने जैसी स्थितियां बदलती हैं। उनकी शिक्षा के अवसर में कोताही उनके भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। वर्तमान में भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों में महिलाओं की संख्या लगभग 37 प्रतिशत है, जो जी-20 देशों में सबसे कम है। लड़कियों द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करना एक कारण हो सकता है, वहीं पर्याप्त ज्ञान, दक्षता और शिक्षा में कमी जैसी स्थितियां दक्ष महिलाओं की संख्या बढ़ने में बाधक हैं। स्कूल छोड़ने वाली किशोरवय लड़कियों की संख्या अभी भी बहुत है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भारत की किशोरवय लड़कियों का अध्ययन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। हालांकि, सरकारी विद्यालयों में लड़कियों की फीस कम होने के कारण कहीं-न-कहीं लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत देश में मातृ, शिशु एवं किशोरवय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जारी कार्यक्रमों में जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रसूति सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'लक्ष्य' योजना, मातृ एवं शिशु ट्रैकिंग प्रणाली, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गर्भवती एवं दुग्धपान कराने वाली महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों को लौह एवं फोलिक एसिड का संपूर्ण, बच्चों को जानलेवा रोगों से बचाने के लिए व्यापक टीकाकरण (इम्यूनाइजेशन) कार्यक्रम, संपूर्ण टीकाकरण हेतु मिशन इंद्रधनुष, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, संस्थानगत शिशु जन्म, पोषण, प्रतिरक्षीकरण, आदि पहलुओं पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सूचना, शिक्षा एवं संचार, आदि जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं।

किशोरावस्था की लड़कियों को मानसिक विकारों से बचाने के लिए देश में बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने और परामर्श देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और पोषण अभियान 2.0 जैसे कार्यक्रमों की प्रभावी पहुंच के प्रति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की प्रतिबद्धता है।

देश की प्रगति नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। भारत सरकार की वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के आधार पर देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य से संबंधित अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में अनेक कार्यक्रम सम्मिलित हैं। 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता फैलाना प्रासंगिक है।

## प्रसंगवश

# कुछ अनुसुने किस्से कहानी


मिलेवा मिरका


सोफिया

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।

बीसवीं सदी में जब लड़कों के स्कूल में एक लड़की ने साइंस स्कूल में प्रवेश लिया। बेहतरीन दिमाग इतना शानदार कि सदी का सबसे प्रसिद्ध वैज्ञानिक भी उससे प्रभावित और आकर्षित हो गया। विवाह हुआ और आज हम उस जीनियस लड़की का नाम भी शायद ही कहीं सुनते हो। मैं बात कर रही हूं आइंस्टीन की पत्नी मिलेवा मिरका की जो खुद उसी स्तर की वैज्ञानिक थी जिस स्तर के आइंस्टीन खुद थे। उसका मानसिक स्तर ही आइंस्टीन को उसके पास खींच कर ले गया था। मिलेवा न अपने वैज्ञानिक सामर्थ्य को प्रमाणित कर पाई ,न ही अपने शैक्षिक सामर्थ्य को। और घरेलू मोर्चे पर तो वह थी ही असफल। वह एक अवैतनिक कर्मचारी बन गई जिसे आइंस्टीन नौकरी से निकाल नहीं सकते थे पर बतौर पत्नी उसका कोई स्थान नहीं था।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।


प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

अगला किस्सा जर्मन मूल की स्वीडिश वैज्ञानिक मेंटनर का है जिनका कई बार नोबल के लिए नॉमिनेशन हुआ पर अपने देश स्वीडन जिसके लिए उन्होंने काम किया, उस देश ने उन्हें तवज्जो नहीं दी।

प्रसिद्ध लेखक जिनके नाम से कोई भी साहित्य प्रेमी अछूता नही होगा लियो टॉलस्टाय की पत्नी सोफिया का है , जो खुद एक रशियन राजकुमारी थी। लियो के तेरह बच्चों की मां थी। जो खुद भी एक इंटेलेक्चुअल थी । जिसकी डायरी ने ही उसे पहचान दे दी। पर उसकी व्यक्तिगत क्षमता केवल टॉलस्टाय के उपन्यासों की पांडुलिपियां बनाने में खर्च हो गई।

ये सभी किस्से पाश्चात्य देशों के हैं, जहां से फेमिनिज्म का बीज पड़ा। हर किस्से की एक ही त्रासदी है ; स्त्री की क्षमता को पेटेंट करा लेना। उसे उसके हक की इज्जत न मिल पाना। उसकी क्षमताएं व्यक्तिगत न होकर सामुदायिक हो गई और पहचान शून्य। केवल पश्चिम ही नही भारत आदि एशियाई देशों में हाल और बदतर है। विविध कार्य क्षेत्रों में उपेक्षित नारी प्रजाति को आज भी अपने आत्मोत्थान के लिए बहुत संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।

ये स्त्रियां जो आज गिनवा रही हूं, ये सभी अपने क्षेत्र की हस्तियां हो सकती थी, ऐसी ही लाखों स्त्रियां जो अपनी पहचान के लिए भटकती रही और खप गईं। इन्हीं स्त्रियों का संयुक्त प्रयास फेमिनिज्म की चौथी लहर तक पहुंच गया। शायद ये उकसावा ही महिला दिवस मनाने को प्रेरित कर देता है।

भारतीय समाज में फेमिनिज्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को कम मिलता है। हमारा सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचा स्त्री का मूल स्वरूप देवी का बना देता है। ये देवी बनना ही एक फंदा है जहां से भारतीय नारी को निकलने में समय लगेगा। अतः नारी दिवस पर गोलगप्पे की पार्टी से ही भारतीय नारी अभी खुश है ।

# स्त्री, स्त्रीवाद और स्त्री-सशक्तिकरण


शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

आम स्त्री के यथार्थ : भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है।

ऋषि याज्ञवल्क्य ने अपनी पत्नी गार्गी के लगातार सवाल करने पर गुस्से से कहा था, 'ज्यादा पूछा तो तुम्हारा मस्तक फट जाएगा।' प्राचीन युगों की तरह वर्तमान युग में भी स्त्रियां ज्यादा सवाल करने से रोकी जाती हैं। उनके साहस की हद प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से बांध दी जाती है। आमतौर पर वे राष्ट्र में वीरांगना, समाज में धर्म-संस्कृति की मशाल और बाजार में कभी 'कमोडिटी-कभी कंज्यूमर' सब एक साथ हैं। क्या उनके सवालों की हद का निर्धारण स्त्री विमर्श को आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित करता है?

भारत में स्त्रीवाद पश्चिम के गोरे स्त्रीवाद की कार्बन कॉपी है। वह स्त्री-पुरुष असमानता के कुछ रूपों को अनावृत्त करने के बावजूद आम भारतीय स्त्रियों से संवाद करने में सक्षम न हो सका। एलीट मध्यवर्गीय स्त्रियों तक सीमित बौद्धिक संवाद स्त्रीवाद की पहली सीमा है। दूसरी सीमा है, उसकी उग्रता ने देश के दूसरे वंचित समुदायों और विमर्शों से उसका अंतर्संपर्क विकसित होने नहीं दिया, जैसा कि पश्चिमी देशों में चौथी लहर के स्त्रीवाद ने किया। तीसरी सीमा है, स्त्रीवाद की दृष्टि स्त्रियों पर होने वाले अदृश्य अत्याचारों की ओर नहीं गई। इसने पुरुष सत्ता के विस्तृत रूपों और अत्याचारों पर ध्यान नहीं दिया। इस तरह स्त्री विमर्श शैक्षिक-व्यापारिक क्षेत्र में लोकप्रियता के बावजूद वैचारिक स्तर पर एक छोटी बाउंडरी में रह गया।

भारत में स्त्रीवाद मुख्यतः सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व या एलीट महत्वाकांक्षाओं की सीढ़ी बन गया है। उस पर अंततः स्त्री की धार्मिक मातृ छवि भारी पड़ गई। इसके तहत स्त्रियों का ध्यान पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था से हटा कर 'भिन्नता' की धारणाओं की ओर आसानी से मोड़ दिया गया। ये बातें बार-बार दुहराई जाती हैं- 'गरीबों की उन्नति करनी है', 'स्त्रियों की उन्नति करनी है'। लेकिन गरीबों और स्त्रियों की उन्नति में लगे व्यक्तित्व कभी समझ नहीं पाए कि 'गरीब स्त्रियों' की उन्नति एक अलग मामला है!

आम स्त्री के यथार्थः भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। इस देश में स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है। वह परिवार ही नहीं, जाति, जनजाति और कई बार 'राष्ट्र' के लिए भी 'प्रतिष्ठा चिह्न' बना दी जाती है। उसके आज्ञा पालन की जगह जरा भी बराबरी दिखाने, सवाल करने या अधिक स्वतंत्रता लेने पर उसे 'कुलटा', 'परिवार और जाति की प्रतिष्ठा पर दाग' आदि कहकर अपमानित किया जाता है। इधर संस्कृति की दुहाई देकर भी स्त्रियों को जड़ हो चुके पुराने विश्वासों और रीतियों की ओर लौटाने की कोशिश हो रही है। एक बागेश्वरी बाबा हैं, वे कुआंरी लड़कियों को 'खाली प्लॉट' कहते हैं और स्त्रियां चुपचाप सुनती हैं। स्त्रियों का एक अपना आत्मसम्मान है, आधुनिक गरिमा है और उनमें खुद निर्णय लेने की क्षमता है, अब इन चीजों की जम कर उपेक्षा होने लगी है। ऐसी विडंबनाएं भी हैं कि किसी स्त्री की डाइन छवि निर्मित करने और उसे सजा देने के पुरुषसत्तात्मक सुख में कई बार खुद स्त्रियां शामिल रहती हैं। मीडिया स्त्रियों से मनोरंजन करने के लिए किसी स्त्री की 'डाइन-छवि' बनाता है तो किसी स्त्री की 'वीरांगना-छवि'। ये एक ही पुरुषसत्तात्मक सिक्के के दो पहलू हैं।

आम परिवारों में सामान्यतः वधू 'ग्रेजुएट और गृहकार्य में निपुण' चाहिए! कई लड़कियां जानती हैं कि वे सिर्फ इसलिए पढ़ती हैं कि उन्हें अच्छा वर मिले। दहेज एक बड़ी समस्या है। यह लज्जा की बात है कि 2021 में दहेज न देने पर सताई जा रही 6.8 हजार स्त्रियों ने आत्महत्या की। आज भी शादी से पहले प्रश्न होता है- कितना खर्च करेंगे? एक बिस्कुट कंपनी के विज्ञापन में था-वर को उपहार में ज्यादा से ज्यादा बिस्कुट दें, पैकेट में सोना मिल सकता है! दहेज सभ्य भाषा में उपहार है।

इधर एक नया यथार्थ यह है कि कई लड़कियां खुद 'डिस्टिनेशन मैरेज' की मांग करती हैं, माता-पिता की पर्याप्त क्षमता न हो, तब भी। दूसरी तरफ, आज भी लाखों लड़कियों की शादी 18 साल से कम उम्र में कर दी जाती है। गांवों-कस्बों में माना जाता है कि उनके लिए उच्च शिक्षा जरूरी नहीं है। स्त्रियां बीमार होने पर कह नहीं पातीं कि वे बीमार हैं। रोजगार करने वाली स्त्रियों की स्थिति देखें तो शहरवासी स्त्रियों में वे 21 प्रतिशत से भी कम हैं। बहुत से कामों के लिए स्त्रियों को उपयुक्त नहीं समझा जाता और इनका वेतन पुरुषों की तुलना में कम होता है। इस तरह भी सोचा जाता है कि नौकरियां कम हैं। अतः इनके लिए पुरुष को ही प्रधानता मिलनी चाहिए। इसके अलावा, गरीब और वंचित स्त्रियां आवाजहीन हैं। मध्यवर्गीय स्त्रीवाद की चिंताओं के दायरे में स्त्रियों के यथार्थ का एक बड़ा संसार नहीं है।

## सोशल फोरम

# हुआ क्या मुझे रे तौबा

सुबहे से अपने भीतर एक गजब का परिवर्तन पा रहा हूं। मुझे हर स्त्री बेहद आकर्षक मालूम पड़ रही है। बेहद। एक भी अपवाद नहीं। क्या हो गया मुझे। इतना आनंद क्यों उमड़ रहा है। सारी स्त्रियां इतनी मोहक कैसे हो उठी हैं। क्यों खिंचा चला जा रहा हूं। किसी देवता ने मुझे कहीं सोमरस तो नहीं पिला दिया है। आह। हुआ क्या मुझे रे तौबा। झूम उठा रे मैं मस्ताना, दीवाना। जाने क्या पिलाया तूने, बड़ा मजा आया।


मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इसी रसदशा में फेसबुक खोला। मालूम हुआ आज महिला दिवस है। महिलाओं को उनकी ताकत का एहसास दिलाने का दिन। मैं उसी महिला को शक्तिशाली मानता हूं जो पुरुष को अपने अमोघ आकर्षण के बल पर घुटने टेकवा दे और हर सार्थक काम उससे करवा ले। महिला की शक्ति पुरुष-सा होने में नहीं, पूर्ण महिला होने में है। स्त्रियोचित गुण जब पूरी तरह खिल जाएं, तो पुरुष उनके सामने नतमस्तक हो जाते हैं और पुरुषोचित गुण पूर्णतः विकसित हो जाएं, तो उनके समक्ष महिलाएं झुक जाती है। ये दो गुण परस्पर भिन्न हैं। यह भिन्नता ही उनके बीच आकर्षण का कारण है। जहां इन भिन्न गुणों का मिलन होता है, वहीं प्रेम के फूल खिलते हैं। प्रेम से बड़ी कोई शक्ति नहीं। प्रेम करने की क्षमता खोना ही दुर्बल होना है।

वह दिन बहुत बुरा होगा, जब मर्द मौगा हो जाएगा और औरत मर्दानी। मर्दों के गुणों को जो अपना लेगी, वह औरत नहीं रह जाएगी और मर्द तो कभी हो ही नहीं पाएगी। मर्द के गुण हैं फौलादी शारीरिक शक्ति, शौर्य, पराक्रम, संकल्प, कठोर मेहनत करने की क्षमता इत्यादि। स्त्रियों के गुण हैं -प्रेम, करुणा, दया, समर्पण इत्यादि। प्रेम में इन दोनों प्रकार के गुणों का अनायास अंतर्मिलन होता है। इस स्थिति में पुरुषों के कुछ गुण स्त्रियों में चले जाते है और स्त्रियों के पुरुषों में। गुणों का यह प्रेमपूर्ण आदान-प्रदान दोनों की अपूर्णता को बहुत कुछ दूर कर दोनों को शक्तिशाली बनाता है। अगर दोनों साथ-साथ शक्तिशाली नहीं बनते हैं, तो अकेला शक्तिशाली होना विध्वंसक होता है। अकेले पुरुषों के शक्तिशाली होने से स्त्रियां कमजोर हुईं। उनके कमजोर होने से पुरुषों की शक्तियों का सदुपयोग संभव नहीं हुआ।

-फेसबुक वॉल से

# सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं 'शिव'

शिव पुराण के लेख के अनुसार सदाशिव जी ने कहा है कि जो मुझमें और कैलाशपति शिव में भेद करेगा या हम दोनों को अलग मानेगा वो नर्क में गिरेगा। या फिर शिव और विष्णु में जो भेद करेगा वो नर्क में गिरेगा। वास्तव में मुझमें, ब्रह्मा, विष्णु और कैलाशपति शिव कोई भेद नहीं हम एक ही है। परंतु सृष्टि के कार्य के लिए हम अलग अलग रूप लेते हैं। पृथ्वी पर बीते हुए इतिहास में सतयुग से कलयुग तक, एक ही मानव शरीर ऐसा है जिसके ललाट पर ज्योति है। इसी स्वरूप द्वारा जीवन व्यतीत कर परमात्मा ने मानव को वेदों का ज्ञान प्रदान किया है, जो मानव के लिए अत्यंत ही कल्याणकारी साबित हुआ है।

शिव शब्द के दो अर्थ योगी शिव और शून्यता एक तरह के पर्यायवाची हैं, पर फिर भी वे दो अलग-अलग पहलू हैं। क्योंकि भारतीय संस्कृति द्वंद्व से भरी है, इसलिए हम एक पहलू से दूसरे पहलू पर आते-जाते रहते हैं। एक पल हम परम तत्व शिव की बात करते हैं, तो अगले ही पल हम उन योगी शिव की बात करने लगते हैं, जिन्होंने हमें योग का उपहार दिया है। शिव शब्द "वो जो नहीं है" और आदियोगी दोनों की ही ओर संकेत करता है, क्योंकि बहुत से तरीकों से ये दोनों पर्यायवाची हैं। ये जीव, जो एक योगी हैं और वो शून्यता, जो सृष्टि का मूल है, दोनों एक ही है। क्योंकि किसी को योगी कहने का मतलब है कि उसने ये अनुभव कर लिया है कि सृष्टि वो खुद ही है।

संपूर्ण ब्रह्मांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था, तब भी शिव थे। जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। शंकर जी सौम्य आकृति एवं रौद्र रूप दोनों के लिए विख्यात हैं। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। जिस प्रकार इस ब्रह्मांड का ना कोई अंत है, न कोई छोर और न ही कोई शुरुआत, उसी प्रकार शिव अनादि हैं। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। पवित्र श्री देवी भागवत महापुराण में भगवान शंकर को तमोगुण बताया गया है।


डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा, उत्तर प्रदेश

शुक्ल यजुर्वेद संहिता के अंतर्गत रुद्र अष्टाध्याई के अनुसार सूर्य इंद्र विराट पुरुष हरे वृक्ष, अन्न, जल, वायु एवं मनुष्य के कल्याण के सभी हेतु भगवान शिव के ही स्वरूप है भगवान सूर्य के रूप में वह शिव भगवान मनुष्य के कर्मों को भली-भांति निरीक्षण कर उन्हें वैसा ही फल देते है। मनुष्य अपने अपने कर्मानुसार फल पाते हैं अर्थात स्वस्थ बुद्धि वालों को वृष्टि जल अन्य आदि भगवान शिव प्रदान करते हैं और दुर्बुद्धि वालों को व्याधि दुख एवं मृत्यु आदि का विधान भी शिवजी करते हैं। शंकर या महादेव आरण्य संस्कृति जो आगे चल कर सनातन शिव धर्म नाम से जाने जाते है, में सबसे महत्वपूर्ण देवताओं में से एक है। वह त्रिदेवों में एक देव हैं। इन्हें देवों के देव महादेव भी कहते हैं। शिव का अर्थ यद्यपि कल्याणकारी माना गया है, लेकिन वे हमेशा लय एवं प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हुए हैं। शिव सभी को समान दृष्टि से देखते है। इसलिए उन्हें महादेव कहा जाता है। तंत्र साधना में इन्हे भैरव के नाम से भी जाना जाता है।

# पार्वती परिणय दिवस है महाशिवरात्रि

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को पड़ने वाले पर्व महाशिवरात्रि की पृष्ठभूमि में अनेक कथाएं हैं। एक कथा के अनुसार यह पर्व शिव पार्वती परिणय दिवस है। मेरे निकट यह तिथि इस रूप में ही विशेष मान्य है। भगवान शंकर की पहली पत्नी सती जी अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में तन त्याग चुकी थीं और शिवजी अविवाहित थे। उधर तारक नामक दैत्य के अत्याचारों से देवगण और लोक त्रस्त था। देवताओं ने जब ब्रह्मा जी को समस्या बताई तो उन्होंने कहा कि शिवजी का पुत्र ही इसे मार सकता है। तब देवताओं ने कामदेव को भेजकर भगवान शंकर को काम मोहित करने की चेष्टा की,ताकि उनकी रुचि नारी के लिए हो और वह विवाह करें। देवगण प्रेषित कामदेव का यह प्रयास विफल रहा। पांसा उलटा पड़ गया। भगवान शंकर ने कामदेव को ही भस्म कर दिया। अंततः देवगण ने शंकर जी से सीधे प्रार्थना की कि 'नाथ! हम लोग अपने नेत्रों से आपका विवाह देखना चाहते हैं'। शिवजी ने प्रसन्न होकर सहमति प्रकट कर दी। उधर हिमाचल की पुत्री पार्वती शिव जी को पति रूप में पाने हेतु कठिन तपस्या कर रहीं थीं। उनके प्रेम की बहुशः परीक्षा ली जा चुकी थी। अतः यह विवाह तय हो गया। सप्तर्षियों ने संयोजक का कार्य किया। भगवान शंकर की ओर से वृहस्पति और पार्वती की ओर से गर्गाचार्य ने पुरोहित का कार्य किया। वेद विहित रीति से विवाह संपन्न हो गया। यह शुभ काज इसी महाशिवरात्रि की तिथि को हुआ। यथा समय इस अलौकिक युग्म से दिव्य रीति से कार्तिकेय जी जन्में, जिन्हें स्कंद और षडानन भी कहते हैं। वे देवताओं के सेनापति बने। सेनापतियों में वे सर्वश्रेष्ठ माने गए हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपने को 'सेनानीनामहं स्कन्दः' कहा है। यानी सेनापतियों में मैं स्कन्द हूं। उन्होंने तारकासुर का संहार किया। शिव पार्वती विवाह की यह कथा शिव महापुराण के तृतीय पार्वती खण्ड-अध्याय 46/47 में आई है।


शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

वैसे भगवान भोलेनाथ और उनके इस पर्व की महिमा का सम्यक् वर्णन भला कौन कर सकता है? आचार्य पुष्पदंत ने 'शिव महिम्न स्तोत्र' में सही ही लिखा है कि 'यदि कज्जल गिरि को समुद्र की दवात बनाकर घोल दिया जाय और कल्पवृक्ष की डाल की लेखनी बनाकर पूरी पृथ्वी को पत्र मानकर साक्षात् सरस्वती जी शिवजी के गुणों को लिखना शुरू करें, तो भी उनके गुणों को पार पाना संभव नहीं हो सकेगा'। स्पष्ट है कि जब अलौकिक वीणावादिनी शारदा उनकी या उनके पर्वों की पूर्ण महिमा वर्णन में समर्थ नहीं है,तो फिर इस लौकिक शारदा की क्या बिसात।

# 63 गलियों के निर्माण, शहर के सौंदरीकरण को मंजूरी

## नगर पालिका बोर्ड की बैठक में 5 करोड़ 96 लाख रुपये से प्रमुख रास्तों पर डिवाइडर निर्माण, फैंसी लाइटिंग का प्रस्ताव पास

संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** नगर पालिका बोर्ड की बैठक गुरुवार को पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इसमें लंबे समय से चली आ रही गली व सड़कों के निर्माण कार्य को मंजूरी देते हुए कुल 63 प्रमुख गलियों को निर्माण के लिए स्वीकृत किया गया। वहीं दूसरी ओर श्मशान घाट, 22 ख्वाजा, काली वाहन मंदिर पर सौंदरीकरण के साथ ही शहर के प्रमुख स्थानों पर स्वागत द्वार निर्माण व सौंदरीकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कुल 5 करोड़ 96 लाख रुपये की लागत से शहर के प्रमुख रास्तों पर डिवाइडर निर्माण के साथ ही फैंसी लाइट लगाकर उन्हें रोशन करने की व्यवस्था की जा रहीं हैं।

इसके अलावा सड़क किनारे लगे बिजली पोल पर भी 99 लाख रुपये की लागत से तिरंगा लाइट लगाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। पालिका सीमा के अंतर्गत यमुना पुल से लेकर भरथना चौराहे तक पूरा शहर इन फैंसी लाइटों और तिरंगा लाइटों से रोशन नजर आएगा। पालिका बोर्ड बैठक में लेखाकार अखिलेश तिवारी ने एजेंडा प्रस्तुत करते हुए पूर्व में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की ठेका कंपनी को पुराने पारिश्रमिक, अंशदान आदि को तत्काल कर्मचारियों के खाते में जमा करने के साथ ही कंपनी को ब्लैकलिस्टेड करने एफडीआई आदि जप्त करने की जानकारी दी।

इसके अलावा नवीन निविदा के संबंध में भी जानकारी दी गई जिनमें कुल 887 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के आपूर्ति के साथ ही 600 श्रमिक कार्यालय कार्य के लिए भी निविदा स्वीकृत कर ली गई है। पालिका के निष्प्रयोजक सामग्री की नीलामी के लिए कमेटी का गठन करने का प्रस्ताव भी रखा गया। विशेष रूप से श्मशान घाट पर दाह संस्कार के लिए चबूतरों की मरम्मत के साथ ही यहां शिव पार्क में सड़क व पेड़ों के किनारे बैठने के लिए गोलाकार सीट का निर्माण, पूर्व की ओर हट निर्माण व प्याऊ के साथ हट का निर्माण कराया जाएगा। पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने कहा कि एक साल के भीतर पालिका द्वारा विभिन्न सौंदरीकरण योजनाओं के साथ ही शहर के अलग-अलग जरूरत को पूरा करने के लिए जो योजनाएं तैयार की गई उनका क्रियान्वयन किया जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी समस्याएं और प्रस्ताव पालिका को उपलब्ध हो रहे हैं उन्हें भी जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। पालिका अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने पालिका द्वारा दिए गए प्रस्तावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व पालिका अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता समेत पालिका के विभिन्न अधिकारी कर्मचारी व सभासद मौजूद रहे।

### सभासदों ने भी रखे प्रस्ताव, मिला मंजूरी का आश्वासन

**इटावा।** सभासद शरद वाजपेई ने शमशान भूमि के सौंदर्यकरण के प्रस्ताव की सराहना की। उन्होंने चिता जलने वाले स्थान पर फायर ब्रिक्स लगाने व इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह की मांग को दोहराया। साथ ही हाथ वाली फागिंग मशीन खरीदने का भी सुझाव दिया, जिससे गर्मी के दिनों में फॉगिंग के लिए गलियों में सुविधा हो सके। उन्होंने नगर पालिका के ग्रहकर जलकर व अन्य वसूली के लिए मोहल्ले में कैंप लगाने का प्रस्ताव दिया। सभासद सुनील दत्त अंबेडकर ने मडिया ख्यालीराम में स्थापित बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा के सौंदरीकरण के साथ ही अजीत नगर में बन रहे मान्यवर काशीराम पार्क के सौंदरीकरण के लिए भी प्रस्ताव रखा। इसके अलावा सभासद लीलावती राजपूत ने पक्का बाग पर अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा लगाने व अपने वार्ड में नालों की सफाई के साथ ही अतिक्रमण हटाने और बारात घर बनाने का प्रस्ताव दिया। सभासद पूनम पांडेय ने अत्यधिक जलकर व ग्रहकर होने पर किस्तों में उसे जमा करने का सुझाव दिया। सभासद अविनाश कुशवाहा ने महेरा फाटक के पास नाला निर्माण की मांग रखी जिसे तुरंत स्वीकृत कर लिया गया।

### दिव्यांगजन कार्यालय के लिए पालिका देगी जमीन

**इटावा।** दिव्यांगजन कार्यालय बनाने के लिए नगर पालिका सीमा अंतर्गत जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। पालिका बोर्ड बैठक में लाए गए प्रस्ताव को सभी ने ध्वनि मत से पारित कर दिया। इसके अलावा हाई कोर्ट में पैरवी के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप गुप्ता के बेटे प्रवीण गुप्ता को नामित किया गया। वहीं निजी सेवा प्रदाता द्वारा कूड़ा प्रबंधन व सेप्टिक टैंक सफाई के लिए लाइसेंस की आवश्यकता निर्धारित करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। पालिका ने 7 लाख रुपये कीमत से हाइड्रोलिक सीढ़ी खरीदने के साथ ही एमआरएफ सेंटर के संचालन के लिए भी एक निजी कंपनी से करार किया है जिसके तहत डोर टू डोर पूरा कलेक्शन के साथ ही यूजर सरचार्ज भी वसूल किया जाएगा।

### अनुमति 4 की, काट डाली 10 किमी से अधिक सड़क

**इटावा।** लाइन पार क्षेत्र में पाइपलाइन के जरिए गैस पहुंचाने के लिए टोरेंट कंपनी को ठेका दिया गया हैं। ऐसे में कंपनी ने नगर पालिका से रोड कटिंग के नाम पर 4 किलोमीटर की अनुमति ली थी जबकि मौजूदा सभासद अजीत नगर सुनील दत्त आंबेडकर का कहना है कि कंपनी ने 10 किलोमीटर से अधिक सड़क की खोदाई की है। इसके बावजूद न तो उसने नगर पालिका से कोई अतिरिक्त एनओसी ली और न ही अनुमति ली। अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने बताया कि टोरंट कंपनी को नोटिस जारी किया गया है कि उन्होंने बिना अनुमति के कनेक्शन देने के साथ ही अन्य कामकाज के लिए बड़ी मात्रा में रोड की कटिंग की है कंपनी के द्वारा कुछ जुर्माना जमा भी हुआ है। कंपनी को दोबारा नोटिस देकर बिना अनुमति रोड कटिंग न करने के लिए भी कहा जाएगा।

### 20 किमी नाला निर्माण व 50 किमी पड़ेगी पाइपलाइन

**इटावा।** नगर पालिका बोर्ड की बैठक में नगर पालिका सीमा के अंतर्गत आगामी वर्षों में शहर के विस्तार को देखते हुए 20 किलोमीटर नाला निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। शहर के लाइन पार समेत हर छोटे-बड़े नाले को एक दूसरे से जोड़कर शहर में जल भराव की समस्या को दूर करने के लिए इस प्रस्ताव को रखा गया है। फिलहाल शहर के लाइन पार क्षेत्र के साथ ही लाइनआर क्षेत्र में भी कई जगहों पर जल भराव की समस्या चल रही है। इसे खत्म करने के लिए नए नालों का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अलावा कुल 50 किलोमीटर पाइपलाइन भी शहर के अलग-अलग इलाकों में डाली जाएगी। इसके लिए अमृत योजना 0.2 के तहत 2031 की आबादी के लिहाज से पाइपलाइन बिछाने के लिए जल निगम के प्रस्ताव को स्वीकृत करके भेजा गया है।

## सार-संक्षेप



निरीक्षण करते डीएम अवनीश राय और एसएसपी संजय कुमार वर्मा। अमृत विचार

### सवारियां ढोने में न करें ट्रैक्टर- ट्रॉली का प्रयोग

**इटावा।** महाशिवरात्रि व कावड़ यात्रा के मद्देनजर भारेश्वर मंदिर का डीएम अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा ट्रैक्टर- ट्रॉली का प्रयोग सवारियों को लाने में नहीं किया जाए। उप जिलाधिकारी से कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। डीमए ने कहा कि ट्रैक्टर-ट्रॉली का प्रयोग बिल्कुल ही नहीं किया जाए। जरूरत पड़ने पर बसों का प्रयोग किया जाए जिससे श्रद्धालु सुरक्षित रहकर अपनी यात्रा कर सकें। श्रद्धालुओं के नाश्ते आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं मंदिर में साफ सफाई तथा पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी चकरनगर, तहसीलदार चकरनगर मौजूद रहे।



कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं। अमृत विचार

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए महिलाएं सम्मानित

**इटावा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर ग्लोबल पीस फाउंडेशन ग्रुप द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं महिला अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसएसपी की पत्नी नीलम राय ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सदियों से समाज में भेदभाव से प्रताड़ित रहीं तथा अधिकारहीन रहते हुए अपने विकास के लिए छटपटाती रही है। कहा कि आज की नारी अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक है। अपना व समाज की विकास गाथा लिख रही है। ग्लोबल पीस फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि ग्लोबल पीस फाऊंडेशन हमेशा से महिलाओं को जागरूक करने व उनको स्वरोजगार से जोड़कर समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाने के लिए कार्य कर रहा है और हमेशा करता रहेगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं नमिता तिवारी, सुनीता मिश्रा, डॉ. रजनी रावत, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. अर्चना सिन्हा, डाइटिशियन पल्लवी दुबे, अनीता देवी, विनीता देवी, सीमा यादव, मंजू यादव, मालती देवी, चंचल दुबे, राजश्री वर्मा को मुख्य अतिथि नीलम राय व विशिष्ट अतिथि पदमा त्रिपाठी, मनीषा शुक्ला, बिरला शाक्य, स्मिता यादव, स्मृति सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मांडवी पंकज मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रोग्राम भी प्रस्तुत किए गए। प्रभा गावा, नेहा दुबे, सोनी कठेरिया, प्रमिला, कामना, गरिमा दुबे आदि का विशेष सहयोग रहा।

### हाईवे पर टैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**इकदिल, इटावा।** आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर मानिकपुर मोड़ ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार आलू से लोड ट्रैक्टर-ट्रॉली के ड्राइवर ने लापरवाही से बाइक सवार अधेड़ को टक्कर मार दी। इससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि बाइक ट्रैक्टर के नीचे आने से क्षतिग्रस्त हो गई। थाना चौबिया क्षेत्र में गांव लोकपुरा बरालोकपुर निवासी राजेश भदौरिया (56) गुरुवार सुबह घर से बाइक लेकर महेवा जा रहे थे। तभी उक्त स्थान पर इटावा से आलू लाद कर आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली के ड्राइवर ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह बाइक से गिरकर घायल हो गए जबकि बाइक ट्रैक्टर तले दब गई। पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया।

## एक नजर

### कार सवारों ने आटो चालक को पीटा, पुलिस से शिकायत

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदार के यहां शादी में लकड़ी की गट्ठक लेकर जा रहे एक आटो चालक के साथ कार सवार लोगों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस से शिकायत करने पर जानमाल की धमकी दी। बाद में पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। ग्राम सराय चौरी थाना भरथना निवासी सुभाष चंद्र ने बताया कि सात दिन पूर्व रिस्तेदार के यहां शादी थी। जहां पर बेटा आंटो से लकड़ी की गट्ठक लेकर जा रहा था। वह बकेवर थाना क्षेत्र के बोझा गांव के पास पहुंचा तभी सामने से कार सवार चार लोग आए और ऑटो को रोक लिया। कार सवार नामजद चार लोग आए गाली गलौज कर ऑटो का शीशा तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### भाड़ा मांगने पर चालक का सिर फोड़ा, रुपये छीने

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र के ग्राम नगला भिखन में ऑटो ड्राइवर ने भाड़ा मांगा तो यात्रियों ने उसके साथ मारपीट कर सिर फोड़ दिया। उसकी जेब से रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। गांव भिखन निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि वह अपना ऑटो इटावा से लेकर जसवंतनगर आ रहा था। मलाजनी मोड़ पर उसे कुछ यात्री मिले। उन्होंने इटावा चलने को कहा। उनसे भाड़े के रुपये मांगे तो वह गाली-गलौज करने लगे और मारपीट कर मेरा सिर फोड़ दिया। पीड़ित ऑटो चालक का आरोप है कि उक्त लोग जो कि जहांगीर धारानगरी में एक शादी पक्की करने आए थे और वहीं से इटावा वापस जा रहे थे। आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसकी जेब में रखे 8 हजार रुपये भी निकाल लिए।

### सफारी में आपसी संघर्ष में घायल सांभर की मौत

**इटावा।** इटावा सफारी पार्क के डियर सफारी में बुधवार को एक वृद्ध नर सांभर आपसी संघर्ष में घायल हो गया था। देश शाम उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम पशु चिकित्सकों के पैनल से कराया गया है। सामाजिक वानिकी प्रभाग, बागपत के बड़ोत रेंज से रेस्क्यू कर एक तेंदुआ घायल अवस्था में इटावा सफारी पार्क लाया गया था। जिसका इलाज इटावा सफारी पार्क के पशु चिकित्सकों द्वारा डॉ. सीएन भुवा व डॉ. आरके सिंह के दिए गए परामर्श के अनुसार लगातार किया जा रहा है। नर तेंदुआ का का स्वास्थ्य स्थिर बना हुआ है।

# विपरीत विचारों के दलों का गठबंधन है इंडिया, टूट जाएगा

इटावा संवाददाता



उदी में सैनिक स्कूल का उद्घाटन करते मंत्री सुरेश खन्ना, विधायक सरिता भदौरिया।



कैबिनेट मंत्री को प्रतीक चिह्न भेंट करते वाइस चेयरमैन आशीष भदौरिया। अमृत विचार

- वित्त मंत्री बोले-अभिभावक बच्चों पर करियर के लिए न डालें दबाव

**अमृत विचार।** प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा है कि इंडिया गठबंधन ज्यादा दिनों तक चलने वाला नहीं है। यह अलग-अलग विचारधाराओं से जुड़े दलों का गठबंधन है जो जल्द ही टूट जाएगा और इसकी शुरुआत भी हो गई है। यह तो चूंचूं का मुरब्बा है। भाजपा यूपी की 80 सीटें जीतेगी।

यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन बनाए जरूर गया है लेकिन इन सभी दलों की विचारधारा अलग है। ये ज्यादा दिनों तक साथ नहीं चल पाएंगे। यह गठबंधन टूट जाएगा और फिर से मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी वर्गों के लिए कार्य किया है। देश को उन्नति के रास्ते पर आगे बढ़ाया है और सभी के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई हैं।

**उदी में सैनिक स्कूल का उदघाटन, एक अप्रैल से लगेंगी कक्षाएं:** पीपीपी मॉडल पर आधारित सैनिक स्कूल उदी का वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने उद्घाटन किया। स्कूल में एक अप्रैल से कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों की भी महती जिम्मेदारी है। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों पर कैरियर को लेकर अनावश्यक दबाव न बनाएं। उन्होंने कहा सैनिक स्कूल खुल जाने के बाद इटावा के बच्चों को सैनिक शिक्षा भी मिल सकेगी। सैनिक स्कूल इटावा में स्थापित करने के लिए सदर विधायक सरिता भदौरिया ने परिश्रम किया है जिन्हें सफलता मिली है। खन्ना ने कहा कि बुद्धि पैसे से नहीं बल्कि शिक्षा से आती है। हमारे विद्वानों ने भी कहा है कि शिक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने गीता के श्लोक और आचार्य चाणक्य के संदेशों के माध्यम से कहा कि हमें अपने बच्चों को संस्कारवान बनाना है। इससे पूर्व सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सहयोग से इटावा में सैनिक स्कूल की स्थापना की गई है। स्कूल के वाइस चेयरमैन आशीष भदौरिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर 52 फीट ऊंचा तिरंगा भी फहराया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, लाखन सिंह राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, भाजपा नेता शिव महेश दुबे, गोपाल मोहन शर्मा, इंजीनियर हरीकिशोर तिवारी, रामकुमार चौधरी, डॉ. रमाकांत शर्मा, सैनिक स्कूल मैनपुरी के प्रधानाचार्य अग्निवेश पांडे, सैनिक स्कूल इटावा के प्रधानाचार्य अविनाश चतुर्वेदी, एसएमजीआई ग्रुप के अध्यक्ष विवेक यादव, पान कुंवर स्कूल के प्रबंधक डॉक्टर कैलाश यादव, सुदिति ग्लोबल के सतीश कुमार, जीसी जीनियस के प्रत्यूष तिवारी, प्रेम शंकर शर्मा एडवोकेट, हरीनारायण बाजपेयी, जितेंद्र जैन, कवि डॉ राजीव राज, कमलेश शर्मा तथा रोहित चौधरी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कवि कुमार मनोज ने किया।

## 103 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

**इटावा।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार को नुमाइश पंडाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 103 जोड़ों का विवाह रीति रिवाज के साथ कराया गया। विधि विधान से मंत्रोच्चार के साथ विवाह कराया गया।

योजना के अंतर्गत जोड़ों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया गया था। जिन जोड़ों का रजिस्ट्रेशन कराया गया था गुरुवार को उनकी शादी कराई गई। नुमाइश पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और वहां जोड़ो को बैठाकर विवाह की रस्में कराई गईं। जिला समाज कल्याण अधिकारी रवींद्र कुमार शशि ने बताया कि अब इस योजना में शादी के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया जाता है।

# हाउस टैक्स पर लागू हो एकमुश्त समाधान योजना

कार्यालय संवाददाता, इटावा



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट कौशल कुमार को ज्ञापन देते व्यापारी नेता। अमृत विचार

- उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों नें जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में स्थानीय निकाय संबंधित समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट कौशल कुमार को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि नगर पालिका व नगर पंचायत में बकाया हाउस टैक्स पर ब्याज मूल धन से भी अधिक होने के कारण हाउस टैक्स का बकाया वसूली नहीं हो पा रहा है। इसलिए बिजली विभाग की भांति एकमुश्त समाधान योजना बनाकर दंड ब्याज की माफी कर मूल धन आसान किस्तों में जमा कराए जाने की योजना लागू हो।

व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि अधिकांश दुकानों में पानी के कनेक्शन की आवश्यता नहीं होती है। जिन दुकानों पर पानी का कनेक्शन नहीं है वहां से जलकर की वसूली समाप्त किए जाने के आदेश पारित करें। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय द्वारा नामांतरण शुल्क बहुत अधिक बढ़ा दिया गया है। इससे अधिकांश व्यक्ति नामांतरण नहीं करा रहे हैं। नए बने भवनों का नाम दर्ज नहीं होने से हाउस टैक्स का नुकसान स्थनीय निकाय को हो रहा है। नामांतरण शुल्क न्यूनतम 500 अधिकतम 5000 किया जाए। स्थानीय निकायों के लाइसेंस समाप्त करने के आदेश पारित किए जाएं। शहर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा, कामिल कुरैशी, मुख्तार अहमद मंसूरी, सरदार मनदीप सिंह, राहत हुसैन रिजवी, बीके यादव, बृजेंद्र यादव, आशीष भदौरिया, हाजी शेख आफताब, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, योगेश पांडे, धर्मेंद्र यादव, आलोक यादव, शाकिर भाई, अर्चना अग्रवाल, सीमा श्रीवास्तव, गिरिराज अग्रवाल, सै.लकी, अवधेश कुशवाहा, बल्लू फैयाज, किशन यादव, जगत गुरु शर्मा आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत हरदोई विकास खण्ड सैफई-इटावा

पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत हरदोई/निविदा प्रकाशन/2023-24/ दिनांक: 07.03.2024

**निविदा सूचना**

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत हरदोई सैफई-इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना के अनुसार मनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत हरदोई विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/टेण्डर 07.03.2024 से 15.03.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 15.03.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 07.03.2024 से 15.03.2024 तक ग्राम पंचायत हरदोई सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 नगला सेंमरा में शौचालय निर्माण कार्य | पन्द्रहवें वित्त | 196699 | 3933 | 500 |
| 2 | प्रा0वि0 बलभद्रपुर में शौचालय निर्माण कार्य | पन्द्रहवें वित्त | 196699 | 3933 | 500 |

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत हरदोई कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01- अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0-730/33-3-2022-11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वत: निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान, ग्राम पंचायत हरदोई, इटावा
ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत हरदोई, इटावा


अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

### आवश्यकता है

यूबीएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट, बक्शी का तालाब, कठवारा, लखनऊ को बी.ए. संकाय हेतु आवश्यकता हैं। प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, हिन्दी हेतु, **योग्यता लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार, सम्पर्क – प्रबंधक मो.: 9454716161**

### सूचना

मेरा नाम रामसागर आधार कार्ड व पैन कार्ड में दर्ज है, जबकि मेरे पुत्र सुनील कुमार के नौकरी के अभिलेखों में मेरा नाम रामसागर तिवारी दर्ज हो गया है। रामसागर व राम सागर तिवारी दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे इन दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। **नाम- रामसागर पता- निवासी ग्राम तेजीपुर पोस्ट मल्लावां तहसील बिलग्राम, जनपद- हरदोई पिन कोड 241303, जिला- हरदोई, उत्तर प्रदेश।**

### सूचना

मेरा नाम प्रेमलता आधार कार्ड व पैन कार्ड में दर्ज है, जबकि मेरे पुत्र सुनील कुमार के नौकरी के अभिलेखों में मेरा नाम प्रेमलता देवी दर्ज हो गया है। प्रेमलता व प्रेमलता देवी दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे इन दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। **नाम- प्रेमलता पता- निवासी ग्राम तेजीपुर पोस्ट मल्लावां तहसील बिलग्राम जनपद- हरदोई पिन कोड 241303 जिला- हरदोई, उत्तर प्रदेश।**

### पं. ओंकार नाथ महाविद्यालय

बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध- डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)

**आवश्यकता है**

संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड्. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की- **प्रवक्ता बी.ए.** – हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। **प्रवक्ता एम.ए.-** शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02-02 पद। **प्रवक्ता बी. एड्.-** 04 पद। **योग्यता-** यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। **वेतन-** राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।

प्रबन्धक- डॉ. श्रीमती गीता पांडेय
मो0- 8004232988


## कवायद

**नगर पालिका परिषद जसवंतनगर की बजट बैठक, 1 करोड़ 58 करोड़ के अनुमानित घाटे का बजट पास**

# आय में बढ़ोतरी के लिए टैक्सी स्टैंड का ठेका उठेगा

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद की बजट बैठक अध्यक्ष सत्य नारायण शंखवार की अध्यक्षता में हुई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुमानित आय 14 करोड़ 12 लाख 45 हज़ार 800 तथा कुल अनुमानित व्यय 15 करोड़ 70 लाख 50 हज़ार रहा। इस प्रकार कुल 1 करोड़ 58 लाख 04 हज़ार 200 के अनुमानित घाटे का बजट पारित किया गया।

अध्यक्ष ने पालिका की आय में वृद्धि के लिए पालिका सीमा में टैक्सी स्टैंड का ठेका, कोठी कैस्त में अहिल्या देवी होलकर की प्रतिमा की स्थापना, मोहल्ला लधुपुरा में निक्का हलवाई के सामने स्थित पालिका की दो दुकानों को खुलवाकर उसकी नीलामी, एनएच 2 चौराहे पर ट्रांसफार्मर के पास रिक्त भूमि पर एक दुकान का निर्माण, नगर पालिका की बड़ी टंकी परिषद पर मुख्य रोड से बाउंड्री निर्माण व बड़ा गेट लगवाने, पालिका में स्थित समस्त निष्प्रयोजन सामग्री की नीलामी तथा पालिका बाजार में थाना परिषद के पुराने गेट के पास एक दुकान का निर्माण आदि से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। जिसे सर्वसम्मति से सभासदों ने पारित किया। बैठक में शिकायत मिली कि नगर में लगी पानी की टंकियों पर अनट्रेंड ऑपरेटरों को लगाया गया है। जिससे आये दिन ट्यूबवेल खराब होते हैं। कस्बे में पानी की किल्लत रहती है। उन्हें तुरंत हटाकर ट्रेंड ऑपरेटर रखे जाएं। हैंडपंप रिबोर करने की भी मांग की। सभासद मोहनी दुबे ने वार्ड कोठी कैस्त में अतिक्रमण हटाकर डिवाइडर बनवाने तथा टॉयलेट बनवाने, वाटर कूलर व बिजली व्यवस्था ठीक करने, सभासद कमल प्रकाश ने कस्बे में बंद पड़े शौचालय को तुरंत चालू करने, सभासद देवेंद्र कुमार ने श्मशान घाट का सौंदर्यीकरण कराने तथा पुराने प्रस्तावों को तुरंत लागू किए जाने, सभासद मोहम्मद फारूक ने कस्बे में विद्युत खंबे लगवाने की मागे की। सभासद संजीव कुमार ने सफाई व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न लगाते हुए कहा कि सफाई कर्मी कूड़ा उठाने बहुत देर से आते हैं। जिससे कस्बे के लोगों को दिक्कत उठानी पड़ती है। अधिशासी अधिकारी श्याम वचन सरोज ने सभी सभासदों को आश्वासन दिया कि नियमानुसार सभी काम समय पर कराए। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि मोहम्मद शमी, विधायक प्रतिनिधि अजेंद्र गौर, सभासद सुधीर यादव, प्रमोद कुमार, गमला देवी, रुचि झा के अलावा पालिका के विश्वनाथ प्रताप सिंह, सखी त्रिपाठी, शिवांग, लाल सिंह आदि मौजूद रहे।



नगर पालिका जसवंतनगर की बैठक में भाग लेते अध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार।

## सड़क दुर्घटना में ग्रामीण की मौत

**बकेवर, इटावा।** थाना में जिला जालौन के थाना माधोगढ़ के गांव गोहनी के राहुल सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें बताया कि 06 फरवरी को पिता सुंदर सिंह इसी क्षेत्र के गांव भंगा के जयवीर सिंह के साथ घर से 40 हजार रुपये लेकर गाय लेने के लिए निकले थे। देर रात वापस न आने पर पिता को फोन लगाया तो एंबुलेंस ड्राइवर ने रिसीव करते हुए बताया कि महेवा के पास किसी वाहन से बाइक में टक्कर लग गई। राहगीरों की सूचना पर सैफई मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया है। हम लोग रात में आए तो पिता को बेहोश पाया, उनके रुपये गायब थे। पिता ने ग्वालियर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

## अमृत विचार की टीम ने विकास भवन पहुंचकर पड़ताल की तो सामने आया अफसरों के कार्यालय पहुंचने का सच

# समय से दफ्तर नहीं पहुंचते अफसर, भटकते फरियादी

**विकास भवन की पड़ताल**

संवाददाता ककोर, औरैया


जिला समाज कल्याण अधिकारी का 10 बजकर 40 मिनट पर खाली दफ्तर।


10 बजकर 35 मिनट पर डीपीआरओ का दफ्तर भी खाली पड़ा रहा।


जिला कृषि अधिकारी का खाली दफ्तर।


10 बजकर 25 मिनट पर जिला प्रोबेशन अधिकारी का बंद कमरा।


10 बजकर 30 मिनट पर समाज कल्याण अधिकारी का खाली दफ्तर।

**अमृत विचार।** जिले का विकास भवन जहां अधिकतर योजनाओं का संचालन होता है। वहीं विकास भवन में पहुंचने वाले अधिकारी लापरवाही करते हैं। सुबह दफ्तर पहुंचने का समय 10 बजे है लेकिन अधिकारी 11 बजे तक ऑफिस पहुंचना मुनासिब नहीं समझते। वहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उनके कमरों को खोलकर झाड़ू-पोछा साफ सफाई करवाता है। यदि कर्मचारी से पूछा जाए तो वह कहता है साहब आ चुके हैं। लेकिन यह हकीकत नहीं है। अधिकारी सप्ताह में कभी-कभार समय से आते हैं। दफ्तर में समय से न आने के कारण फरियादियों को चक्कर लगाने पड़ते हैं।

अधिकारियों की इस लापरवाही का खुलासा तब हुआ जब अमृत विचार के संवाददाता ने जिले के विकास भवन कार्यालय की हकीकत जानने के लिए पड़ताल की। दफ्तर में केवल खाली कुर्सियों का नजारा था। जहां सुबह 10 बजे से लेकर 11 बजे तक अधिकांश कार्यालय में कुर्सी खाली ही मिलीं। वहीं बाबू भी अधिकतर गायब ही दिखे। अधिकारी दफ्तर के लिए समय पर कोई ध्यान नहीं देते। वहीं डीपीआरओ जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, उद्यान अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी नदारद ही मिले। इसके अलावा जिले के अन्य अधिकारी भी अपने दफ्तर नहीं दिखाई दिए। वहीं फरियादी इंतजार करते रहे। अधिकारियों के इस रवैया से आम जनमानस परेशान हैं। वहीं अधिकारी अपनी रवैया में कोई सुधार नहीं कर रहे हैं। फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर विभाग के चक्कर काटता रहता है पर अधिकारी अपने में कोई बदलाव नहीं करना चाहते ना ही उन्हें किसी कार्यवाही का डर है।

**सुबह 10:25-डीपीओ दफ्तर**

जिला कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार सुबह 10 :25 तक अपने कार्यालय नहीं पहुंचे थे उनके कार्यालय में कर्मचारी ने गेट खोलकर पर्दा को डाल दिया पूछने पर बताया साहब आ रहे है।

**सुबह 10:35-डीपीआरओ दफ्तर**

जिला पंचायत राज अधिकारी कामिनी गौतम 10 :35 तक अपने ऑफिस नहीं पहुंचीं और उनकी कुर्सी खाली दिखाई दी। केवल एक कर्मचारी दिखाई दिया जो बाहर बरामदे में सफाई कर रहा था।

**सुबह 10:40-समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय**

समाज कल्याण अधिकारी डॉक्टर इंदिरा सिंह का ऑफिस तो खुला था। लेकिन उनकी कुर्सी खाली थी। जबकि उनके कार्यालय के अधिकांश कर्मचारी भी नदारद पाए गए वहीं फरियादी अपनी पेंशन के लिए भटकते हुए नजर आए। लेकिन अधिकारी कर्मचारी के ना आने से उनके चेहरे पर मायूसी नजर आ रही थी।

**बोले अधिकारी**

मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया सभी जिला स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों को 10 बजे तक कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश हैं। यदि कोई अधिकारी कर्मचारी कार्यालय में समय से नहीं आ रहा है। तो उससे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। यदि जवाब संतुष्ट जनक नहीं पाया जाता है। तो उस अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# अब ई-वेइंग मशीन से तौल कर मिलेगा राशन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● राशन दुकानों पर कम तौल की समस्या से मिलेगी निजात

**अमृत विचार।** राशन की दुकानों पर अब कम तौल नहीं की जा सकेगी। कार्ड धारकों को ई-वेइंग (इल्क्ट्रॉनिक तौल मशीन) से राशन तौल कर दिया जाएगा। जिले की राशन दुकानों को मशीनें भेजी गईं हैं। जल्द ही पूर्ति विभाग इनका वितरण कराएगी। शहर की नवीन मंडी स्थित गोदाम पर पिछले सोमवार दोपहर राशन की दुकानों के लिए 611 ई- वेइंग (इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन) की खेप कंटेनर से पहुंच गई है। जहां तकनीकी टीम व जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने जांच कर उन्हें सुरक्षित गोदाम में रखवाया है। बता दें कि जिले में कुल 611 सरकारी राशन की दुकानें हैं। इनका संचालन जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय की देखरेख में किया जा रहा है। उचित दर राशन दुकानों पर प्रत्येक माह होने वाले राशन वितरण में घटतौली व राशन न देने के मामलें सामने आते हैं। इसे देखते हुए शासन स्तर से ई- वेइंग मशीन की व्यवस्था बनाई गई है। इसे अपनाने के लिए काफी दिनों से कवायद चल रही थी। पिछले दिनों खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ की ओर से ई-पॉश मशीनों भी भेजी गईं है। जिले को मिल चुके उपकरणों के बाद अब मार्च माह में कोटेदारों को प्रशिक्षित कर इनके प्रयोग को अमल में लाया जाएगा। इसके लिए एक तकनीकी टीम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी देवमणि मिश्रा ने बताया कि 611 ई-वेइंग मशीन सोमवार को गोदाम पर आ गई हैं। जिन्हें ब्लूटूथ व केबल के माध्यम से ई-पॉस मशीन से जोड़कर राशन वितरण में अपनाया जाएगा। मार्च माह में प्रत्येक कोटेदार को प्रशिक्षित कर दिया जाएगा।


देवमणि मिश्रा।

# महिलाओं ने डीएम का किया सम्मान

संवाददाता ककोर, औरैया



जिलाधिकारी नेहा प्रकाश का सम्मान करतीं महिलाएं। अमृत विचार

● महिला दिवस पर माला पहनाकर किया स्वागत डीएम ने जताया आभार

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को सक्षम संगठन तथा जाएंट्स ग्रुप की महिलाओं ने मानस सभागार में पहुंचकर जिला अधिकारी को सम्मानित किया। बड़ी तादाद में सदस्य महिलाएं सुबह से ही जिला मुख्यालय पर उपस्थित हुई। थोड़ी देर में महिलाओं ने जिला अधिकारी को मानस सभागार में फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया ।इसके बाद जिलाधिकारी को भारतीय चिंतन में महिलाओं की भूमिका पुस्तक भी भेंट दी। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने संगठन की सभी महिलाओं का विशेष आभार जताया। सभी महिलाओं ने जिलाधिकारी से होली पर्व पर गुलाल से होली खेलने का अनुरोध भी किया। इसके साथ ही आरएसएस के अनुकरणीय संगठन दिव्यांग समदृष्टि विकास सक्षम की राष्ट्रीय सह महिला प्रमुख सुमन चतुर्वेदी ने भी जिला अधिकारी को माला पहनकर सम्मानित किया ।सक्षम संगठन से महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए कई प्रकार की योजना चलाई जा रही है ।जिससे अनाथ दिव्यांग पीड़ित महिलाएं इस ग्रुप में जुड़कर अपने व्यवसाय कार्य को स्वयं कर रही है और उनके साथ पूरे परिवार का पालन पोषण भी हो रहा है। इस अवसर पर सुनीता चित्रा रेशमा कंचन सहित 50 से अधिक महिलाओं ने उपस्थिति रही।

## बकरी बाजार का 45 हजार में उठा ठेका

**फफूंद,औरैया।** नगर पंचायत में राजस्व प्राप्ति के लिए ठेके पर प्रदर्शनी, बकरी बाजार, चमड़ा हड्डी, कांजी हाउस, होडिंग विज्ञापन की सार्वजनिक नीलामी का आयोजन किया। इसमें पचास से अधिक लोगों ने पहुंचकर बोली लगाई। प्रदर्शनी और बकरी बाजार की सर्वाधिक बोली लगाने वाले दो ठेकेदारों को ठेका मिला। नगर पंचायत फफूंद में वर्ष 2023/24 के लिए ठेके पर प्रदर्शनी लगाने वर्ष 2024/25 के लिए बकरी बाजार,कांजी हाउस,हड्डी और चमड़ा के लिए छ मार्च को सार्वजनिक नीलामी की घोषणा की गई थी ।बुधवार को अधिशासी अधिकारी डा विनय शुक्ला और तमाम सभासदों की मौजूदगी में स्थानीय सहित बाहरी जगहों से आए लोगों ने बोली लगाई।

# विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से किया संवाद

कार्यालय संवाददाता, औरैया


विद्यालय में मौजूद राज्य परियोजना कार्यालय की टीम। अमृत विचार

● राज्य परियोजना टीम का दो दिवसीय दौरा, मौके पर मिलीं कमियों को सुधारने के निर्देश

**अमृत विचार।** राज्य परियोजना कार्यालय की टीम जनपद के दो दिवसीय दौरे पर रही। इस दौरान आये अपर परियोजना निदेशक राज्य परियोजना कार्यालय राजेन्द्र प्रसाद व विशेषज्ञ सुनील पटेल ने विभिन्न विद्यालयों, ब्लॉक संसाधन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने बीएसए अनिल कुमार व खंड शिक्षा अधिकारियों, एसआरजी के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परियोजना टीम द्वारा बुधवार व गुरुवार को विधूना, सहार व भाग्यनगर शिक्षा क्षेत्र के विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था की हकीकत जानी। परियोजना टीम के द्वारा सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर बैनी विधूना विकासखंड का निरीक्षण किया गया। यहां टीम ने लगभग डेढ़ वर्ष से कोई निरीक्षण न होने पर व परिसर में घास खड़ी होने पर नाराजगी व्यक्त की। विधूना विकासखंड के ही प्राथमिक विद्यालय नुनारी व बेला प्रथम के निरीक्षण में शैक्षिक स्तर संतोषजनक पाया गया वहीं सहार विकासखंड के जूनियर विद्यालय पुरवा फकीरे में अपर शिक्षा निर्देशक राजेन्द्र प्रसाद ने कायाकल्प के कार्यों की सराहना की। कंपोजिट विद्यालय नगला जयसिंह में दो अध्यापकों के विलंब से आने पर उन्होंने संबंधित को समय को समय से आने की चेतावनी दी। वहीं पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कंचौसी के निरीक्षण में कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आयी हुई धनराशि व कंपोजिट ग्रांट के बारे में जानकारी प्राप्त की व शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के निर्देश दिए। परियोजना टीम ने बीएसए अनिल कुमार व विभिन्न विकासखंड के बीईओ के साथ मीटिंग कर कायाकल्प, डीबीटी, ट्रेनिंग कार्यक्रम, शैक्षिक गुणवत्ता, अध्यापकों के निलंबन व कार्यवाही व उसके निस्तारण के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान बीईओ जगदीश श्रीवास्तव, अजय विक्रम सिंह, दाताराम एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी, सुनीलदत्त राजपूत अलका यादव उपस्थित रहे।

# पिकअप में लदा थ्रेसर हाईगेज में फंसा, जाम

संवाददाता अछल्दा औरया

● एंबुलेंस, कांवड़ियों सहित जाम में फंसे रहे परीक्षार्थी

**अमृत विचार।** नगर के नहर पुल पर लगे हाईगेज में पिकअप में लदा थ्रेसर फंस गया, जिससे जाम लग गया। बिधूना की तरफ से आ रही पिकअप गाड़ी में एक थ्रेशर लदा हुआ था तथा पिकअप के पीछे भी 3 थ्रेशर बंधे हुये थे। पिकअप में लदे थ्रेशर की ऊंचाई अधिक होने के चलते वह हाई गेज में फंस गया। जिससे नहर पुल पर दोनों तरफ लम्बा लम्बा जाम लग गया। एक व्यक्ति ने पिकअप के ऊपर चढ़कर थ्रेशर के जाल को तोड़ दिया। उसके बाद पिकअप हाईट गेज को पार कर सकी। तब तक पुल के दोनों तरफ भारी जाम लग गया। कोई ही वाहन जाम के चलते आगे नहीं बढ़ पा रहा था इसी बीच अस्पताल की तरफ से एक एम्बुलेंस आ गयी वह भी जाम में फंस गयी। बिधूना की तरफ से आ रहे काँवरिया भी जाम में फंस गये। उधर हाई स्कूल तथा इण्टर मीडिएट के चल रही बोर्ड परीक्षा के सुबह की पाली का पेपर छूटने के बाद परीक्षार्थी भी जाम में फंस गये। नहर पुल पर जाम लगे होने की सूचना पर थानाप्रभारी रवि श्रीवास्तव को दी गयी। उपनिरीक्षक रामस्वरूप फोर्स के साथ जाम खुलवाने मे जुट गए।

## जिले में स्वचालित मौसम संयंत्र लगा

**औरैया।** डीएम नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित परिसर में स्थापित ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन के संयंत्र का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए कहा कि इसके स्थापित होने से समय-समय पर होने वाली अधिक वर्षा/आंधी का पूर्वानुमान लग सकेगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन सभी तहसीलों में स्थापित किए जा रहे हैं। वहीं, ब्लाकों में वर्षा का आंकड़ा एकत्रित करने के लिए दो-दो ऑटोमैटिक रेन गेज लगाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। जिले में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से इन स्टेशनों को स्थापित किया जा रहा है।

# बैग से रुपये निकालने का प्रयास

संवाददाता बिधूना,औरैया

● लोगों ने दो महिलाओं सहित एक लड़की को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**अमृत विचार।** बिधूना कस्बा में स्थित भारतीय स्टेट बैंक से गुरुवार को रूपए निकाल गेट से निकलते समय एक पेट्रोल पंप के मुनीम के बैग में रखे छह लाख रुपए निकालने का प्रयास कर भागते समय मुनीम व वहां मौजूद लोगों ने दो महिलाओं एवं एक लड़की को पकड़ लिया। सिक्योरिटी गार्ड की सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों महिलाओं को कोतवाली ले गयी। जहां पर उनसे पूंछतांछ की जा रही है। कस्बा निवासी बृजकिशोर गुप्ता का सहार रोड़ पर डोडापुर गांव के समीप शिवम किसान सेवा केन्द्र (पेट्रोल पंप) है। पम्प पर ऐरवाकटरा क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर निवासी राहुल यादव पुत्र कमलेश कुमार मुनीम के रूप में काम करता है। राहुल ने गुरुवार को दिन में करीब 12:30 बजे भारतीय स्टेट बैंक बिधूना से छह लाख रुपए निकाले थे। राहुल ने बताया कि बैंक काउंटर से रूपए लेने व गिनने के बाद पैसे बैग में रख लिए और बैंक से बाहर निकलने के लिए गेट पर आया तो वहां बीच गेट पर एक महिला खड़ी थी, जबकि एक महिला व एक लड़की साइड में खड़ी थी। बताया कि जब उसने गेट पर खड़ी महिला से हटने को कहा और वह उसके हटने का इंतजार करने लगा तभी पीछे खड़ी महिला ने उसके बैग की चेन खोलकर उसमें रखे रूपए निकालने का प्रयास किया ।बताया कि कुछ हरकत होती देख वह चिल्लाने लगा तो तीनों महिलाएं भागने लगीं। आसपास मौजूद लोगों व दुकानदारों के सहयोग से उसने दोनों महिलाओं व लड़की को पकड़ लिया ।इसी बीच बैंक के सिक्योरिटी गार्ड ने पुलिस को सूचना कर दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस लड़की समेत दोनों महिलाओं को कोतवाली ले गयी। जहां पर उनसे पूंछतांछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि महिलाओं को थाने लाया गया है। जहां पर उनसे पूंछतांछ की जा रही है। पेट्रोल पंप मालिक बृजकिशोर गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को उनका मुनीम बैंक से रूपए निकालने गया था।

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस** — श्रेष्ठ कला फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष रितु महिलाओं को करती हैं जागरूक

# रितु ने समाज में अपनी अलग पहचान बनाई

कार्यालय संवाददाता, औरैया


रितु चंदेरिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्रेष्ठ कला फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष रितु चंदेरिया की समाज में एक अलग पहचान है। वह ना सिर्फ एनटीपीसी में म्यूजिक टीचर है बल्कि सरकार की तरफ से धुपकारी में योग प्रशिक्षक भी है। वह समाज की बहुत सी समाज सेवी संस्थाओं से जुड़ी है और लगातार समाज के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। फ्री योगा क्लास से जहां लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक कर रही है,वहीं हजारों लड़कियों को स्कूल में जाकर सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग भी देती है। उनके जज्बे को देखकर हीरो कंपनी की तरफ से उनको छत्तीसगढ़ भेजा गया जिसमें उन्होंने ट्राइबल गर्ल्स को योगा और सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी। जिसके लिए हाल ही में उन्हें सम्मानित भी किया गया। साथ ही बच्चों को फ्री कोचिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांसिंग, मेहंदी, सिलाई और कढ़ाई भी सिखाती हैं ।हाल ही में उन्होंने UPYSA से नेशनल योगा जज और नेशनल पैरा योगा जज के एग्जाम दिए और दोनों में पास होकर नेशनल योग जज की उपाधि प्राप्त की। जेंट्स ग्रुप के द्वारा उन्हें केरल में हुए इंटरनेशनल अवॉर्ड फंक्शन में आउटस्टैंडिंग इमीडिएट पेस्ट प्रेसिडेंट ( Ipp ) के लिए सम्मानित किया गया। वह नारी सशक्तिकरण का जीता जागता उदाहरण है। किसी की मदद करना और और निर्धन बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर निखरना और साथ में मंच तक पहुंचाना उनके व्यक्तित्व का अनोखा हिस्सा है। हमेशा अपने अच्छे हंसमुख स्वभाव के कारण हजारों युवा लड़कियों की प्रेरणा भी है।

**रीनू यादव के प्रस्ताव पर सरकार कर रही काम**

हीरा नगर कंचौसी निवासी युवा समाजसेवी रीनू यादव ने निराश्रित गोवंशों की पीड़ा को समझते हुए लोक हित में चरागाह, नदियों आदि के किनारे पड़ी अनावश्यक भूमि को उपयोगी बनाकर उस पर गोवंश संरक्षण हेतु एक बेहतरीन विंदुबार प्रस्ताव तैयार कर उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को भेजा था। भेजे गए प्रस्ताव के कई बिंदुओं पर कार्य हो रहा है। इसके साथ बेटियों को सशक्त सशक्त व स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का अधिक से अधिक प्रचार हो सके इसके लिए रीनू यादव ने एक प्रस्ताव तैयार कर कमिश्नर आगरा को दिया था जिसको संज्ञान लेकर जनहित में आगरा मंडल सहित प्रदेश के कई जिलों में उसे लागू किया गया। परिणाम स्वरूप आज प्रत्येक सरकारी कागज पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का लोगो नजर आ रहा है। इसके अलावा जिला मुख्यालय,जिले की सभी तहसीलों, सभी विकास खंडों व जिले की सीमा पर बसे गांवों के विकास व किसानों के कल्याण के लिए रीनू यादव ने गंभीर चिंतन करते हुए पिछड़े ग्रामों मे सरकारी विभागों द्वारा विभिन्न प्रकार के आयोजनों, जागरूकता कार्यक्रमों व लाभार्थीपरक शिविरों को एक साथ लगाए जाने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक प्रस्ताव तैयार कर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को दिया था जिस पर जिला प्रशासन द्वारा लोक हित में सहमति जताई गई है।


रीनू यादव। अमृत विचार

# चिकित्सा क्षेत्र में सुधार के लिए डीएम ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** डीएम नेहा प्रकाश ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर जरूरतमंद को स्वास्थ्य लाभ हेतु अपनी सेवा देने को कहा। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक अजीतमल को निर्देश दिए कि वह व्यक्तिगत ध्यान देते हुए आवश्यक कार्रवाई करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सिजेरियन प्रसव कराये। प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक एरवाकटरा को कम संस्थागत प्रसव कराने के लिए असंतोष व्यक्त किया तथा निर्देश दिए कि अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव करायें। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत जिला संयुक्त चिकित्सालय सौ और पचास शैय्या के चिकित्सा अधीक्षकों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि जिन लाभार्थियों का भुगतान नहीं हो पा रहा है ।उनकी सूची बनाकर मुख्य चिकित्साधिकारी को उपलब्ध कराये जिससे उनका भुगतान समय से किया जा सके। डीएम द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाये जा रहे कार्यक्रमों की वित्तीय समीक्षा करते हुए दिबियापुर, अजीतमल, अछल्दा एरवाकटरा तथा जिला संयुक्त चिकित्सालय के अधीक्षकों को निर्देशित किया कि रोगी कल्याण समिति और उप केंद्र का अन्टाइड फंड की जल्द ही कार्य योजना बनाकर व्यय करें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहार पर कार्यरत हेल्थ मोबाइल टीमों के कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए समस्त ब्लॉक के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षकों को पुरुष नसबंदी कराने हेतु चिन्हित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सुनील कुमार वर्मा, अपर चिकित्साधिकारी डॉ शिशिर पुरी आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप

### विद्यार्थियों ने रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

**अछल्दा,औरैया।** कंपोजिट विद्यालय अछल्दा के बच्चों ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान बच्चों ने बताया कि मतदान हम सबका अधिकार है। इस अधिकार का प्रयोग सभी बेहतर सरकार चुनने में जरूर करना चाहिए ।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को कस्बे में कंपोजिट विद्यालय में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जहां मतदान बूथ बनाए गए हैं ।थानाप्रभारी रवि श्री वास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली सराय बाज़ार नहर बाजार स्टेशन बाजार तक निकाली गई। वहां से घूमकर रैली विद्यालय में आकर समाप्त हुई। इस दौरान बच्चे 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो के नारे' लगा रहे थे। बच्चे लोगों से मतदान करने की अपील भी कर रहे थे। रैलीनके समापन पर थानाप्रभारी रवि श्रीवास्तव द्वारा बच्चों को टॉफी वितरण की गई इस दौरान प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश पांडेय व सहायक शिक्षकों और शिक्षा मित्र की देखरेख में रैली संपन्न हुई।

### कार-मोटरसाइकिल में टक्कर, दो घायल, एक की मौत

**सहार,औरैया।** बिलराया पनवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर अरियारी अघारा में गुरुवार की सुबह कार व मोटरसाइकिल में आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर से एक विद्यार्थी की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रिफर कर दिया गया। हर्ष उर्फ़ ऋषभ पुत्र अशोक कुमार निवासी गपचरियापुर अपने साथी ऋषभ पुत्र सतीश निवासी शुखलालपुर के साथ मोटरसाइकिल से पेपर देने दिवियापुर स्थित प्रेम शिवानन्द इन्टर कॉलेज जा रहे थे तभी अघारा के समीप सामने से आ रहे शिव शंकर पुत्र नरेश टीका पुरवा फफूंद की कार से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि हर्ष की मौके पर ही मौत हो गई राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर सहार व सहायल की पुलिस ने पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहार भेजा जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा रिफर कर दिया गया मृतक युवक का पंचायतनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया स्वजनों का रोरोकर बुरा हाल है गया दोनो वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है अभी किसी ओर से तहरीर नही दी गई है थानाध्यक्ष ने बताया की तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### विद्यार्थियों ने सजाई झांकी, बनाये सुंदर पोस्टर

**फफूंद,औरैया।** क़स्बा फफूंद के एक्सिस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से प्राइमरी व जूनियर कक्षाओं में प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार की आकर्षक डिजाइन में सुंदर-सुंदर पोस्टर बनाए। जिसमें कक्षा 9 की आकांक्षा ने प्रथम स्थान तथा कक्षा 7 के अनुराग ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा 5 की समृद्धि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के डायरेक्टर दीपक दीक्षित जी ने भगवान शिव ब पार्वती की झांकियों पर माल्यार्पण किया। भगवान शिव के रूप में कक्षा यूकेजी के वंश ने शिव तांडव की प्रस्तुति देकर एवं पार्वती के रूप में कक्षा 3 की अंजली ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह सोढी जी ने बताया कि बच्चों को प्रत्येक प्रकार की गतिविधि में भाग लेना चाहिए और उन्होंने ब्रह्मा ,विष्णु ,महेश के स्थान की चर्चा करते हुए शिव महिमा का विस्तार से वर्णन किया। प्रत्येक देश में विभिन्न प्रकार के उत्सव मनाए जाते हैं उत्सव का अपना एक विशेष महत्व है हम सभी को प्रत्येक पर्व की जानकारी होना जरूरी है महाशिवरात्रि एक पवन पर्व ही नहीं बल्कि धर्म के प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक है अंत में विद्यालय के डायरेक्टर दीपक दीक्षित जी ने बताया कि विद्यालय एक ऐसा स्थान है जहां पर सभी ईश्वर के प्रति आस्था को दर्शाता है ।फाल्गुन माह में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को शिव जी और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इसलिए इस पर्व को शिव और पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। और शैक्षिक गतिविधियों के साथ-साथ प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों को उनकी संस्कृति से अवगत कराता है।

### कंचौसी के पूर्व प्रधान पर एससी-एसटी का मुकदमा

**कंचौसी।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के कंचौसी गांव निवासी सुधा देवी ने थाना पुलिस में लिखित प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुधा देवी के पति अरुण कुमार बीती 5 मार्च की रात्रि में अपने पिता जी को बिहारीपुर स्थित नए मकान पर खाना देने जा रही थे । वापस आते समय पूर्व प्रधान प्रदीप तिवारी ने अरुण को रास्ते में रोक लिया और जाति सूचक गलियां देने लगा जब अरुण ने इसका विरोध किया तो उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। स्थानीय स्तर पर उपचार के बाद हालत गंभीर होने की वजह से कानपुर के एलएल अस्पताल में इलाज जारी है।

## एक नजर

### अवकाश के दिन भी खुलेंगे नगर निगम के कैश काउंटर

अमृत विचार, लखनऊ : वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्त होने में कुछ दिन शेष हैं। इस अवधि में भवन स्वामियों से अधिक से अधिक गृहकर जमा कराने और उनकी सुविधा के लिए नगर निगम सार्वजनिक अवकाश के दिन 8, 9 और 10 मार्च को भी समस्त जोनल कार्यालय में कैश काउंटर खुले रहेंगे। यह जानकारी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने दी।

### प्रशिक्षण बंद, पोर्टल और भौतिक हाजिरी में अंतर

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण में केंद्रों की मनमानी जारी है। जिले में संचालित एक केंद्र के निरीक्षण में प्रशिक्षण बंद मिला। जबकि पोर्टल पर दर्शाई गई हाजिरी और मौके पर जांच में काफी अंतर निकला। जिला समन्वयक ने कार्रवाई के लिए मिशन निदेशक को लिखा है। जिले में सूचीबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता कौशल विकास मिशन की छवि धूमिल कर रहे हैं। प्रशिक्षण देने के लिए केंद्र तो खोल दिए लेकिन, प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा है। जिला समन्वयक ने एक केंद्र का निरीक्षण किया तो प्रशिक्षण कार्य बंद मिला। जो प्रशिक्षणार्थी दर्शाये गए उनकी पोर्टल पर हाजिरी कुछ दर्शाई गई, जबकि मौके पर काफी अंतर पाया। केंद्र पर प्रशिक्षण के रिकार्ड के लिए सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगाए गए।

# रामलला आ गए और अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया

## किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद को माला पहनाते भाजपा के सदस्य।

- बोले मुख्यमंत्री, राम का नाम लेकर उप्र. में हो रहे सभी काम
- संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

अमृत विचार : हमारा अन्नदाता किसान जब आपस में मिलता है तो राम-राम कहता है। आज अयोध्या में रामलला भी आ गए हैं और अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया है। उत्तर प्रदेश में सभी कार्य राम का नाम लेकर चल रहा है, इसलिए किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कृषकों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध कराए जाने के उपलक्ष्य में 'संकल्प की सिद्धि' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने यहां प्रदेशभर से आए किसानों और किसान यूनियन के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां प्रदेश के वित्तमंत्री, कृषि मंत्री, ऊर्जा मंत्री, मुख्य सचिव, बिजली विभाग के अधिकारी, किसान यूनियन के नेता सभी मौजूद हैं। ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर किसानों से पीएम कुसुम योजना के साथ जुड़ने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत ट्यूबवेल पर सौलर पैनल लगाकर किसान बिजली पैदा कर सकेंगे। अपने उपयोग के बाद बची हुई बिजली सरकार को भी बेच सकेंगे। इससे न केवल किसानों को अतिरिक्त आमदनी होगी बल्कि उनके बिजली की आवश्यकता की भी पूर्ति होगी।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विद्युत मंत्री एके शर्मा, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव विद्युत विभाग महेश कुमार गुप्ता, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह सहित बड़ी संख्या में आए प्रदेशभर के अन्नदाता एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## सीबीजी प्लांट का आज लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री

अमृत विचार, लखनऊ : महा शिवरात्रि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को गोरखपुर के धुरियापार में बने इंडियन ऑयल के सीबीजी प्लांट का लोकार्पण करेंगे। इस मौके पर वह बांसगांव लोकसभा क्षेत्र को 222 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की शुरुआत भी करेंगे।

मुख्यमंत्री 68 करोड़ रुपये से अधिक की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 154 करोड़ रुपये से अधिक की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। पहले चरण में यहां सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) और दूसरे चरण में एथेनाल का उत्पादन होना है। इंडियन ऑयल ने सीबीजी (कंप्रेस्ड बायो गैस) प्लांट का निर्माण धुरियापार चीनी मिल परिसर में 18 एकड़ भूमि पर 165 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश से किया है।

# 9 हजार से अधिक कुशल श्रमिक जाएंगे इजरायल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दूसरे चरण में 4,121 श्रमिकों का हुआ चयन

अमृत विचारः इजरायल में नवनिर्माण कार्य के लिए उप्र. के श्रमिकों को चयनित कर भेजे जाने की कवायद जारी है। प्रथम चरण में 5087 और दूसरे चरण में 4121 श्रमिकों को इजरायल में सेवायोजित किए जाने के लिए चयनित किया गया है। इस तरह कुल 9208 कुशल श्रमिक इजराइल में 01 लाख 37 हजार प्रतिमाह वेतन पर सेवायोजित किए जाएंगे।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि केन्द्र सरकार एवं इजरायल सरकार के बीच एमओयू किया गया है जिसके अंतर्गत व्यवसाय मेसन प्लास्टरिंग वर्क, मेसन सेरेमिक टाइलिंग, मेसन बिल्डिंग फ्रेमवर्क और मेसन आयरन वेन्डिंग के क्षेत्र में इजराइल में भारतीय श्रमिको को सेवायोजित करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

28 फरवरी से 07 मार्च तक राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में कुशल श्रमिकों के द्वितीय चरण का स्किल टेस्ट इजरायल की टीम के द्वारा लिया गया, जिसमें 4121 कुशल श्रमिकों को चयनित किया गया है। इस तरह कुल 9208 कुशल श्रमिकों को इजराइल की टीम के द्वारा चयनित किया गया है।

# सीबीआई ने घूसखोरी में दो को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटाने के लिए मांगी गई थी रिश्वत

अमृत विचार : सीबीआई ने पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटाने के लिए 18 हजार रिश्वत लेने के आरोप में अलीगढ़ स्थिति ग्रामीण बैंक के फील्ड अधिकारी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने एक शिकायत पर मोहित अग्रवाल, फील्ड ऑफिसर, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त, पाली रजापुर शाखा, जिला-अलीगढ़ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। यह आरोप लगाया गया था कि शिकायतकर्ता के पिता के पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटान करने के लिए आरोपी द्वारा घूस मांगी गई थी। उस केसीसी ऋण खाते को एनपीए घोषित कर दिया गया था और कथित तौर पर बैंक ने उक्त खाते में 10,03,232 रुपये (लगभग) की बकाया राशि की गलत गणना की थी।

यह भी आरोप लगाया गया कि फील्ड ऑफिसर ने उस बकाया केसीसी ऋण राशि का निपटान करने के उद्देश्य से, शिकायतकर्ता के पिता के नाम पर दो नए केसीसी ऋण खाते खोले और पुराने केसीसी ऋण खाते में 8 लाख रुपये और 1.5 लाख रुपये हस्तांतरित किए। आरोपी फील्ड ऑफिसर ने समय सीमा बढ़ाने के लिए शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये रिश्वत मांगी।

## सभी पोलिंग बूथों पर 9 व 10 को पढ़कर सुनाई जाएगी मतदाता सूची

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन अधिकारी सभी पोलिंग बूथों पर 9 व 10 मार्च को लोगों को मतदाता सूची पढ़कर सुनाएंगे। इस सिलसिले में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव की ओर से जारी निर्देश में जिला निर्वाचन अधिकारियों से निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। कैलेंडर के अनुसार, 9 व 10 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह दो बजे के बीच प्रत्येक बूथ (ग्राम पंचायत स्तर व वार्ड स्तर) पर मतदाताओं की जागरूकता के लिए किसी वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाए, जिससे जिन अर्ह व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे अपना ससमय पंजीकरण करा लें।





गुरुवार को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

## देश के महान सपूत थे गोविंद बल्लभ पंत

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने उप्र. के प्रथम मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री रहे गोविंद बल्लभ पंत को याद करते हुए कहा कि वह भारत माता के महान सपूत थे। साथ ही योगी ने उनकी स्मृतियों को भी नमन किया। मुख्यमंत्री ने यहां कहा कि भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा देश की आजादी के लिए समय- समय पर चलाए गए आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभायी। उन्होंने 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश के पुनर्गठन पर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की व्यवस्था को सुचारू रूप से आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

# प्रदेश में नक्सली नेटवर्क खंगालने में जुटी एटीएस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे कृपाशंकर से एटीएस कर रही पूछताछ
- पूर्वांचल और बिहार से सटे उप्र के जिलों में नक्सली नेटवर्क पर टिकी है निगाह

अमृत विचार : नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिन्दा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन की प्रयागराज से गिरफ्तारी के बाद एटीएफ उप्र में नक्सली नेटवर्क खंगालने में जुट गई है। इस बाबत अदालत से सात दिन रिमांड पर लिए गए कृपाशंकर सिंह से पूछताछ कर नक्सलियों की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

एटीएस सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में छत्तीसगढ़ के नक्सलियों के पूर्वांचल में पनाह लेने और सक्रिय होने के संदर्भ में भी पूछताछ कर रही है। दरअसल, कृपाशंकर सिंह कुशीनगर का मूल निवासी है, जबकि उसकी पत्नी छत्तीसगढ़ की रहने वाली है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के नक्सलियों के यहां सक्रिय होने का अंदेशा हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हुए नक्सली हमले के बाद उप्र में नक्सल प्रभावित जिलों- चंदौली, गाजीपुर, सोनभद्र और मिर्जापुर में अलर्ट जारी किया गया था, लेकिन उप्र के इंटेलिजेंस महकमें ने गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, बलिया, मऊ और आजमगढ़ में भी नक्सलियों को लेकर पुलिस को सतर्कता बरतने को कहा था।

2009 में ही देवरिया के 26 गांवो में और कुशीनगर के एक गाँव में नक्सली गतिविधियों की बाद सामने आयी थी। पूर्वांचल में नक्सली सक्रियता की पुष्टि 2010 में गोरखपुर में महिला नक्सली हिरामन की गिरफ्तारी से भी हुई थी। सूत्रों के मुताबकि एटीएस अपनी पूछताछ में इस बिन्दुओं को भी शामिल किया है।

## वर्ग पहेली-3

**बाएं से दाएं**

2. 1. कटहल का वृक्ष 2. उक्त वृक्ष का फल 3. कांटा 4. एक प्रकार का सांप 5. विभीषण का एक मंत्री 6. राम की सेना का एक बंदर।

4. एक ही पेशे से जुड़ा हुआ, सहव्यवसायी।

6. 1. हुक्के में तंबाकू का धुआं खींचने के लिए लगी हुई नरकट की नलियां 2. बहुत ही दुबला-पतला व्यक्ति।

7. 1. प्रेमी, प्रेमासक्त 2. रूमानी।

8. 1. पानी के अंदर होने वाली एक प्रकार की घास 2. शैवाल।

10. 1. साफ़-सुथरा, व्यवस्थित 2. ठीक, अच्छा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. शाकंभरी लवण, पांशु लवण 2. ज्योतिष सिद्धांत का एक भेद।

3. टेलीविज़न या रेडियो पर प्रसारण के लिए समाचार पढ़ने वाला व्यक्ति, उद्घोषक, (न्यूज़रीडर)।

5. 1. भव्य 2. उत्तम, बढ़िया 3. ऐश्वर्यवाला 4. तड़क-भड़कवाला 5. प्रशंसनीय।

7. 1. तालाब

9. कटी हुई फ़सल से अनाज के दानें अलग करने के लिए बैलों से रौंदवाना, दंवरी।



### वर्ग पहेली - 2 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 म | लि | क | | 2 उ | जा | डू |
| ठि | | | | ता | | |
| या | | 3 नि | | 4 व | रू | थ |
| | 5 दी | पा | व | ली | | |
| 6 आ | न | न | | | | 7 स |
| | दा | | | | 8 बै | ट |
| 9 सु | र | ब | हा | र | | ना |

# आश्रम पद्धति विद्यालयों में फार्मासिस्ट के 90 फीसदी पद खाली

## 103 पदों के सापेक्ष सिर्फ 14 तैनात हैं, विभाग ने 89 फार्मासिस्ट की नियुक्ति के लिए अध्याचन भेजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ





- विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य भगवान भरोसे
- नियमावली बनाकर शासन को भेजी, पत्रावली कार्मिक विभाग के पास

अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की देखभाल भगवान भरोसे है। वजह, उनकी सेहत की प्राथमिक स्तर पर देखभाल की जिम्मेदारी उठाने वाले फार्मासिस्टों की संख्या न के बराबर है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित इन विद्यालयों में फार्मासिस्टों के 90 प्रतिशत पद खाली हैं।

यूपी में समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन्हें सर्वोदय विद्यालय के नाम से जाना जाता है। इसी तरह विभाग की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए आठ कोचिंग सेंटर संचालित हैं। समाज कल्याण विभाग ने इन संस्थानों में छात्र-छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा देने के लिए फार्मासिस्ट के 103 पद सृजित हैं। लेकिन, वर्तमान में इन सृजित पदों के सापेक्ष विभाग में महज 14 फार्मासिस्ट ही तैनात हैं।

> फार्मासिस्टों के पदोन्नति की नियमावली बनाकर शासन को भेज दी है। नियमावली की पत्रकावली कार्मिक विभाग के पास है। जबकि 89 फार्मासिस्ट के पदों पर नियुक्त के लिए अध्याचन आयोग को भेजा गया है। प्रयास किया जाएगा कि जल्द नियुक्ति हो जाए।
>
> -कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

### पदोन्नति के लिए नहीं है कोई नियम

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग में तैनात फार्मासिस्टों की पदोन्नति का कोई नियम नहीं है। समाज कल्याण फार्मासिस्ट एसोसिएशन की ओर से सरकार और विभाग से सेवा नियमावली बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। सेवा नियमावली बनने से पदोन्नति के रास्ते खुलेंगे। उनके प्रमोशन के रास्ते खुलेंगे।

## सुडोकू -82

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| | 6 | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 3 | | | 5 | | 4 | | 7 |
| | 1 | | | | | | 9 | |
| 7 | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 5 | 2 | 3 | | 8 | | | |
| 3 | | | | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | 7 | | 6 | | | |

### सुडोकू - 81 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 1 |
| 9 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 मार्च, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 21.57 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 10.41 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** — आज व्यापारी वर्ग को अतिरिक्त मेहनत करनी होगी। सत्यनिष्ठा और धैर्यपूर्वक दिन बिताने की सलाह दी जाती है। बॉस के साथ मजबूत संबंध स्थापित होंगे। बकाया धन आज वापस मिल सकता है। घर का माहौल भी सामान्य ही रहेगा।

**वृष** — आज किसी सामाजिक संस्था से भी जुड़ सकते हैं। विद्यार्थी किसी नए कोर्स के प्रति आकर्षित रहेंगे। भविष्य को लेकर योजनायें बनायेंगे। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। तीर्थ यात्रा के विषय में कुछ योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** — आज यदि बहुत आवश्यक न हो तो यात्राओं से आपको बचना चाहिए। घर के लोगों के साथ बहस हो सकती है। अपरिचित लोगों पर भरोसा न करें। विचारों की उधेड़बुन में दिन बीतेगा। भोग-विलास में धन का अपव्यय हो सकता है।

**कर्क** — आज जीवनसाथी के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे। कारोबार में अनुमान से अधिक अच्छी सफलता मिलेगी। व्यवस्थित और अनुशासित जीवनशैली का अनुसरण करेंगे। पूर्व में की गयी आपकी मेहनत आज रंग लायेगी। कार्यक्षेत्र में तरक्की मिलेगी।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में स्थिति थोड़ी चिंताजनक हो सकती है। खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। जल्दबाजी में काम बिगड़ सकते हैं प्रतिद्वन्दियों के साथ विवाद हो सकता है। नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं में राहत मिलेगी।

**कन्या** — आज आपके कार्यक्षेत्र में अचानक से आपकी स्थिति में बढ़ोत्तरी होगी। संतान को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। मनोरञ्जन में धन खर्च होगा। परिवार में किसी सदस्य को लेकर चिन्ता रहेगी। प्रेम-संबंधों में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में काफी संघर्ष करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र का शेड्यूल अचानक बदल सकता है। आपको भी अपने रूटीन में बदलाव करना पड़ेगा। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। काम में मन न लगने के बावजूद काम करना पड़ेगा।

**वृश्चिक** — आज नए क्रियेटिव आइडियाज से काम आसानी से पूरा कर लेंगे। यात्राओं का भरपूर आनंद उठायेंगे। आपके व्यक्तित्व में सन्तुलन रहेगा। लोग आपके उदार और विनम्र व्यवहार की काफी प्रशन्सा करेंगे। समस्त इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**धनु** — आज मन में किसी विषय विशेष के गूढ़ ज्ञान के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न होगी। भोजन की शुद्धता का ध्यान रखना आज जरूरी होगा। लघु उद्योगों से जुड़े लोगों को आज अचानक लाभ प्राप्त हो सकता है। काम उचित समय पर पूरे नहीं होंगे।

**मकर** — आज प्रोजेक्ट्स की शुरुआत हो सकती है। व्यवसाय में साझेदारों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। एक साथ अनेक कार्य करने की कोशिश न करें। दांपत्य जीवन में आपसी समझ और समर्पण बढ़ेगा। नई संपत्ति या घर लेने के विषय में विचार हो सकता है।

**कुंभ** — आज मन में नकारात्मक चिन्तन उत्पन्न होगा। घुटनों में तकलीफ बढ़ सकती है। विरोधी आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। अपने संकल्प और विचारों को लेकर शंका उत्पन्न होगी। नींद में कमी के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

**मीन** — आज मित्रों से उत्साहवर्धक समाचार प्राप्त होंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। शेयर मार्केट और लॉटरी आदि से फायदा मिल सकता है। चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना करेंगे। धर्म-कर्म में आप विशेष रुचि लेने वाले हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
गुलाब गैंग
सुबह : 12.00
एक और एक ग्यारह
शाम : 06.00

SONY MAX
मैडम गीता रानी
सुबह : 11.20
हिचकी
शाम : 06.59

SONY PIX
वेनम
सुबह : 12.29
डोंट ब्रेथ
रात : 07.37

ZEE CINEMA
रश्मी रॉकेट (2021)
सुबह : 10.30
सीक्रेट सुपरस्टार
रात : 07.00

colors CINEPLEX
कल हो न हो
सुबह : 09.29
जब बी मेट
शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म





सोनी मैक्स पर शाम 06.59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गप्पू ने राह चलती एक लड़की को आंख मार दी...
लड़की बोली- ओए, ये क्या कर रहा है, मैं तुझे कोई ऐसी-वैसी लड़की दिख रही हूं?
गप्पू- आपकी बात बिल्कुल ठीक है मैडम, लेकिन चेक करना तो हमारा फर्ज बनता है न।

संजू और बंटी दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे...
टीचर- तुम दोनों ने अपने पापा का नाम अलग-अलग क्यों लिखा?
संजू- मैडम फिर आप कहोगे नकल मारी है, इसलिए।

# हत्यारोपी पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी की मांग, अधिवक्ता रहे हड़ताल पर

## आगरा में अधिवक्ता की हत्या के विरोध में जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन, ज्ञापन दिया

कार्यालय संवाददाता, इटावा



कचहरी में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद आगरा के अधिवक्ता सुनील शर्मा की आगरा पुलिस द्वारा फ्लैट से गिराकर हत्या कर दी गई। जिसमें पुलिस वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अभी तक किसी आरोपी पुलिस कर्मी की गिरफ्तारी नहीं हुई। अधिवक्ता की हत्या होने से प्रदेश के अधिवक्ताओं में रोष है। आरोपियों की गिरफ्तारी व परिवारीजनों को आर्थिक सहायता व नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर इटावा के अधिवक्ता हड़ताल पर रहे और जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। बाद में एक ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा।

डीबीए के अध्यक्ष बृजेश कुमार दुबे व महामंत्री राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आगरा के वकील सुनील शर्मा को पुलिस ने छत से फेंक दिया जिससे उनकी मौत हो गई। मामले में पुलिस के खिलाफ मामला भी दर्ज हो गया लेकिन अभी तक किसी पुलिसकर्मी की गिरफ्तारी नही की गई। जिससे वकीलों में रोष है। उक्त घटना के संबंध में तमाम सीमावर्ती जनपदों के अधिवक्ता हडताल पर रहे। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा एवं सिविल बार एसोसिएशन इटावा दिवंगत अधिवक्ता सुनील शर्मा के परिवारीजनों को सुरक्षा, एक करोड रुपये आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरी दिए जाने की सरकार से मांग करते हुए न्यायिक कार्य से विरत रही। डीबीए अध्यक्ष की अगुवाई में उप्र सरकार को एक ज्ञापन जिलाधिकारी इटावा के माध्यम से दिया गया। ज्ञापन देने वालों में कुंवर बहादुर सिंह, सत्येन्द्र पाल सिंह यादव, भुवनेश यादव, मैराज अली खान, पदमा दुबे, प्रदीप कुशवाह, विवेक द्विवेदी, वीर प्रकश सिंह, राजू यादव, अमित चौरसिया अमरीश पांडे, देवेंद्र पाल सिंह, सोनू यादव, मधुर यादव रहे।

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, छह घायल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार :** जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए सडक हादसों में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पीजीआई भेजा गया है।

पहली घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर डीपीएस स्कूल के पास हुई जहां अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज थाना क्षेत्र के गांव कोरारी खेड़ा निवासी गोरे लाल अपनी पत्नी सरला देवी के साथ बाइक से किसी काम से इटावा आ रहा था। डीपीएस के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सरला देवी की मौत हो गई जबकि गोरे लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी घटना बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाइवे पर हुई जहां अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार अजय कुमार पुत्र अजीत निवासी भूल पुरा घायल हो गए। उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

तीसरी घटना इकदिल थाना क्षेत्र के गांव कराई पुरा के पास हुई जहां दो बाइकों के टकराने से बाइकों पर सवार रवि पुत्र राम पाल निवासी नगला सकटू दिबियापुर व लाल जीत पुत्र राम सिंह निवासी ईश्वरी पुरा व अभिषेक पुत्र जयपाल सिंह निवासी मानिकपुर मोड़ घायल हो गया। इसके अलावा फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के पक्का बाग के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार संजय पुत्र दुर्गपाल व लोकेद्र पुत्र देशराज निवासी पक्का बाग घायल हो गए। इसके अलावा उदी मोड़ के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से करतार सिंह पुत्र राम सिंह निवासी राजपूत कालोनी घायल हो गए। सभी घायलों को पीजीआई में भर्ती कराया गया है।

## सार-संक्षेप


प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकगण। अमृत विचार

### प्रशिक्षण लेकर दियांगों को देंगे शिक्षा

**अछल्दा, औरैया।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत समेकित शिक्षा के तहत ब्लाक संसाधन केंद्र अछल्दा पर ब्लाक क्षेत्र के शिक्षकों का समावेशी शिक्षा पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। सन्दर्भदाता नरेंद्र कुमार द्वारा प्रशिक्षण में शिक्षकों को दिव्यांग व विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने हेतु प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में दृष्टिबाधित मूक बधिर, बौद्धिक दिव्यांग, अधिगम अक्षमता एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के बारे में सभी शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। लेखन, पठन, साइन लैंग्वेज से मूक बधिर बच्चों को पढ़ाने के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों को मिलने वाली सुविधाए जैसे स्कार्ट एलाउ स्टाइपेंड, नि:शुल्क उपकरण एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने के बारे में बताया गया।प्रशिक्षण के शुभारंभ पर बीईओ जगदीश श्रीवास्तव ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सभी शिक्षको को प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को सीखते हुए अपने विद्यालय में लागू करें। सामान्य जीवन में सभी बच्चे एक साथ शिक्षा ग्रहण करें और बच्चों में एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना हो ऐसा माहौल शिक्षक अपने कक्ष में तैयार करें।इस दौरान ब्लॉक के शिक्षक शिक्षकये मौजूद रही।

### गैंगस्टर तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**अछल्दा, औरैया।** पुलिस अधीक्षक औरैया चारू निगम द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु लगातार चलाये जा रहे अभियानो के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक औरैया के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी विधूना के कुशल पर्यवेक्षण में थाना अछल्दा पर पूर्व से शातिर गैंगस्टर अपराधी सलमान उर्फ कातिया पुत्र निसार थाना अछल्दा जनपद औरैया जिसका इसके गांव दलीपपुर व आस पास के गांव में बहुत दहशत है अपराध करके नोयडा भाग जाता है जहां पर यह बैकरी का काम दिखावे के लिये करता है।28 फरबरी को मुकदमें की पेशी के लिये यहां आया था उसके बाद से ही गांव में सूरजमुखी पत्नी स्व0 रामसिंह निवासी दलीपपुर से जबरदस्ती प्लाट का बैनामा कराने का दबाब बना रहा था जिसके सम्बन्ध मे पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना अछल्दा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुरेश कुमार मय टीम के सलमान उर्फ कातिया को गुरुवार को मुखविर की सूचना पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास एक अदद तमंचा व एक कारतूस 315 बोर के पकड लिया। जिसके सम्बन्ध में आर्मस एक्ट पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया।अपराधी के जिले के अन्य 11 थानों में मुकदमा पंजीकृत है ।जिसे थानाप्रभारी रवि श्रीवास्तव, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, उपनिरीक्षक सतीश चन्द्र, कांस्टेबल मोहन सिंह, कांस्टेबल मनोज कुमार ने गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर तथा एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

### दहेज के लिए ससुरालियों ने की मारपीट

**इटावा।** थाना पछायगांव के अंतर्गत गांव पुरा बसावन निवासी प्रियंका ने जिला जालौन के थाना कुंठोद के गांव केथवा निवासी पति प्रदीप, जेठ, सास व ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता के अनुसार 24 मई 2022 को उसकी शादी हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। मना करने पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। चार मार्च को चारों ने मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बंदी की इलाज के दौरान मौत, जांच की मांग

**सैफई, इटावा।** नाबालिग के अपहरण के मामले में इटावा जिला कारागार में बंद कैदी की उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने बिधूना पुलिस पर मारपीट कर मौत के घाट उतारने का आरोप लगाया और न्यायिक जांच की मांग की है। औरैया के थाना बिधूना क्षेत्र के गांव रठगांव निवासी महिला रूबी ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसका पति गोविंद सिंह को बिधूना पुलिस 25 फरवरी को घर से पकड़ कर मारपीट करते हुए थाने ले गई थी। थाने में भी जमकर पिटाई की थी। जिससे उसके पति की तबीयत खराब हो गई थी। उसके बाद जेल भेज दिया था। इसके बाद जेल प्रशासन द्वारा भी उसके पति की तबीयत खराब होने की जानकारी नहीं दी गई। जब चार मार्च को जेल में परिजन मुलाक़ात करने गए थे। जहां पर जानकारी मिली कि उनकी तबीयत खराब होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद हम जिला अस्पताल में पहुंचे जहां पर जानकारी मिली कि सैफई विवि में भर्ती कराया जहां पर हम अपने परिवार के साथ आए। विश्वविद्यालय में हमारे पति को वेंटिलेटर पर रखा गया जहां पर हमारे पति बोल नहीं रहे थे। गुरुवार सुबह मौत हो गई। शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। रूबी ने प्रदेश सरकार से न्यायिक जांच की मांग की है। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर सैफई तहसीलदार जावेद अंसारी की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### छह और शातिरों की थाना हाजिरी की गई तय

**इटावा।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने अराजक तत्वों पर शिंकजा कसना शुरू कर दिया है। इसके तहत गुंडा एक्ट के आरोपित शातिरों की थाना हाजिरी तय की जा रही है। इसके चलते एसएसपी संजय वर्मा की रिपोर्ट के आधार पर एडीएम ने थाना व गांव चौबिया के कृष्ण कुमार व सचिन, जसवंत नगर के गांव छंद के राघवेंद्र उर्फ पंकज, राजेश चौहान उर्फ तन्नू इसके भाई प्रदीप तथा थाना लवेदी के गांव डबाह के अरविंद उर्फ भीम की आगामी छह महीने के लिए अपने अपने संबंधित थाना में हर महीने की 15 तारीख को हाजिरी दर्ज कराने का आदेश कर दिया है।

### भारतीय किसान संघ ने की मुआवजे की मांग

**इटावा।** भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री राहुल तोमर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने किसानों के नुकसान के लिए मुआवजा देने की मांग की। इसे लेकर एसडीएम को एक ज्ञापन भी दिया गया। जिला मंत्री राहुल तोमर ने बताया पिछले सप्ताह हुई बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फसलों का जो नुकसान हुआ है उसका आंकलन कर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी मांग को सरकार ने स्वीकार करते हुए नलकूपों को मुक्त बिजली प्रदान करने की घोषणा की है। ज्ञापन देने के दौरान जिला उपाध्यक्ष रविंद्र चौहान, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार त्रिपाठी, जैविक प्रमुख उदयवीर सिंह, प्रांत महिला प्रमुख सुशीला राजावत, सुधीर कुमार यादव, नागेंद्र सिंह, रोहित यादव, दीपेंद्र राठौर, चंद्रवीर, राहुल यादव मौजूद रहे।

# 8 घंटे देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची फरक्का

संवाददाता कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** फरक्का एक्सप्रेस गुरुवार को 8 घंटे देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची। वहीं सबसे अधिक परेशानी दूर दराज से ट्रेन पकड़ने आए यात्रियों को हुई। फरक्का एक्सप्रेस रात्रि अपने निर्धारित समय साढे 10 बजे के बजाय 8 घंटे की देरी से गुरुवार सुबह 6 बजे के बाद रेलवे स्टेशन पहुंची।वही दिल्ली , गाजियाबाद, अलीगढ़, फिरोजाबाद, टुंडला,, इटावा ट्रेन लेट होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेन लेट होने के चलते यात्री बसों और अन्य प्राइवेट वाहनों का सहारा लें रहे हैं। मालदा टाउन से दिल्ली होकर भटिंडा जाने वाली फरक्का एक्सप्रेस 8 घंटे की देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची। इसके कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे आधिकारी ट्रेन लेट होने के कारण से बचते नजर आए। यात्रियो का कहना है कि आए दिन ट्रेन के देरी से पहुंचने के कारण परेशानी हो रही है। यात्रियों को ट्रेन के समय की एडवांस सूचना भी दी जानी चाहिए।

वही चण्डीगढ़ से प्रायगराज जाने वाली ऊंचाहार एक्सप्रेस अपने समय से एक घंटे की देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची, यात्री कानपुर, उन्नाव, फतेहपुर, प्रयागराज जाने वाले यात्री परेशान हुए।इस संबध में स्टेशन अधीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया ट्रेनें लेट चल रही जिसकी जानकारी यात्रियों को माइक से अनाउंस करके समय समय पर दी जा रही है।

# इलेक्टोरल बांड को लेकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** कांग्रेस ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) मुख्य शाखा इटावा पर पॉलिटिकल इलेक्टोरल बांड को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में भाजपा की चुनावी बांड योजना को असंवैधानिक मानते हुए उस पर रोक लगा दी है। अदालत ने राजनीतिक दलों को इस योजना के तहत प्राप्त चंदे का खुलासा करने का निर्देश दिया है। साथ ही एसबीआई को चुनावी चंदे की पूरी जानकारी 6 मार्च से पहले सार्वजनिक करने और चुनाव आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया है लेकिन इसमें अब अधिक समय मांगा जा रहा है।

शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा कि चुनावी बांड योजना के प्राथमिक लाभार्थी होने के नाते सत्तारूढ़ दल भाजपा को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश सचिव मोहम्मद राशिद खान ने कहा भाजपा दानदाताओं के बारे में जानकारी सार्वजनिक होने के बाद चुनिंदा कॉर्पोरेट के साथ अपने संबंधों के संभावित जोखिम को लेकर चिंतित सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक पर जानकारी साझा न करने का दबाव डाला है। पीसीसी सदस्य कोमल सिंह कुशवाहा कहा कि देश के सबसे बड़े कंप्यूटरीकृत बैंक को चुनावी बांड के बारे में जानकारी के लिए 5 महीने के समय की आवश्यकता नहीं है। धरना प्रदर्शन में संजय दोहरे, कुसुम लता उपाध्याय, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा, युवा जिला अध्यक्ष सोजिब रिजवी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष आसिफ जादरान, विष्णुकांत मिश्रा, सरवर अली, अंसार अहमद, मिथिलेश शंखवार, मनीष मिश्र रहे।


स्टेट बैंक मुख्य शाखा पर प्रदर्शन करते कांग्रेसी। अमृत विचार

# मोटरसाइकिल खड्ड में गिरी युवक की मौत

**सहार, औरैया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बिधूना सहार मार्ग पर ग्राम नवादा धांधू के पास रामू उर्फ रामकुमार पुत्र बारेलाल चक उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम कीर्थुआ थाना करहल जनपद मैनपुरी का एक्सीडेंट सहार बिधूना रोड में गड्ढे में मोटरसाइकिल कूद जाने के कारण हो गया है जिसको उपचार के लिए सीएससी सहार लाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया राहगीरों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहर में भर्ती कराया जहां पर व्यक्ति मौत हो गई थाना अध्यक्ष कर विनोद कुमार ने बताया की अभी कोई तैयारी प्राप्त नहीं हुई है शरीर प्राप्त होने के बाद वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

# नगर पंचायत ने पानी की टंकी बनाने का प्रस्ताव किया पास

संवाददाता अछल्दा, औरैया


मौके पर मुआयना करतीं डीएम व एडीएम राजस्व। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पंचायत सभागार में बोर्ड की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा बजट पारित कर पानी की टंकी बनाने का प्रस्ताव पास किया गया। नगर पंचायत सभागार में बोर्ड की बैठक तिथि के तहत गुरुवार को नगर पंचायत के सदन की बैठक आहूत की गई, जिसमें लोकसभा चुनाव हेतु सामान्य निर्वाचन-2024 की आचार संहिता मार्च, 2024 में घोषित होने की पूर्ण सम्भावना होने के चलते वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुमानित आय-व्यय बजट कुल अनुमानित आय रू0 5,94,52,874.00 के सापेक्ष 5,99,30,000.00 अनुमानित व्यय का कुल रू0 4,77,126.00 घाटे का बजट स्वीकृत किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ रिंटू दुबे अधिशाषी अधिकारी विकास कुमार ने नगर पंचायत की आय में बढ़ोत्तरी करने के उपाय के अन्तर्गत नये आय स्त्रोत एवं वर्तमान में करों/अन्य आय की दरों में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में नगर पंचायत को जल संस्थान के करीब 40 वर्ष पूर्व स्थापित ओवर हैढ टैंक (पानी की टंकी) का नवनिर्माण कराने हेतु सम्बन्धित विभाग कों पत्राचार करने का प्रस्ताव पारित हुया। बैठक में वरिष्ठ लिपिक जयनारायण शाक्य, अमित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, राहुल यादव सहित समस्त सभाषद मौजूद रहे

# समाज के अंतिम छोर पर बैठा व्यक्ति भी न्याय का हकदार

**बिधूना औरैया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण औरैया के अध्यक्ष जिला जज गिरीश कुमार वैश्य , प्राधिकरण की सचिव स्वांतिचंद्रा के निर्देशन में तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत छछूंद के ग्राम सचिवालय में एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर शिविर में नायब तहसीलदार पीयूष साहू ने कहा कि प्राधिकरण के द्वारा समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को निशुल्क न्याय सुलभ कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आपस के मामलों को आपस में मिल बैठकर निपटाने को कहा ।कहा इससे आपस में कटुता का भाव नहीं रहता और प्रेम सौहार्द बना रहता है। उन्होंने राजस्व सम्बंधी योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी। पीएलवी रविन्द्र कुमार राजपूत ने ग्राम न्यायालय के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

# हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन

**सिपाही की हत्या का मामला**

कार्यालय संवाददाता, इटावा


डीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते ग्रामीण और परिजन।

**अमृत विचार।** छुट्टी पर आए सिपाही के हत्या के मामले में गुरुवार को सैंकड़ा ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। उन्होंने परिजनों की सुरक्षा की गुहार लगाई। एसएसपी ने परिजनों की सुरक्षा में दो सिपाही तैनात कर दिए हैं। एक अन्य फरार आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने का भरोसा दिया।

जानकारी के अनुसार मथुरा में तैनात 42 साल के सिपाही अनिल कुमार यादव छुट्टी लेकर एक मार्च की शाम को अपने घर सैफई थाना क्षेत्र गोवेपुरा खेतों से आलू खुदवाने के लिए आया हुआ था। रात में हुए मामूली विवाद के बाद ताऊ और उसके नाती ने मिलकर चाकू और फावड़ा से वार कर सिपाही अनिल कुमार की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद ताऊ दर्शन सिंह यादव और उसका नाती अभिषेक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। हत्या में प्रयुक्त किए गए फावड़ा को भी पुलिस ने बरामद कर लिया। वहीं ओमपाल सिंह पुत्र दर्शन सिंह सिपाही की हत्या के मामले में फरार चल रहा है। परिजन व ग्रामीण डीएम कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने सुरक्षा की मांग की।

**धर्म- अध्यात्म** | दसरौरा गांव में श्रीमद्भागवत कथा शुरू हुई

# कलश यात्रा के साथ ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ

कार्यालय संवाददाता, औरैया


कलशयात्रा में परीक्षित व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाग्यनगर ब्लाक के ग्राम दसरौरा गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महा शिवरात्रि से पूर्व गुरुवार को पुरुष व महिलाओं ,बुजुर्ग, युवाओ के द्वारा कलश शोभायात्रा निकालकर शुभारंभ हुआ। गुरुवार से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलशयात्रा के साथ शुरू हुई, कलश यात्रा कथा स्थल दसरौरा गांव से आरंभ होकर ढोल नगाड़े की धुन पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरकर गांव का भ्रमण कर पुनः यज्ञ स्थल पहुंची। यात्रा में आयोजको ने पीले वस्त्र धारण किए। मंगल कलशयात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। श्रीमद्भागवत महापुराण के पूजन के पश्चात वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ इस कथा के प्रथम दिन का शुभारंभ किया गया। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के भागवत प्रवक्ता वृंदावन से पधारे आचार्य श्री चंद्रेश जी महाराज की अगुवाई में प्रथम दिन श्रीमद्भागवत कथा का महात्म्य बताते हुए कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानव जाति तक पहुंचता रहा है। 'भागवत महापुराण' यह उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है जो वेदों से प्रवाहित होती चली आ रही है। इसीलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। परीक्षित अवधेश मिश्रा एडवोकेट ,सुरेश मिश्रा एडवोकेट, जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा, अतुल मिश्रा सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ने बताया कि भागवत कथा 13 मार्च को विश्राम होगी और 14 मार्च को हवन, भंडारा संपन्न होगा । उन्होंने भक्तजनों से कथा श्रवण करने की अपील की है। कलश यात्रा में शामिल होने वालो में गणेश मिश्रा, दिनेश ,बिमलेश, राजेश मिश्रा अपर जिला सहकारी अधिकारी इटावा, सर्वेश मिश्रा सहायक आयुक्त , शेखर, अमित, दीपक, अनुज सात्विक शाश्वत, शैलेश दीक्षित, सुशील बाजपेई, आशीष, शोभित दिक्षित, विपिन त्रिवेदी, भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश अवस्थी, अमित चतुर्वेदी आदि रहे।

# 2845 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी बोर्ड की परीक्षा

**इटावा।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं गुरुवार को भी कड़ी सुरक्षा के बीच कराई गईं। प्रथम पाली में हाईस्कूल के सामाजिक विज्ञान एवं इंटरमीडिएट के व्यावसायिक शिक्षा तथा द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के रसायन विज्ञान व सामाजिक विज्ञान की परीक्षा कराई गई। दोनो पालियों में कुल मिलाकर 2845 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। प्रथम पाली में 23524 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 22275 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 1814 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट में रसायन विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान के 16859 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 15828 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 1031 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल मिलाकर 2845 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जिला विद्यालय निरीक्षक रहे।

# 12.59 करोड़ से बनेगा पुल

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नें गुरुवार को चैनेज संख्या 303.35 पर सेंगर नदी पर सुरक्षात्मक कार्य हेतु सुरक्षित यातायात के लिए निर्देश दिया।बताते चलें कि इस राजमार्ग पर ककोर से जालौन सीमा तक सड़क फोरलेन चौड़ीकरण की ओर एक और कदम आगे बढ़ा दिया था। शुक्रवार को सड़क चौड़ीकरण के लिए चिचौली में सेंगुर नदी पर प्रस्तावित पुल के लिए शासनादेश जारी कर दिया था।

1259.90 लाख रुपये (12.59 करोड़ रुपए) की लागत से बनने । वाले पुल के लिए 629.95 (6.29 करोड़ रुपये) लाख रुपए अवमुक्त कर दिए है।

दो पड़ोसी जनपदों के जिला मुख्यालयों को फोर लेन से जोड़ने की योजना के तहत पीडब्ल्यूडी ने जालौन सीमा से लेकर ककोर तक विलरायां पनवाड़ी राजमार्ग को फोरलेन किए जाने का प्रस्ताव शासन में भेजा था।

> सेंगर नदी पर नया पुल बनाने के लिए शासनादेश जारी हो गया है और धनराशि भी अवमुक्त हो गई है। जल्द ही आचार संहिता लगने से पहले कार्यदाई संस्था सेतु निगम की ओर से निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।
>
> –अभिषेक यादव, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड

इसी परियोजना के तहत पांच दिसंबर 2023 को यमुना नदी पर 151 करोड़ रुपए से बनने वाले पुल के लिए शासनादेश जारी कर दिया। इसके लिए 22.69 करोड़ रुपये ककोर से औरैया तक सड़क फोरलेन किए जाने के लिए वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन अभी तक इसके लिए शासनादेश जारी न हो पाने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था।गुरुवार को मुख्यमंत्री के आदेश के बाद औरैया में यमुना नदी पुल एवं सेंगर नदी पर पुल के निर्माण के लिए शासनादेश जारी होने एवं धनराशि अवमुक्त होने के बाद अब लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही आचार संहिता लागू होने से पहले सड़क फोरलेन किए जाने के लिए शासनादेश जारी हो जाएगा। अब शासन ने चिचौली में सेंगर नदी पर एक टू लेन पुल के निर्माण के लिए शासनादेश जारी कर दिया है। शासनादेश के अनुसार सेंगर नदी पर सेतु एवं सुरक्षात्मक निर्माण कार्य हेतु कुल लागत 1259.90 लाख रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 629.95 लाख रुपये की राशि अवमुक्त कर दी गई है। इसके लिए सेतु निगम को कार्यदाई संस्था बनाया गया है। सेतु निगम अधिकारियों ने बताया कि सेंगुर नदी पर दिबियापुर से औरैया जाते समय दायीं और पुराना अनुपयोगी पुल बना हुआ है। इधर, अब कार्यदाई संस्था निर्माण शुरू करेगी।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,119.39 | 22,493.55 |
| बढ़त | 33.40 | 19.50 |
| प्रतिशत में | 0.05 | 0.09 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5600-5800 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3900-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14300-14500 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12200 |
| चनादाल | 7000-7100 |
| मटरदाल | 5000-5100 |
| मसूरमलका | 7050-7100 |
| मसूरदाल | 7150-7200 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1450-1500 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत

## अश्विनी वैष्णव ने नीति आयोग के कार्यक्रम में तीन नए आपराधिक कानूनों का किया जिक्र

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत को अपनी वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने औपनिवेशक दौर के कानूनों की जगह लेने के लिए बनाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को यह बात कही।

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के एक कार्यक्रम में वैष्णव ने कहा कि देश भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने के साथ आपराधिक न्यायशास्त्र में बदलाव का गवाह बनने जा रहा है। इन तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी जिसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी। ये तीनों कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा-इन कानूनों की तरह हमारी मौजूदा आवश्यकताओं और वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में भी बदलाव की जरूरत है।'' उन्होंने कहा, ''अगर आप 2,000 अच्छे वकीलों की सेवाएं लेते हैं तो आप अगले पांच वर्षों में लगभग 35,000 कानूनों में सुधार कर सकते हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में सरकार विनिर्माण क्षेत्र पर अधिक ध्यान देगी क्योंकि इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की व्यापक क्षमता है।

### नीति आयोग के डिजिटल बुनियादी ढांचा मंच की वैष्णव ने शुरुआत की



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के मंच नीति फॉर स्टेट्स'की शुरुआत की जो नीति और शासन के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है। संचार, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने नीति आयोग की इमारत में 'विकसित भारत रणनीति कक्ष' का भी उद्घाटन किया। यह कक्ष प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्दृष्टि, सूचना साझा करने का काम करेगा।

### आने वाले समय में भारत का मोबाइल फोन निर्यात पांच गुना हो जाएगा

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात आने वाले समय में पांच गुना से अधिक बढ़कर 50-60 अरब डॉलर हो जाएगा। वैष्णव ने बुधवार को एक वित्त-प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि देश में बने मोबाइल फोन का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में यह 50-60 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। पिछले साल लगभग 11 अरब डॉलर का मोबाइल निर्यात हुआ था। इसके साथ ही वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार भी 10 लाख के मौजूदा स्तर से बढ़कर 25 लाख हो जाएगा।

## सेंसेक्स 33 अंक चढ़कर नए शिखर पर, निफ्टी का भी रिकॉर्ड

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...नए शिखर पर पहुंच गए। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच धातु और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार नई ऊंचाई पर रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 33.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 74,119.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 159.18 अंक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19.50 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,493.55 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

## आरबीआई, बैंक इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल के लिए किया समझौता

मुंबई, एजेंसी





भारतीय रिजर्व बैंक और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

आरबीआई ने बयान में कहा कि सीमापार लेनदेन के लिए भारतीय रुपये और इंडोनेशियाई रुपैया (आईडीआर) के उपयोग को बढ़ावा देने को लेकर व्यवस्था बनाने के लिए यहां समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। यह व्यवस्था निर्यातकों और आयातकों को संबंधित घरेलू मुद्राओं में बिल और भुगतान करने की सुविधा देगी। इससे रुपया और इंडोनेशियाई मुद्रा के विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार के विकास में मदद मिलेगी।

आरबीआई ने कहा-स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन की लागत और निपटान समय कम होगा। एमओयू पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास और बैंक इंडोनेशिया के गवर्नर पेरी वारजियो ने हस्ताक्षर किये। आरबीआई ने कहा-समझौता ज्ञापन का उद्देश्य द्विपक्षीय रूप से रुपया और आईडीआर के उपयोग को बढ़ावा देना है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह सहयोग आरबीआई और बीआई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,950 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,8000-50,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,200 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

## वाहनों की खुदरा बिक्री में 13 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

- वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने फरवरी के जारी किए आंकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

फरवरी में यात्री और दोपहिया वाहनों समेत सभी खंडों में तगड़ी खरीदारी आने से देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पिछले महीने कुल 20,29,541 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 17,94,866 इकाई थी। यात्री वाहन खंड में पिछले महीने बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,30,107 इकाई हो गई, जो फरवरी, 2023 में 2,93,803 इकाई थी। 'फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन' (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने एक बयान में कहा, "फरवरी के महीने में यात्री वाहनों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई। नए उत्पादों की रणनीतिक पेशकश और वाहनों की उपलब्धता बढ़ने की इसमें अहम भूमिका रही।" पिछले महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 14,39,523 इकाई रही, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 12,71,073 इकाई थी।

## अमित शाह आज जारी करेंगे राष्ट्रीय सहकारिता डाटाबेस

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को सहकारिता केंद्रित आर्थिक मॉडल के विकास के लिए राष्ट्रीय सहकारिता 'डाटाबेस' जारी करेंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार, शाह राष्ट्रीय सहकारिता डाटाबेस, 2023 पर एक रिपोर्ट भी जारी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण 'सहकार से समृद्धि' को पूरा करने के लिए यह सहकारिता मंत्रालय का एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के तहत, मंत्रालय ने देश के विशाल सहकारी क्षेत्र के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करने के लिए एक मजबूत डाटाबेस की जरूरत को पहचाना है।

## मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

- 2023-24 के लिए करीब आठ प्रतिशत कर दिया

नई दिल्ली, एजेंसी





मूडीज रेटिंग्स ने पूंजीगत व्यय और घरेलू खपत में तेजी को देखते हुए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का अनुमान 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर करीब आठ प्रतिशत कर दिया। यह अनुमान आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के बयान के एक दिन बाद आया है।

बयान में उन्होंने कहा था कि तीसरी तिमाही के आधिकारिक जीडीपी आंकड़ों को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि आठ प्रतिशत के करीब हो सकती है। मूडीज का ताजा अनुमान नवंबर 2023 में जताए गए 6.6 प्रतिशत के अनुमान से 1.40 प्रतिशत अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया है। इसने पहली और दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी अनुमान को भी संशोधित कर क्रमशः 8.2 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत कर दिया है। जबकि पहले इसके 7.8 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत रहने की बात कही गयी थी।

मूडीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगा। इसकी वास्तविक जीडीपी वृद्धि मार्च, 2024 में समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में आठ प्रतिशत के आसपास रहेगी जो वित्त वर्ष 2022-23 में सात प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी पूंजीगत व्यय के साथ मजबूत घरेलू खपत भारत की आर्थिक वृद्धि को गति प्रदान करेगी।



## एक नजर

### बहस के बाद महिला यात्री को दिल्ली हवाई अड्डे पर उतारा गया

**नई दिल्ली।** लंदन जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान के 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही एक महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई, जिसके बाद उसे दिल्ली हवाई अड्डे पर उतार दिया गया। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक यह घटना पांच मार्च की है, जो उड़ान संख्या एआई 161 में हुई। उन्होंने बताया कि इस उड़ान की 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला वरिष्ठ कॉर्पोरेट कार्यकारी है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि 'बिजनेस श्रेणी' में यात्रा कर रही महिला की चालक दल के सदस्यों के साथ बहस हो गई थी। उन्होंने बताया कि इसकेबाद कैप्टन की सलाह पर उड़ान के रवाना होने से पहले महिला को विमान से उतार दिया गया।

### सत्ती किशोर बने सीबीसी के संयुक्त महानिदेशक

**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने आकाशवाणी में तैनात भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी सत्ती किशोर को केंद्रीय संचार ब्यूरो में संयुक्त महानिदेशक के पद पर स्थानांतरित किया है। सत्ती आकाशवाणी से पहले डीएवीपी में थे, जिसका नाम बदलकर अब केंद्रीय संचार ब्यूरो कर दिया गया है। उन्होंने गुरुवार को सूचना भवन स्थित सीबीसी में अपना पद भार ग्रहण कर लिया है।

# पीड़ित महिलाएं कोर्ट के समक्ष देंगी बयान

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने संदेशखालि की पीड़िताओं को शिकायतें लाने की दी अनुमति

कोलकाता, एजेंसी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता को आवेदन/हलफनामा के जरिए संदेशखालि की महिलाओं को अपनी शिकायतें अदालत के संज्ञान में लाने की अनुमति दे दी।

संदेशखालि में महिलाओं के साथ अत्याचार और जमीन कब्जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही खंडपीठ के समक्ष याचिकाकर्ता प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि इलाके की 80 महिलाएं सुनवाई में शामिल होना चाहती हैं और अपना-अपना अनुभव साझा करना चाहती हैं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली पीठ ने माना कि सभी 80 महिलाओं को अदालत में लाना मुश्किल होगा। इसके साथ ही टिबरेवाल को एक आवेदन/पूरक हलफनामा दायर करने की अनुमति दी, जिसके जरिए कथित पीड़िताएं अपनी आपबीती अदालत के रिकॉर्ड पर ला सकती हैं। इस पीठ में न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी शामिल हैं। अदालत ने निर्देश दिया कि पीड़ितों के बयान को उचित तरीके से सत्यापित किया जाना चाहिए और उनकी पहचान भी स्थापित होनी चाहिए। पीठ ने निर्देश दिया कि कथित पीड़ितों का बयान स्थानीय भाषा में होगा इसलिए याचिकाकर्ता को उसका अनुवादित प्रति अदालत के समक्ष रखना चाहिए। एक अन्य याचिकाकर्ता ने अदालत से जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग की।

### संदेशखालि जा रही भाजपा की महिला नेताओं को बाहरी इलाके में रोका गया

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भाजपा की प्रदेश इकाई की महासचिव अग्निमित्रा पॉल और लॉकेट चटर्जी के नेतृत्व में बृहस्पतिवार दोपहर संदेशखालि जा रहीं पार्टी की महिला नेताओं को कोलकाता के बाहरी इलाके 'न्यू टाउन' में ही रोक लिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी तीखी नोकझोंक भी हुई और महिला नेताओं ने उसी जगह धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जहां उन्हें रोका गया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें इस आधार अशांत संदेशखालि की ओर से बढ़ने से रोक दिया गया कि वहां (संदेशखालि) के कई हिस्सों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है।

### भाजपा संदेशखालि को लेकर गलत सूचना फैला रही : ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संदेशखालि की घटना को लेकर गलत सूचना फैला रही है। उन्होंने साथ ही दावा किया कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए देश में सबसे सुरक्षित राज्य है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल सरकार को महिला सुरक्षा पर 'भाषण' देने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा।





पुरी : रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी में महाशिवरात्रि उत्सव से पहले भगवान शिव की सुंदर मूर्ति बनाई। • एजेंसी

## संसद की सुरक्षा में चूक का मामला : पुलिस ने जांच पूरी करने के लिए और समय मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में अपनी जांच पूरी करने के लिए एक अदालत का रुख कर और समय देने का अनुरोध करते हुए कहा कि कुछ रिपोर्टों का इंतजार किया जा रहा है और डिजिटल डेटा विशाल मात्रा में है। दिल्ली पुलिस ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर से मामले की जांच पूरी करने के लिए और तीन महीने का समय देने का अनुरोध किया। न्यायाधीश ने अर्जी पर जेल में बंद आरोपियों नीलम आजाद, मनोरंजन डी, सागर शर्मा, ललित झा, अमोल शिंदे और महेश कुमावत को नोटिस जारी कर 11 मार्च तक जवाब मांगा है।

## हमारी सरकार बनने पर 30 लाख नौकरियां देंगे : राहुल

जयपुर, एजेंसी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले युवाओं एवं किसा नों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी तथा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी दी जाएगी।

वह अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस युवाओं के लिए पांच ऐतिहासिक काम करने जा रही है जिनमें भर्ती भरोसा, पहली नौकरी पक्की, पेपर लीक से मुक्ति, 'गिग इकॉनमी' में सामाजिक सुरक्षा और युवा रोशनी शामिल हैं। युवाओं को तीस लाख नौकरियां देने की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के युवाओं के लिए कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा परेशान है।

## अयोग्यता मामले में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय से मूल रिकॉर्ड तलब

**नआ दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के कार्यालय से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी उद्धव ठाकरे समूह की याचिका से जुड़े मूल रिकॉर्ड बृहस्पतिवार को मंगवाने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने 10 जनवरी को एक आदेश में जून, 2022 में विभाजन के बाद शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को मूल राजनीतिक दल घोषित किया था। उन्होंने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने के अनुरोध संबंधी ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था।

# कांग्रेस की बैठक में 60 सीटों पर चर्चा

- दिल्ली से जयप्रकाश अग्रवाल लवली एवं सुरेंद्र कुमार के नाम पर बनी सहमति
- राजधानी की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार तय करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक हुई जिसमें दिल्ली सहित कुल 60 सीटों पर चर्चा की गई। उत्तर पूर्वी दिल्ली से अरविंदर सिंह लवली, चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल एवं उत्तर पश्चिम दिल्ली से सुरेंद्र कुमार के नाम पर सहमति बन चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य की सीटों पर भी लगभग अंतिम फैसला हो चुका है। इसके अलावा दक्षिण भारत के राज्यों की सीटों पर ज्यादा विचार विमर्श चल रहा है।

इंडिया गठबंधन के तहत दिल्ली की 7 सीटों में चार सीटें आम आदमी पार्टी एवं तीन सीटें कांग्रेस को मिली हैं। जिसमें चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से पूर्व विधायक अलका लंबा एवं पूर्व सांसद जेपी अग्रवाल की प्रबल दावेदारी थी लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी में जेपी अग्रवाल के नाम को ज्यादा वजन दिया गया है। इसी तरह उत्तर पश्चिम दिल्ली (सुरक्षित) सीट से पूर्व सांसद उदित राज एवं बवाना के पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार सहित छह दावेदारों पर चर्चा की गई। इस सीट पर कांग्रेस ने एक सर्वे भी करवाया था जिसके तहत सुरेंद्र कुमार को 44 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है जबकि पांच दावेदारों को 56 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया था। इसी आधार पर स्क्रीनिंग कमेटी ने सुरेंद्र कुमार का नाम तय किया है।

उत्तर पूर्वी दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह लवली एवं रागिनी नायक के नाम पर विचार किया गया। अंत में लवली के नाम को अंतिम रूप दिया गया है। कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश की सीटों को लेकर भी अनौपचारिक चर्चा होती रही। अभी कोई नाम तय नहीं किया गया है।

## अभिजीत गंगोपाध्याय इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने मंगलवार को न्यायाधीश के पद से इस्तीफा देने के बाद वादा किया था कि वह उन लोगों की सेवा करने के लिए जीवन के एक बड़े क्षेत्र राजनीति में प्रवेश करने जा रहे हैं, जो न्याय प्राप्त करने के लिए अदालत तक नहीं पहुंच पाते हैं। पूर्व न्यायाधीश ने कहा कि मैं एक राष्ट्रीय पार्टी में शामिल होकर बहुत खुशी महसूस कर रहा हूं। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी में उनका स्वागत किया है।

# चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई के खिलाफ याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी

राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगने के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आवेदन को चुनौती देते हुए दो एनजीओ (गैर सरकारी संगठन) ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर की। याचिकाओं में आरोप लगाया गया कि जानबूझकर और मंशा के साथ शीर्ष अदालत के छह मार्च तक चुनावी बॉण्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मि ले चंदे की विस्तृत जानकारी निर्वाचन आयोग को मुहैया कराने के निर्देशों की अवज्ञा की गई।

### अवमानना याचिका

- दो एनजीओ ने निर्देशों की अवज्ञा का लगाया आरोप

दो एनजीओ द्वारा दायर याचिका में दावा किया कि एसबीआई ने जानबूझकर आखिरी क्षण में अर्जी दाखिल कर दलों द्वारा चुनावी बॉण्ड भुनाने की जानकारी देने के लिए 30 जून तक का समय मांगा ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि दानकर्ताओं और उनकी ओर से दान दी गई राशि की जानकारी आगामी लोकसभा चुनाव से पहले सार्वजनिक नहीं हो। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से अदालत में पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण की अवमानना कार्यवाही शुरू करने संबंधी दलीलों पर संज्ञान लिया। भूषण ने कहा कि एसबीआई की याचिका 11 मार्च को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध होने की संभावना है और अवमानना याचिका पर भी साथ में सुनवाई होनी चाहिए।

### 82.42% अज्ञात आय का संबंध चुनावी बॉण्ड सेः एडीआर

राष्ट्रीय दलों की 2022-23 के दौरान अज्ञात स्रोत से हुई आय में से 82 प्रतिशत का संबंध चुनावी बॉण्ड से है। यह खुलासा चुनाव अधिकार निकाय ने किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में जमा ऑडिट रिपोर्ट और दान संबंधी जानकारी का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि बड़े पैमाने पर उनका स्रोत अज्ञात रहा। एडीआर ने कहा कि वित्तवर्ष 2022-23 के लिए दाखिल वित्तीय रिपोर्ट का विश्लेषण करने पर खुलासा हुआ कि अज्ञात स्रोत से हुई कुल 1,832.88 करोड़ रुपये की आय में से 1510 करोड़ रुपये चुनावी बॉण्ड से प्राप्त हुए, जो कुल अज्ञात स्रोत से प्राप्त राशि का 82.42 प्रतिशत है। इस अध्ययन के लिए छह दलों की आय पर विचार किया गया जिनमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी (आप) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीईपी) शामिल है। एडीआर के मुताबिक भाजपा ने सबसे अधिक अज्ञात स्रोत से आय की जानकारी दी।

# गंभीर बीमारियों को एनएचपी में दें मान्यता

- जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से किया जवाब तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएचपी) के तहत 'पैलिएटिव केयर' (गंभीर बीमारियों का उपचार) मुहैया कराने का प्राधिकारियों को निर्देश देने संबंधी जनहित याचिका पर गुरुवार को केंद्र से जवाब तलब किया।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से न्यायालय में पेश हुई वरिष्ठ अधिवक्ता जयना कोठारी की इन दलीलों पर गौर किया कि 'पैलिएटिव केयर' को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए और इसे मान्यता दी जाए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'आप इस बात पर परमादेश (एक रिट) चाहते हैं कि पैलिएटिव केयर अनुच्छेद 21 के अंतर्गत आती है।

मुझे नहीं लगता कि आपको यह अनुरोध करने की आवश्यकता है। पैलिएटिव केयर का अधिकार स्वास्थ्य और जीवन के अधिकार का हिस्सा है। अनुच्छेद 21 मानव अस्तित्व के सभी पहलुओं को शामिल करता है। पीठ ने याचिका को उचित बताते हुए केंद्र से आठ सप्ताह में जवाब देने को कहा। उसने केंद्र से देश में पैलिएटिव केयर पर मौजूदा नीति की जानकारी देते हुए एक व्यापक जवाब दाखिल करने को कहा। कोठारी ने कहा कि इस समय देश में एक से दो प्रतिशत रोगियों को पैलिएटिव केयर मिलती है। जनहित याचिका में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया गया है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए विशेष चिकित्सा देखभाल को पैलिएटिव केयर कहते हैं।

## जर्मनी के जजों ने सुप्रीम कोर्ट में देखी कार्यवाही



जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के साथ पीठ साझा की। सीजेआई ने दोपहर में कार्यवाही की शुरुआत में कहा कि हम जर्मनी के संघीय संवैधानिक न्यायालय के न्यायाधीशों का स्वागत करते हैं। गौरतलब है कि आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली आए जर्मन न्यायाधीशों ने पीठ साझा की और न्यायिक कार्यवाही देखी।

## प्रधानमंत्री मोदी की बधाई पर शहबाज ने जताया आभार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुनः निर्वाचित होने पर बधाई के लिए गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

धांधली के आरोपों के बीच चुनाव के करीब एक महीने बाद उन्होंने आर्थिक संकट से जूझ रहे देश की बागडोर दूसरी बार संभाली है। शहबाज ने एक्स पर पोस्ट में कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई देने के लिए नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद। मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने शहबाज को पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहबाज शरीफ को बधाई।

# कैश ट्रांजेक्शन के नियम जानें नहीं तो मिलेगा आयकर नोटिस




अक्सर लोग टैक्स बचाने के लिए नकद में लेनदेन करते हैं। उन्हें लगता है कि आयकर विभाग को पता नहीं चलेगा लेकिन ऐसा नहीं है। बड़े कैश ट्रांजेक्शन हमेशा आयकर विभाग की नजरों में रहते हैं। किसी भी गलत लेनदेन पर इनकम टैक्स का नोटिस आ सकता है। आईए जानते हैं इसके के नियमों के बारे में...

### फिक्स्ड डिपॉजिट

जिस तरह बैंक खाते में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से ज्यादा पैसे जमा करने पर सवाल उठता है, वैसा ही एफडी के साथ भी होता है। अगर आप एक या एक से अधिक एफडी में एक वित्त वर्ष में 10 लाख रुपये से अधिक जमा करेंगे तो कोई शक होने पर आयकर विभाग आपसे पैसों के स्रोत को लेकर सवाल पूछ सकता है।

### बड़ी प्रॉपर्टी ट्रांजेक्शन

अगर आपने कोई प्रॉपर्टी खरीदते वक्त 30 लाख रुपये या उससे ज्यादा का कैश ट्रांजेक्शन कर दिया है तो प्रॉपर्टी रजिस्ट्रार इस बारे में आयकर विभाग को सूचना जरूर देगा. ऐसे में इतने बड़े ट्रांजेक्शन की वजह से आयकर विभाग पूछ सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

### क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान

अगर आपके क्रेडिट कार्ड का बिल 1 लाख रुपये या उससे अधिक हो जाता है और आप कैश में उसका भुगतान करते हैं तो भी आपसे पूछा जा सकता है कि पैसों का स्रोत क्या है। वहीं अगर किसी वित्त वर्ष में आप 10 लाख रुपये या उससे अधिक का भुगतान किसी भी तरीके से करते हैं तो आपसे आयकर विभाग सवाल कर सकता है कि आप पैसे कहां से लाए।

### बैंक खाते में कैश जमा करना

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के नियम के अनुसार अगर एक वित्त वर्ष में कोई 10 लाख रुपये या उससे ज्यादा कैश जमा करता है तो इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जाती है। यह पैसे एक या एक से अधिक खातों में जमा किए गए हो सकते हैं. अब क्योंकि आप तय सीमा से अधिक पैसे जमा कर रहे हैं तो आयकर विभाग आपसे इन पैसों के स्रोत के बारे में पूछ सकता है।

### शेयर, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदना



अगर शेयर, म्यूचुअल फंड, डिबेंचर या बॉन्ड खरीदने में बड़ी मात्रा में कैश का इस्तेमाल होगा, तो इससे भी आयकर विभाग सचेत हो जाता है। अगर कोई शख्स 10 लाख रुपये या उससे अधिक का ट्रांजेक्शन करता है तो इसकी जानकारी आयकर विभाग तक पहुंच जाती है। ऐसे में आयकर विभाग आपसे पूछ सकता है कि आप कैश कहां से लाए।

## एक नजर

### मिजोरम: 9.6 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**आइजोल।** असम राइफल्स के जवानों ने मिजोरम के चंपई जिले में 9.6 करोड़ रुपये की 1.3 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जबकि म्यांमार के एक नागरिक को गिरफ्तार किया। अर्द्धसैन्य बल के अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बल के जवानों ने मंगलवार को मिजोरम-म्यांमा सीमा के पास स्थित जिले के जोखावथर गांव में तलाशी अभियान चलाया और तस्कर के कब्जे से मादक पदार्थ जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। असम राइफल्स के अधिकारी ने कहा कि उन्होंने साबुन की पेटियों से मादक पदार्थ बरामद किया और म्यांमा के 35 वर्षीय नागरिक को गिरफ्तार कर लिया।



### नेपाल: महाशिवरात्रि से पहले साधु-संतों ने निकाली शिव बारात

**काठमांडू।** देवों के देव महादेव शिव शंकर के विवाह को लेकर मनाया जाने वाला पर्व महाशिवरात्रि आज मनाई जाएगी। इससे एक दिन पहले गुरुवार को नेपाल के काठमांडू स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में साधु-संतों ने शिव बारात निकाली। बता दें कि महाशिवरात्रि में श्रद्धालु उपवास, अनुष्ठान और प्रार्थना करके भगवान शिव को फल, फूल और दूध चढ़ाते हैं।

### मेक्सिको में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त तीन सैनिकों की मौत, तीन घायल

**मेक्सिको सिटी।** मैक्सिको की खाड़ी में नौसेना के एएस565 पैंथर हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन सैनिकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए जबकि दो अन्य लापता हैं। नौसेना ने गुरुवार को एक कहा, दुर्घटना में नौसेना के आठ सैनिक सवार थे, जबकि, तीन की मौत हो गई और तीन को बचा लिया गया है। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन लापता हैं। खोज अभियान जारी है। दुर्घटना के पीछे के कारणों की जांच जारी है।

### पोलैंड: किसानों ने यूक्रेन से अनाज आयात के खिलाफ किया हाईवे जाम

**वारसों।** पोलैंड में बुधवार को किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। यूक्रेन से अनाज आयात और यूरोपीय संघ की नीतियों के खिलाफ किसानों के समर्थन में छात्र और आम लोग भी उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने राजधानी बारसों में प्रधानमंत्री आवास की घेराबंदी कर दी है। किसानों के ट्रैक्टरों के साथ पहुंचने से वारसों की ओर जाने वाला हाइवे जाम हो गया। इस बीच, कई जगह पुलिस और प्रदर्शनकारी किसानों के बीच झड़पें हुई हैं। उग्र प्रदर्शनकारियों ने यूरोपीय संघ का झंडा भी जला दिया।

# सीमा पर समझौतों का उल्लंघन कर रहा चीन, जयशंकर की खरी-खरी

## जापान में विदेश मंत्री बोले- हिंद प्रशांत में शक्ति परिवर्तन से भविष्य में गंभीर असर होगा

टोक्यो, एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है और सीमा पर तनाव के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है। जयशंकर ने कहा कि चीन लिखित समझौते का उल्लंघन कर रहा है, जिसकी वजह से ही दोनों देशों के सैनिकों में 2020 में हिंसक झड़प हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान की राजधानी टोक्यो में रायसीना राउंड टेबल बैठक में शामिल हुए। इस दौरान वैश्विक ऑर्डर में आ रहे बदलाव पर उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में शक्ति परिवर्तन हो रहा है और जब क्षमताओं, प्रभाव और महत्वकांक्षाओं में बड़ा बदलाव होता है तो इसका रणनीतिक स्तर पर गंभीर असर होता है।

जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि 'अब आप इसे पसंद करें या नहीं, लेकिन यही सच्चाई है और आपको इससे डील करना पड़ेगा। चीजें बदल रही हैं और सभी को कोशिश करनी चाहिए कि चीजों को जितना हो सकते स्थायी रखा जाए। हालांकि बीते एक दशक में ऐसा नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए चीन के साथ हमारी 1975 से 2020 तक, करीब 45 वर्षों तक कोई हिंसक झड़प नहीं हुई, लेकिन 2020 में ये बदल गया।' विदेश मंत्री ने कहा कि 'हम कई चीजों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन देशों को अपने पड़ोसी देशों के साथ लिखित समझौतों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और आपने किया, जिससे दोनों देशों के रिश्तों और स्थायित्व और सच पूछिए तो आपकी नीयत पर सवालिया निशान लगता है।

### मेक इन इंडिया के माध्यम से नवीनीकरण को बढ़ावा मिला



टोक्यो में गुरुवार को अपने जापानी समकक्ष को भारतीय निर्मित उपहार भेंट करते जयशंकर।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने टोक्यो में ओआरएफ द्वारा रायसीना राउंडटेबल सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नए भारत के साथ लोगों की मानसिकता में भी बदलाव आ रहा है। सम्मेलन के दौरान एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो के माध्यम से जयशंकर ने संदेश दिया। उन्होंने कहा, जी20 की अध्यक्षता के दौरान हमने संरचनात्मक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने आगे कहा, ग्लोबल साउथ काफी हद तक उत्पादक से उपभोक्ता बनकर रह गया है। इस स्थिति में भारत की प्रतिक्रिया आत्मनिर्भर भारत बनने की ओर है। जयशंकर ने आगे बताया कि इसके लिए मेक-इन-इंडिया पहल है, जो न केवल हमारी अपनी, बल्कि दूसरों की जरूरतों पर भी ध्यान केंद्रित करती है। इससे भारत में व्यापार करना भी आसान होगा। नए भारत ने अपना 5-जी स्टैक बनाया। कोविड वैक्सिन की खोज खुद की और चांद के दक्षिणी ध्रुव पर भी उतरने में सफल रहा। केंद्रीय विदेश मंत्री ने कहा, सरकार मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, अटल टिंकरिंग लैब्स जैसी कई राष्ट्रीय पहलों के माध्यम से नवीनीकरण को बढ़ावा दे रही है।

## महाशिवरात्रि मनाने भारत से पाकिस्तान पहुंचे 62 हिंदू भक्त

**लाहौर।** पाकिस्तान में महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए 62 हिंदू बुधवार को वाघा सीमा के रास्ते भारत से लाहौर पहुंचे है। इवेक्यू ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने कहा कि महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए कुल 62 हिंदू तीर्थयात्री बुधवार को भारत से लाहौर पहुंचे।

आमिर हाशमी ने कहा कि ईटीपीबी द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि का मुख्य समारोह नौ मार्च को लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर चकवाल में ऐतिहासिक कटास राज मंदिर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वाघा में धार्मिक स्थलों के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद सलीम ने विश्वनाथ बजाज के नेतृत्व में आए हिंदुओं का स्वागत किया। तीर्थयात्री 10 मार्च को लाहौर लौटेंगे और 11 मार्च को वे कृष्ण मंदिर, लाहौर किला और लाहौर के अन्य ऐतिहासिक स्थानों का दौरा करेंगे। वे 12 मार्च को भारत लौटेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के श्री कटासराज मंदिर की तीर्थयात्रा के लिए रवाना होने से पहले भक्तों ने बुधवार को अमृतसर में दुर्गियाना मंदिर में दर्शन किए।

# भारत-पाकिस्तान में हों सार्थक-शांतिपूर्ण संबंध

- अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता बोले-दोनों देशों के बीच बातचीत का स्वागत करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने कश्मीर को लेकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि वाशिंगटन कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच "उत्पादक और शांतिपूर्ण वार्ता का स्वागत करेगा, लेकिन किसी भी तरह की बातचीत की रफ्तार क्या होगी, उसकी गुंजाइश क्या होगी और बातचीत का आधार क्या होगा, ये भारत और पाकिस्तान के बीच तय करने का मामला है।

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनके दूसरे कार्यकाल के लिए पद की शपथ लेने पर बधाई देने पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। यानि, अमेरिका ने साफ शब्दों में कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच आने से इनकार कर दिया है, जो पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि वो लगातार इस कोशिश में लगा था, कि अमेरिका, कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाए, जबकि भारत किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को नकारता है। मिलर ने कहा, हम, निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री के बयान का स्वागत करते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है और हम उनके बीच उत्पादक और शांतिपूर्ण संबंध देखना चाहते हैं।

### दोनों देश बातचीत का दायरा मिलकर करें तय

अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम भारत और पाकिस्तान के बीच सार्थक और शांतिपूर्ण बातचीत का स्वागत करेंगे, लेकिन किसी भी बातचीत की गति, दायरा और चरित्र भारत और पाकिस्तान को तय करना है। बता दें, शरीफ ने पदभार संभाला, पाकिस्तान के विशेषज्ञों ने कहा कि जटिल कश्मीर मुद्दे पर उनके बड़े मतभेदों के कारण उन्हें निकट भविष्य में पाकिस्तान और भारत के बीच संबंधों में तत्काल सुधार नहीं दिख रहा है।

## अदन की खाड़ी: पोत पर हमला, भारतीय नौसेना ने की मदद

**नई दिल्ली।** अदन की खाड़ी में मिसाइल हमले का शिकार बने बारबाडोस का ध्वज लगे एक मालवाहक जहाज के 21 चालक दल सदस्यों को भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने बचा लिया है। चालक दल के इन सदस्यों में एक भारतीय भी है।

नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने गुरुवार को बताया कि बारबाडोस का ध्वज लगे मालवाहक जहाज एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस पर बुधवार को अदन के दक्षिण पश्चिम में लगभग 55 समुद्री मील की दूरी पर कथित रूप से ड्रोन या मिसाइल से हमला किया गया था। इससे जहाज पर आग लग गई थी और चालक दल के कुछ सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# युद्धग्रस्त अफगान में आतंक से निपटने की जरूरत: रूचिरा



- बोलीं- वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो उद्देश्य, वही भारत का भी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा है कि वैश्विक समुदाय का अफगानिस्तान को लेकर जो समग्र उद्देश्य है, भारत की भी वही प्राथमिकताएं हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बुधवार को अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई, जिसमें भारतीय प्रतिनिधि ने कहा कि 'युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में आतंकवाद से निपटने की जरूरत है क्योंकि इसका सीधा असर हम पर होता है।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि हमारा उद्देश्य अफगानिस्तान में शांति, सुरक्षा और स्थायित्व स्थापित करना है। वैश्विक समुदाय के अफगानिस्तान को लेकर उद्देश्य हैं, वही भारत की प्राथमिकताएं हैं। जिनमें आतंकवाद से निपटना, समावेशी सरकार का गठन, महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा, नशे के खिलाफ लड़ाई और मानवीय मदद देना शामिल है। 18-19 फरवरी को कतर की राजधानी दोहा में अफगानिस्तान के मुद्दे पर बैठक हुई। इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस, भारत, कनाडा, चीन और जर्मनी, पाकिस्तान, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## रोमांच में जाम बना बाधा...



**मनाली :** बर्फ के रोमांच में यातायात जाम बाधा बन रहा है। हिमपात के बाद मनाली में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। गुरुवार को पर्यटकों की आमद बढ़ने से मनाली के पलचान क्षेत्र में भारी जाम लगा रहा। मनाली से 12 किलोमीटर का सफर तय करने में लगभग तीन घंटे से अधिक का समय लग रहा है। पर्यटक वाहनों की बढ़ी संख्या के आगे पर्यटन स्थल छोटा पड़ गया। ● एजेंसी

## मेक्सिको: विरोध कर रहे लोगों ने राष्ट्रपति भवन का गेट तोड़ा

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में 2014 में 43 छात्रों के लापता होने का विरोध करने वाले एक समूह ने देश के राष्ट्रपति भवन का दरवाजा खटखटाया। न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने राष्ट्रपति भवन का दरवाजा तोड़ दिया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारी लगभग एक दशक पहले लापता हुए 43 छात्रों के लिए न्याय की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने बुधवार को प्रदर्शन के दौरान मेक्सिको के राष्ट्रपति भवन का दरवाजा तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि जिस समय ये घटना हुई। उस समय राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल भवन अंदर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने भवन के अंदर घुसने की कोशिश की।

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने कहा, नई खोज में युवा तारों के आसपास हो रहा है ग्रहों का जन्म, लघु आकाशगंगा की तरह आते हैं नजर

# ग्रहों के जन्म को लेकर वेरी लार्ज टेलीस्कोप की नई खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने ग्रहों के जन्म की अद्भुत तस्वीरे कैद की हैं। यह खोज ग्रहों के निर्माण के अध्ययन में नई दिशा प्रदान करेगी। चिली स्थित वेरी लार्ज टेलीस्कोप के जरिए यह खोज हो पाई है। ग्रहों के जन्म को लेकर एक हद तक जानकारियां है, लेकिन अभी भी अनेक गूढ़ रहस्यों को समझना बाकी है। जिसके चलते वैज्ञानिकों का अध्ययन इस दिशा में उर्वरत जारी है।

अलबत्ता अब जो जानकारी मिली है, वह वैज्ञानिकों की अब तक की खोज से कुछ हटकर नजर आती है। जिसके चलते इस खोज को अहम माना जा रहा है। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार नई खोज में युवा तारों के आसपास ग्रहों का जन्म हो रहा है। नई तस्वीरें लघु आकाशगंगाओं की तरह दिखती हैं। मगर वास्तव मे मलवे के ढेर हैं। जिनका आकार आकाशगंगाओं की तरह नजर आता है। जिनमें धूल की मोटी परते शामिल होने के कारण इनके आकार बदलते रहते हैं। इस तरह की तस्वीरें पहले नही देखी गई थी और यही वजह है कि ये खगोलविदों के अध्ययन को नई राह व दिशा देती है। इससे बड़ी बात यह है कि यह खोज ग्रहों के जन्म की तस्वीर काफी हद तक साफ कर देगी। दुनिया की सबसे शक्तिशाली दूरबीनों से एक समय मे ली गई तस्वीरों का अभी तक का सबसे विशाल संग्रह है। जिसमें 80 से अधिक युवा सितारों और उनके ग्रह निर्माण के बाहरी आवरण यानी फ्रेम शामिल हैं। आयरलैंड स्थित गॉलवे विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

डॉ. क्रिश्चियन गिंस्की ने बयान दिया है कि यह वास्तव में हमारे अध्ययन के क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव है। अब हम अलग-अलग तारा प्रणालियों के गहन अध्ययन से लेकर संपूर्ण तारा-निर्माण क्षेत्रों के इस विशाल समूह के अवलोकन तक पहुंच गए हैं। यह युवा तारे और उनके नवोदित ग्रह आकाशगंगा में तीन प्रमुख तारा-निर्माण क्षेत्रों से आते हैं।

कुछ वृषभ यानी गिरगिट तारामंडल में गैस बादलों में रहते हैं, जो पृथ्वी से लगभग 600 प्रकाश-वर्ष दूर स्थित हैं, जबकि दूसरे लगभग 1600 प्रकाश वर्ष दूर ओरियन गैस के बादल से आते हैं।




ग्रहों के जन्म की नई तस्वीरें।

### 5 हजार से अधिक बाहरी ग्रहों की हो चुकी है खोज

बाहरी ग्रहों की खोज के क्षेत्र में मानव एक लंबा मार्ग तय कर चुका है। 1990 के दशक से अब तक अंतरिक्ष व पृथ्वी आधारित दूरबीनों द्वारा 5000 से अधिक एक्सोप्लैनेट यानी बाहरी ग्रहों को खोजा जा चुका है, जो अपने सूर्य की परिक्रमा करते हैं। जिससे यह पता चलता है कि कुछ ग्रह प्रणालियां हमारे सौर मंडल से बिल्कुल अलग दिखती हैं। इसलिए खगोलविद अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन से कारक हैं, जो ग्रह-निर्माण के परिणामों को प्रभावित करते हैं। ज्ञातव्य हो कि जिन क्षेत्रों में तारे बनते हैं, वे न केवल दूर हैं, बल्कि आमतौर पर धूल से भी ढके रहते हैं। वैज्ञानिक ऐसी कई खोजों को लेकर हमेशा अग्रसर रहते हैं।

# कई देशों के घुसपैठियों को निकालेगा फ्रांस

- इराक, पाकिस्तान समेत 10 देशों के लोग हैं शामिल, बीते साल 38 हजार को किया था निर्वासित

पेरिस, एजेंसी

यूरोपीय देश अवैध तरीके से आने वालों को रोकने के लिए सख्ती कर रहे हैं। ब्रिटेन रवांडा शरणार्थी प्रक्रिया शुरू कर चुका है। फ्रांस तो इस मामले में और सख्त हो गया है। वहां इसी महीने शरण के नाम पर अवैध रूप से रहने वाले 23 हजार लोगों को देश से निकाला जाएगा।

इसमें सीरिया, इराक, पाकिस्तान समेत कुछ एशियाई और अफ्रीकी देशों जैसे मोरक्को, ट्यूनीशिया, लीबिया, मिस्र समेत 10 देशों के लोग शामिल हैं।

फ्रांस सरकार ने इस कड़ी में कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को फ्रांस सरकार ने कहा है कि, कार्रवाई फ्रांस में कट्टरता बढ़ने और अगस्त में होने जा रहे ओलिंपिक खेलों की तैयारी की बजह से की जा रही है। बीते साल ही फ्रांस ने 38 हजार लोगों को निर्वासित किया था। यह फ्रांस में रह रहे थे। इनमें ज्यादातर घुसपैठ करने वाले थे। दरअसल, घुसपैठ पर लगाम लगाने के लिए इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व वाली सरकार ने आव्रजन बिल पास कराया है। इसका विपक्ष ये कहकर विरोध कर रहा है कि भले मैक्रों ने कानून पारित करा लिया, पर उदार लोकतंत्र के र रक्षक वाले देश की छवि पर दाग लग गया है। जनवरी में घोषित कानून को वामपंथी विपक्ष द्वारा नस्लवादी बताया गया था, लेकिन धुर दक्षिणपंथी रैसेम्बलमेंट नेशनल (आरएन, आईडी) संसदीय समूह की अध्यक्ष मारिन ली पेन ने इसे 'वैचारिक जीत' माना। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कानून पूरे यूरोप में प्रवासन नीतियों को सख्त करने के लिए लाया गया है। बता दें कि नेशनल असेंबली में बहुमत की कमी के चलते मैक्रों को धुर दक्षिणपंथी धड़े से चुनौती मिल रही है। वह बिल पास कराने के लिए सरकार के बाहर के दलों पर भी निर्भर हैं। नए कानून के तहत प्रवासियों के लिए परिवार के सदस्यों को फ्रांस लाना और मुश्किल होगा। फ्रांस निर्वासन में बड़े पैमाने पर बदलाव कर रहा है। इसके तहत यूरोपीय मानवाधिकार न्यायालय उनके मामलों की सुनवाई करने से पहले ही घुसपैठ करने वालों को निर्वासित कर सकता है।

### कट्टरपंथ से जुड़े दंगे, आतंकी हमले भी बढ़ने लगे

फ्रांस सरकार ने कहा है कि, हाल में कट्टरपंथ से जुड़ी घटनाएं हुई हैं। दिसंबर में पेरिस में हमलावर ने चाकू मारकर जर्मन पर्यटक की हत्या कर दी थी। हमलावर अफगानिस्तान और गाजा में मुसलमानों की मौत को लेकर गुस्से में था। 13 अक्टूबर को अर्थस के स्कूल में चाकू से हमले में एक शिक्षक की मौत हो गई थी। जून में एक सीरियाई नागरिक ने अल्पाइन में चार बच्चों को जख्मी कर दिया था।